02 अगस्त, 2025
श्रावण, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 283

मानसून सत्र : कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष











## राष्ट्रपति आइआइटी-आइएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह में हुईं शामिल

# ज्ञान को व्यक्तिगत उन्नति तक सीमित न रखें: द्रौपदी मुर्मू

- 1,880 विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में डिग्रियां प्रदान की गयीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को धनबाद में आइआइटी-आइएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अपने ज्ञान को केवल व्यक्तिगत उन्नति तक सीमित न रखें, बल्कि इसे जनकल्याण का माध्यम बनायें। अपने ज्ञान का उपयोग एक अधिक सशक्त और न्यायपूर्ण भारत के निर्माण में करें, जहां प्रगति के अवसर सभी के लिए उपलब्ध हों। ज्ञान का उपयोग एक हरित भारत के निर्माण में करें, जहां विकास प्रकृति की कीमत पर नहीं, बल्कि उसके साथ सामंजस्य बिठाकर हो। उन्होंने कहा कि भविष्य में वे जो भी करें, उसमें उनकी बुद्धिमत्ता के साथ-साथ उनकी सहानुभूति, उत्कृष्टता और नैतिकता भी झलकनी चाहिए। केवल नवोन्मेषण ही नहीं, बल्कि करुणा से प्रेरित नवोन्मेषण विश्व को बेहतर बनाता है। उन्होंने सभी उपाधि और पदक प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई दी और कहा कि दीक्षांत समारोह जीवन के नये अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है।



**विशिष्ट संस्थान है आइआइटी-आइएसएम:** राष्ट्रपति ने कहा आइआइटी-आइएसएम एक विशिष्ट संस्थान है। बीते करीब 100 वर्षों में खनन और भूविज्ञान के क्षेत्र से आगे बढ़ते हुए शिक्षा और शोध का एक बड़ा केंद्र बना लिया है। उन्होंने संस्थान की इस बात के लिए सराहना की कि यहां शिक्षा और नवाचार को समाज की जरूरतों से जोड़ने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान समाज के लिए काम कर रहा है। आदिवासियों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस चला रहा है। यहां पर जनजातीय युवाओं, महिलाओं को कौशल विकास के तहत दक्ष किया जा रहा है।

### विकसित भारत 2047 का लक्ष्य

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने छात्रों से इस विकास यात्रा के अग्रदूत बनने का आह्वान किया। उन्होंने जोर दिया कि विकसित भारत का अर्थ है एक ऐसा राष्ट्र जहां प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर, गरिमा और बेहतर जीवन स्तर प्राप्त हो। आपकी शिक्षा केवल तकनीकी उत्कृष्टता तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि राष्ट्र निर्माण से जुड़ी होनी चाहिये।

### विश्व जलवायु परिवर्तन पर मार्गदर्शन महत्वपूर्ण

राष्ट्रपति ने कहा कि देश और विश्व जलवायु परिवर्तन और संसाधनों की कमी से लेकर डिजिटल व्यवधान और सामाजिक असमानता तक, कई जटिल और तेजी से बदलती चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में, आइआइटी-आइएसएम जैसे संस्थान का मार्गदर्शन और भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने आइआइटी-आइएसएम से नए और स्थायी समाधान खोजने में अग्रणी भूमिका निभाने का आग्रह किया।

### 37 छात्रों को मिला गोल्ड मेडल

इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार,केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और झारखंड सरकार में उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने डिग्री पाने वाले विद्यार्थियों को बधाइ दी। उन्होंने कहा कि आइआइटी (आइएसएम) ने अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में नयी ऊंचाइयों को छुआ है। संस्थान की सामाजिक जिम्मेदारी की सराहना की। ऊर्जा, पर्यावरण और खनिज संसाधनों के संतुलित प्रबंधन की दिशा में संस्थान की भूमिका को अहम बताया और शिक्षा को समावेशी बनाने की जरूरत पर बल दिया। समारोह में 1,880 विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में डिग्रियां प्रदान की गयीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 37 गोल्ड मेडल, 35 सिल्वर मेडल, और 21 स्पांसरशिप आधारित मेडल एवं अवॉर्ड भी दिये गये। समारोह की शुरुआत में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन प्रो प्रेमव्रत ने राष्ट्रपति का स्वागत और सम्मान किया। संस्थान के निदेशक प्रो सुकुमार मिश्रा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें संस्थान की शैक्षणिक, शोध और सामाजिक उपलब्धियों का विवरण दिया गया।









# विधानसभा का मानसून सत्र शुरू

## अध्यक्ष ने कहा, सदन लोकतंत्र की महान परंपरा का अंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया है। सत्र 7 अगस्त तक चलेगा। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने सदन को संबोधित करते हुए बताया कि इस दौरान कुल पांच कार्य दिवस होंगे और 4 अगस्त को वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। सत्र के पहले दिन दिवंगत प्रतिष्ठित व्यक्तियों के लिए शोक प्रकाश के साथ दो मिनट का मौन रखा गया। अध्यक्ष ने मानसून सत्र के लिए विधायक स्टीफन मरांडी, सीपी सिंह, निरल पूर्ति, रामचंद्र सिंह और नीरा यादव को सभापति मनोनीत किया है। संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सरकार द्वारा दिये गये आश्वासनों पर एटीआर रखा। स्पीकर ने भाजपा के विधायक नवीन जायसवाल को पार्टी के मुख्य सचेतक, राज सिन्हा और नागेंद्र महतो को सचेतक के रूप में मान्यता प्रदान की। बजट सत्र से लेकर अब तक जिन प्रतिष्ठित व्यक्तियों का निधन हुआ है, उनके लिए शोक प्रकाश के साथ दो मिनट का मौन रखा गया। विधानसभा की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।



### सपनों के सच होने का नाम है लोकतंत्र : रबींद्रनाथ महतो

इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि सपनों के सच होने का नाम है लोकतंत्र, जहां जनता की आवाज ही ईश्वर की वाणी है। इस सत्र में प्रथम अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया जायेगा, जो न केवल राज्य की वित्तीय आवश्यकता की पूर्ति करेगा, बल्कि सामाजिक कल्याण, संरचनागत विकास और शिक्षा-स्वास्थ्य क्षेत्र में नयी गति भी देगा। रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि लोकतंत्र तभी फलता-फूलता है, जब उसके प्रहरी यानी हम सब अपने कर्तव्यों को ईमानदारी और संवेदनशीलता से निभाते हैं। लोकतंत्र केवल शासन प्रणाली नहीं, बल्कि जनआस्था का प्रतीक है। इस सत्र में विरोधी दल के मुख्य सचेतक एवं दो सचेतक मिल रहे। इस सदन को पूर्व में सत्ता दल के मुख्य सचेतक, उप मुख्य सचेतक और सचेतक मिल चुके हैं। उम्मीद है कि सचेतक मंडली संवाद और समन्वय को और अधिक प्रभावी बनायेंगे। उन्होंने गुरुजी शिबू सोरेन के स्वास्थ्य पर चिंता जाहिर की और उनके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की।






# कांके रिजॉर्ट के मालिक सहित दस पर प्राथमिकी दर्ज

## कांके जमीन घोटाला मामले में सीआइडी ने की कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी के बाद अब झारखंड पुलिस की सीआइडी ने भी कांके में जमीन घोटाला मामले की जांच तेज कर दी है। सीआइडी ने 30 जुलाई को प्राथमिकी दर्ज कर कांके रिजॉर्ट के मालिक ब्रजेश कुमार सिंह, जमीन माफिया कमलेश कुमार, राजेश लिंडा, उमेश टोप्पो, शंकर कुजूर सहित दस को नामजद आरोपित बनाया है। सीआइडी ने यह प्राथमिकी कांके थाना क्षेत्र के चामा निवासी घोड़े उरांव की शिकायत पर जांच के बाद दर्ज की है। पूरा मामला जमीन की प्रकृति बदल कर गैर-आदिवासियों के साथ जमीन की खरीद-बिक्री से संबंधित है। कांके रिजॉर्ट के मालिक बीके सिंह पर एक साजिश के तहत कांके अंचल के पदाधिकारियों-कर्मियों की मिलीभगत से जमीन हड़पने का आरोप है। इस मामले में पूर्व में कांके थाने में भी प्राथमिकी दर्ज हुई थी, जिसमें रांची पुलिस ने तीन आरोपितों को जेल भेजा था। जमीन घोटाला केस में मनी लांड्रिंग के तहत जांच के क्रम में इडी ने कांके में बड़े पैमाने पर जमीन की प्रकृति बदलकर, जाली दस्तावेजों के आधार पर खरीद-बिक्री मामले का खुलासा किया था। इडी के खुलासे के बाद ही झारखंड पुलिस ने भी समानांतर जांच शुरू की थी और आइजी सुदर्शन मंडल के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन किया गया था। इसी एसआइटी के पास कांके के चामा निवासी घोड़े उरांव ने लिखित शिकायत की थी। उन्होंने शिकायत की थी कि आरोपित उमेश टोप्पो औ अन्य ने अंचल कार्यालय के कर्मचारियों से साठगांठ कर उनकी जमीन की प्रकृति को बदला। जाली दस्तावेजों पर जमीन की खरीद-बिक्री कर दी। सीआइडी ने शिकायतों की जांच की तो प्रथमदृष्ट्या मामले को सत्य पाया और इसके बाद पूरे प्रकरण में प्राथमिकी दर्ज की। पांच एकड़ जमीन के फर्जीवाड़ेकी जांच से शुरू हुई यह घोटाला 200 एकड़ से अधिक जमीन तक फैल गया। इसमें कई पीड़ितों ने भी इडी और अन्य जांच एजेंसियों से शिकायत की है।






आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 02 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


# फैसले ने साफ कर दिया कि आतंकवाद का धर्म नहीं होता

## ■ मालेगांव ब्लास्ट मामले में फैसले से फिर कायम हुई सनातन की श्रेष्ठता

## ■ बड़ा सवाल: क्या हिंदू होना ही साध्वी प्रज्ञा, कर्नल पुरोहित और मेजर उपाध्याय का दोष

**आजाद सिपाही विशेष**

**मालेगांव ब्लास्ट केस के सभी सात आरोपी बरी कर दिये गये हैं। अपने फैसले में स्पेशल एनआइए कोर्ट ने कहा है कि कोई भी सबूत विश्वसनीय नहीं है। अदालत ने अभिनव भारत संस्था को भी मालेगांव ब्लास्ट के आरोपों से बरी कर दिया। ये सिर्फ प्रज्ञा ठाकुर और कर्नल प्रसाद पुरोहित के लिए ही राहत की बात नहीं है, बल्कि स्पेशल कोर्ट के फैसले के प्रभाव का दायरा काफी बड़ा है, क्योंकि यह मामला महज एक ब्लास्ट से कहीं आगे बढ़कर 'भगवा आतंक' के उदाहरण के रूप में प्रोजेक्ट किया जा रहा था। यह तब की बात है, जब महाराष्ट्र में कांग्रेस और केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार थी। महाराष्ट्र में बम विस्फोट और आतंकवादी हमलों की कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन मालेगांव ब्लास्ट के बाद भगवा आतंक बताकर हिंदूवादी संगठनों को राजनीतिक रूप से निशाना बनाया गया। मालेगांव केस पर आये फैसले ने एक बार फिर बीजेपी और कांग्रेस को आमने-सामने ला दिया है। यह फैसला जहां बीजेपी को हिंदू विरोधी राजनीति पर हमले का मौका दे रहा है, वहीं इसने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को बचाव की मुद्रा में ला दिया है। स्पेशल कोर्ट ने माना है कि यह घटना समाज के खिलाफ एक गंभीर अपराध थी, लेकिन कानून में सजा देने के लिए सिर्फ नैतिक आधार नहीं, मजबूत सबूत भी जरूरी होते हैं। कोर्ट के मुताबिक, आरोपियों के खिलाफ भरोसा करने लायक और पुख्ता सबूत नहीं मिला है, इसलिए सभी को बरी किया जाता है। अदालत ने साफ तौर पर कहा है कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, क्योंकि कोई भी धर्म हिंसा की इजाजत नहीं देता। कोर्ट का यह बयान धर्म और राजनीति, दोनों के लिहाज से बेहद अहम है। जाहिर है, यह फैसला सिर्फ प्रज्ञा ठाकुर ही नहीं, बल्कि हिंदुत्व की राजनीति करने वाले सभी नेताओं के लिए महत्वपूर्ण है। देखा जाये तो यह फैसला मौजूदा माहौल में बीजेपी के हिंदुत्व के एजेंडे के अनुकूल तो है ही, साथ ही सनातन की श्रेष्ठता को भी साबित करता है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या हिंदू होना ही साध्वी प्रज्ञा, कर्नल पुरोहित और मेजर उपाध्याय का दोष था और इस सवाल का जवाब दे रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

मालेगांव ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की विशेष अदालत ने 31 जुलाई 2025 उन सातों आरोपितों को बरी कर दिया, जिनके नाम का इस्तेमाल करके कभी यूपीए सरकार ने 'भगवा या हिंदू आतंकवाद' के नैरेटिव को गढ़ने का प्रयास किया था। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए उस बाइक वाली थ्योरी को भी खारिज किया, जिसके आधार पर हिंदू संत और सेना से जुड़े लोग निशाने पर लिये गये थे। कोर्ट ने साध्वी प्रज्ञा, कर्नल पुरोहित, मेजर (रिटायर्ड) रमेश उपाध्याय, समीर कुलकर्णी, अजय रहीरकर, सुधाकर चतुर्वेदी और सुधाकर द्विवेदी के खिलाफ सबूतों की कमी बतायी। स्पेशल जज एके लाहोटी ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष कोई ठोस सबूत पेश करने में नाकाम रहा और सबूतों में कई असंगतियां हैं। कोर्ट ने 'हिंदू आतंकवाद' की थ्योरी को सिरे से खारिज करते हुए जोर दिया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन दोषसिद्धि नैतिक आधार पर नहीं, बल्कि ठोस सबूतों पर होनी चाहिए। स्पेशल जज एके लाहोटी ने पांच सौ पेज से ज्यादा के अपने फैसले में विस्तार से बताया कि अभियोजन पक्ष ने केस को साबित करने में कई गलतियां कीं। उन्होंने कहा, पूरी जांच के बाद यह साफ है कि अभियोजन कोई ठोस सबूत लाने में विफल रहा है। सबूतों में कई असंगतियां हैं। इसलिए सभी आरोपितों को संदेह का लाभ मिलना चाहिए।

### हिंदुत्व को बदनाम करने के लिए छांटे गये तीन नाम

29 दिसंबर 2008, यानी ब्लास्ट वाले दिन और 31 जुलाई 2025, यानी फैसले वाले दिन के बीच 16 साल 10 महीने (लगभग 17 साल) बीत चुके हैं। इस लंबे अंतराल में निर्दोषों के साथ क्या-क्या हुआ, ये सोच भी रूह कंपाने वाली है। केस में तीन ऐसे नाम हैं, जिनके साथ अत्याचार की हर हदें पार की गयीं। ये तीन नाम- साध्वी प्रज्ञा, मेजर रमेश उपाध्याय और लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीकांत प्रसाद पुरोहित के हैं। केस की जांच के नाम पर राज्य एटीएस ने इन बेगुनाहों को न केवल मानसिक तौर पर प्रताड़ित किया, बल्कि इन्हें शारीरिक यातनाएं भी दीं। इन्हें इतना तड़पाया गया कि साध्वी प्रज्ञा को तो वेंटिलेटर तक पर जाना पड़ा था और मेजर उपाध्याय को सरेआम धमकी मिलती थी कि उनकी बेटी का रेप हो जायेगा। वहीं कर्नल पुरोहित को 'देशद्रोही' साबित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाया गया। आज जब ये सारे लोग अदालत की नजर में भी बेगुनाह साबित हो चुके हैं, तो यह जानना जरूरी है कि जांच के नाम पर इन 'हिंदुओं' को कैसे निशाना बनाया गया था।

### जांच के दौरान तीनों पर बरपाया गया कहर

साध्वी प्रज्ञा की बात करें, तो वह कई बार इस मामले में अपना दर्द साझा करके भावुक हो चुकी हैं। वह वो दर्दनाक समय को नहीं भुला पातीं, जब जेल के भीतर उन्हें तरह-तरह से प्रताड़ित किया गया था। उनके अनुसार, इस केस में हिरासत में लिये जाने के बाद पुरुष कैदियों के साथ रखकर पोर्न वीडियो दिखाये जाते थे और भद्दे सवाल होते थे। इसके अलावा कथिततौर पर 4-5 पुलिसकर्मी लगाकर उन्हें मारा जाता था। उनकी पिटाई चमड़े की बेल्ट से होती थी। उनको बिना किसी सबूत के भगवा आतंकी कहा जाता था। उन पर इतने अत्याचार होते थे कि उनकी हालत खुद के पांव पर चलने लायक नहीं बची थी। उनकी रीढ़ की हड्डी में समस्या आ गयी थी और उन्हें वेंटिलेटर पर जाना पड़ा था। इसके अलावा साध्वी प्रज्ञा ने ये भी बताया था कि इन्हीं सबके कारण उन्हें कैंसर और न्यूरो की बीमारी हो गयी थी और उनके शरीर में पस पड़ गया था।



### मेजर की पत्नी को नंगा घुमाने, बेटी का रेप करने की धमकी

मेजर रमेश उपाध्याय ने भी अपने बारे में बताया था कि मालेगांव ब्लास्ट में कांग्रेस की यूपीए सरकार ने उनको फंसाया था। हिरासत में लिये जाने के बाद एटीएस उनके साथ बर्बरता करती थी। उन्हें धमकी दी जाती थी कि पत्नी को नंगा घुमाया जायेगा, बेटी का रेप किया जायेगा, बेटे का जबड़ा तोड़ दिया जायेगा। इसके अलावा उनके मकान मालिक तक को उनके खिलाफ भड़काया गया कि आतंकी को क्यों रख रहे हो, जिसके कारण उनके परिवार के सिर से छत छिन गयी। उनकी शादीशुदा बेटियों के घरों पर दबिश दी गयी। हर वो हालात पैदा कर दिये गये कि वो कैसे भी वो जुर्म कबूलें, जो उन्होंने किया ही नहीं। प्रशासन उन्हें इस कदर इस मामले में दोषी बनाना चाहता था कि मेजर का नार्को टेस्ट भी कराया। हालांकि जब उसमें उन्हें क्लीन चिट मिल गयी, तो ये बर्दाश्त नहीं हुआ और रिपोर्ट को दबा दिया गया।

### लेफ्टिनेंट कर्नल का तोड़ दिया गया पैर

इसी तरह प्रताड़ना की कहानी भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीकांत प्रसाद पुरोहित की है। मालेगांव ब्लास्ट केस में राज्य एटीएस ने कथित तौर पर कर्नल पुरोहित को फंसाने के बहुत प्रयास किये। ये जानते हुए कि जिस समय ब्लास्ट हुआ था, उस वक्त वो अपने मिशन पर थे, उन्हें हिरासत में लिया गया और देशद्रोही घोषित करने की कोशिश हुई। बाद में उन पर दबाव बनाया गया कि वो पूछताछ में आरएसएस और विहिप नेताओं का जबरन नाम लें, ताकि हिंदू आतंकवाद की थ्योरी सही साबित हो सके। जब उन्होंने ऐसा नहीं किया, तो उनका पैर तोड़ा गया, उन्हें अवैध रूप से हिरासत में रखा गया, उन्हें नंगा करके मारा गया, उनके प्राइवेट पार्ट पर हमला किया गया, उन्हें बाल से नोचा और खींचा गया।

### सब कांग्रेस के वोटबैंक का खेल था

मालेगांव ब्लास्ट के इस पूरे मामले में भगवाधारी साध्वी प्रज्ञा या सेना की वर्दी वाले कर्नल पुरोहित-मेजर उपाध्याय जैसे लोग निशाने पर क्यों लिये गये, यह समझना अब कोई कठिन नहीं है। धमाका मस्जिद के पास हुआ था। कांग्रेस ने इसे अपने वोटबैंक के लिए जमकर भुनाया। रैली कर करके हिंदुओं को आतंकवादी कहा गया। जब सवाल उठे कि ये किस आधार पर दावे हो रहे हैं, तो खुद को सही साबित करने के लिए यूपीए सरकार में फंसाये गये सात निर्दोष, जिन्हें तरह-तरह की यातना देकर मजबूर किया गया कि वो मानें कि ब्लास्ट में उनका हाथ था। इनमें निर्दोष संत और सेना से जुड़े लोग थे।

### 'द हिंदू टेरर' किताब भी अहम

पूर्व नौकरशाह आरवीएस मणि ने कांग्रेस के दौर में गृह मंत्रालय में एक अंडर-सेक्रेटरी के रूप में काम किया था। अपनी पुस्तक 'हिंदू टेरर' में मणि ने संपूर्ण मिलीभगत का वर्णन किया हुआ है। उन्होंने बताया है कि किन-किन खिलाड़ियों ने 'भगवा आतंक' की कहानी गढ़ने के लिए मिलीभगत की और कैसे कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता से लेकर कई अन्य लोग इस साजिश में शामिल थे। वहीं कोर्ट में भी गवाहों ने यह जानकारी दी थी उनके ऊपर हिंदू नेताओं को फंसाने के लिए दबाव डाला गया था। ये जानकारी चौंकाने वाली थी, लेकिन जब तक ये सच सामने आया, तब तक कांग्रेस के तुष्टिकरण का शिकार 'निर्दोष' हो चुके थे। कांग्रेस ने देश की सेना के कर्नल पुरोहित, मेजर रमेश उपाध्याय और भगवाधारी साध्वी प्रज्ञा का इस्तेमाल ये फैलाने के लिए किया कि उनकी हिंदू आतंकवाद की थ्योरी एकदम सही है।

आज कोर्ट ने जो फैसला दिया है, उससे न तो वो लोग खुश हैं, जिनका मकसद हिंदुत्व को बदनाम करने का रहता है और न ही वो लोग, जिन्हें कुछ भी कर-के हिंदुत्व को आतंकवाद का पर्याय बताना था। 2008 के उस दौर में इस मालेगांव ब्लास्ट के बाद एक तरफ मुस्लिमों को रैलियों के दौरान ये बताकर खुश किया जा रहा था कि इसे इस्लामी आतंकियों ने अंजाम नहीं दिया है, बल्कि हिंदू आतंकवादियों ने दिया है। वहीं दूसरी तरफ हिंदू नेताओं को पूरे मामले में फंसाने की साजिश चल रही थी। खुद गवाहों ने इस बात को स्वीकारा था कि उन पर योगी आदित्यनाथ समेत अन्य हिंदू नेताओं का नाम लेने का दबाव था। इसके अलावा जो प्रताड़नाएं मेजर और कर्नल को दी गयी थीं उसका मकसद भी यही था कि ये अपने बयानों में हिंदू नेताओं का नाम लें, लेकिन ये सब होता कैसे? कुछ दिन यूपीए शासन में ये नैरेटिव गढ़ा-बढ़ा। मगर फिर हकीकत सामने आने लगी। केस एनआइए के पास गया, चार्जशीट दाखिल हुई, गवाहों की पेशी हुई और हकीकत खुलती गयी। ये भी सामने आया कि ये पूरा नैरेटिव सिर्फ जनता का ध्यान घोटालों से हटाने के लिए किया था। इसी बीच नौकरशाह आरवीएस मणि की किताब जनता के बीच आयी, जिनसे कांग्रेस के हिंदूविरोधी चेहरे को शीशे जैसा साफ कर दिया।

---

# कर्नाटक-गुजरात की तरह बिहार में भी विकास हो : प्रशांत किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** पटना के शेखपुरा हाउस में शुक्रवार को जन सुराज का मिलन समारोह आयोजित किया गया। प्रशांत किशोर की मौजूदगी में भाजपा के महामंत्री रहे सुधीर शर्मा, प्रदेश महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष रहीं विनीता मिश्रा और समस्तीपुर निवासी युवा उद्यमी चेतना झांब समेत कई राजनीतिक दलों के बड़े नेताओं के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं और विभिन्न जिलों के गणमान्य सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों ने जन सुराज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने सभी को पीला गमछा ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। मिलन समारोह के मौके पर प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज किसी के विरोध में नहीं है। जन सुराज में वो लोग आ रहे हैं, जो बिहार में बेहतर व्यवस्था बनाना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि बिहार सुधरे। हम चाहते हैं कि कर्नाटक-गुजरात की तरह बिहार में भी विकास हो। भाजपा में जिस चाल-चरित्र-चेहरा की बात होती थी, उस चेहरे वाले लोग अब जन सुराज में दिख रहे हैं। अभिमन्यु का उदाहरण देते हुए पीके ने कहा कि उसके बलिदान की ही चर्चा होती है, उसे घेर कर मारने वालों की चर्चा नहीं होती।



मिलन समारोह में सभी नेताओं-कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए जन सुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा कि आज बिहार भर के लोग यह जान रहे हैं कि उनकी समस्याओं का समाधान जन सुराज ही कर सकती है। इसलिए सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र की बड़ी-बड़ी हस्तियां हमसे जुड़ रही हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर मैं इससे गौरवान्वित हूं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने कहा कि भाजपा ने देश के लिए कुछ भी किया हो, बिहार के लिए कुछ नहीं किया। इसलिए सभी पार्टियों खासकर भाजपा के इतने सारे नेता हमारे साथ आ रहे हैं।

जन सुराज से जुड़कर भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री और भूमिहार-ब्राह्मण सामाजिक फ्रंट के कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने कहा कि मैंने अपनी जवानी भाजपा को आगे बढ़ाने में लगा दी। लेकिन यह पार्टी अब जमीनी कार्यकर्ताओं की कत्लगाह हो गयी है। बिहार में अब राजद-1 और राजद-2 के बीच सत्ता की लड़ाई हो रही है। लेकिन अब जन सुराज बिहार की जनता का अगला विकल्प बनने जा रही है। वहीं भाजपा की महिला प्रदेश उपाध्यक्ष रहीं विनीता मिश्रा ने जन सुराज से जुड़ने को लेकर प्रशांत किशोर और उदय सिंह को धन्यवाद दिया। साथ ही समस्तीपुर निवासी युवा उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता चेतना झांब ने कहा कि बिहारी अब सिर्फ बिहार में ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व कर रहे हैं। अब प्रशांत किशोर के नेतृत्व में बिहार को, पाटलिपुत्र को उसका पुराना गौरव वापस दिलाना है।

### ये लोग हुए जन सुराज में शामिल

**जन सुराज पार्टी में आज शामिल होनेवालों में अन्य लोगों में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी पल्लव कुमार सिंह, गोपालगंज के प्रसिद्ध फिजीशियन डॉ शशि शेखर शर्मा, सीतामढ़ी निवासी दिल्ली यूनिवर्सिटी के रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ सोमेंद्र कुमार सिंह, पटना महावीर मंदिर के मुख्य पुजारी रहे उमाशंकर दास शास्त्री, सारण निवासी अकादमिक स्तर पर सक्रिय रहे अमितेश कुमार, कटिहार के सामाजिक कार्यकर्ता विश्वजीत भारती, उद्यमी रिंकू गिरी, पटना हाइकोर्ट के वकील राजेश कुमार मिश्रा, पश्चिम चंपारण के कांग्रेस जिलाध्यक्ष रहे अजय गिरी शामिल हैं। इनके साथ ही विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के सैकड़ों कार्यकर्ता भी जन सुराज में शामिल हुए।**

---

# पटना एम्स के डॉक्टर काला बिल्ला लगाकर करेंगे काम

## जदयू विधायक चेतन आनंद से माफी की मांग पर अड़े

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** पटना एम्स में मारपीट मामले में शिवहर विधायक और डॉक्टर आमने-सामने हैं। शुक्रवार को डॉक्टरों ने हड़ताल कर दी। ओपीडी सेवा पूरी तरह ठप है, लेकिन इमरजेंसी सेवा को हड़ताल से अलग रखा गया है। एम्स के बाहर 'चेतन आनंद माफी मांगो' और 'डॉक्टरों को सुरक्षा दो' के नारे लगाये गये। एम्स के रेजिडेंट डॉक्टरों का कहना है कि उन्हें जान से मारने की धमकी दी गयी। गार्ड के साथ मारपीट की गयी। एम्स के गार्ड सोनू का कहना है कि विधायक के बॉडीगार्ड को हथियार के साथ जाने के लिए रोका गया। इसी बात पर चेतन आनंद और उनके बॉडीगार्ड गुस्सा गये और मारपीट करने लगे। इस मामले को लेकर पटना एम्स में जूनियर और सीनियर डॉक्टरों की तीन घंटे तक बैठक चली। बैठक में जूनियर रेजिडेंट और सीनियर रेजिडेंट के 25 सदस्य शामिल हुए। बैठक को एम्स के प्रभारी डायरेक्टर सौरव वार्ष्णेय ने वर्चुअल रूप से छात्रों को संबोधित किया। सुरक्षा की मांग को लेकर मेडिकल छात्रों की मांग पर निदेशक ने उन्हें इसके लिए आश्वासन दिया है। इसके साथ ही एम्स में तुरंत चिह्नित 30 जगह पर सीसीटीवी लगाने की बात कही है। इसके अलावा 500 सीसीटीवी लगाने के लिए जल्द ही टेंडर के माध्यम से काम शुरू किया जायेगा।



इधर, बाहुबली आनंद मोहन के बेटे और विधायक चेतन आनंद और उनकी पत्नी आयुषी का आरोप है कि बुधवार की रात करीब 11.30 बजे हम एम्स गये थे। इस दौरान हमारे साथ मारपीट की गयी। 30 मिनट तक बंधक बनाकर रखा। आयुषी को चोटें आयी हैं। मारपीट के बाद दोनों की गाड़ी पर भी हमला किया गया। उन लोगों का कुछ दूर तक पीछा भी किया गया। इधर मारपीट और झगड़े का एक वीडियो सामने आया है। सिटी एसपी वेस्ट भानु प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों ओर से केस दर्ज किया गया है। जांच जारी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.2°c | 23.0°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.31 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.19 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 02 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


## मानसून सत्र : कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष

# सत्र के सुचारू संचालन पर की गयी चर्चा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में विधानसभा मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सत्र के सुचारु संचालन को लेकर रणनीति बनायी गयी। बैठक में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सत्र के दौरान पेश किये जाने वाले विधेयकों, प्रश्नकाल और अन्य विधायी कार्यों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही सत्र के सुचारू संचालन को लेकर रणनीति भी बनायी गयी।

कार्यमंत्रणा समिति की यह बैठक मानसून सत्र के प्रभावी और व्यवस्थित संचालन की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

### सीएम हेमंत का मुख्य सचिव ने किया स्वागत



रांची (आजाद सिपाही)। षष्ठम विधान सभा के तृतीय मॉनसून सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत एवं अभिवादन मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रधान सचिव (मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग) वंदना दादेल और प्रभारी सचिव (झारखंड विधान सभा) माणिक लाल हेंब्रम ने किया।

### सीएम हेमंत सोरेन दिल्ली गये



रांची (आजाद सिपाही)। विधानसभा के मॉनसून सत्र में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली रवाना हो गये। जानकारी के अनुसार, दिशोम गुरु शिबू सोरेन का इलाज दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में चल रहा है। उनकी तबीयत में काफी उतार चढ़ाव हो रहा है। बता दें कि सीएम ने सर्वदलीय बैठक के बाद कहा था कि अब तक डॉक्टरों ने स्पष्ट नहीं कहा है कि गुरुजी की तबीयत ठीक होने में कितना वक्त लगेगा। सदन में स्पीकर ने भी शिबू सोरेन के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की।

### आपत्ति के बाद कार्यमंत्रणा समिति में प्रदीप यादव और उप नेता राजेश कच्छप को पदेन सदस्य बनाया

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा की कार्यमंत्रणा समिति में एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। कांग्रेस के विधायक दल के नेता प्रदीप यादव और उप नेता राजेश कच्छप को अब पदेन सदस्य बनाया गया है। यह फैसला विधानसभा अध्यक्ष द्वारा प्रदीप यादव की आपत्ति के बाद लिया गया है। पहले कार्य मंत्रणा समिति में प्रदीप यादव को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया था, जिस पर उन्होंने आपत्ति जतायी थी। प्रदीप यादव ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी सदन के अंदर तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है, इसलिए उनके नेता को पदेन सदस्य बनाना चाहिए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने आश्वासन दिया था कि इस मामले को दिखवा लिया जायेगा। कार्यमंत्रणा समिति झारखंड विधानसभा की एक महत्वपूर्ण समिति है, जो सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह समिति सदन के कार्यदिवस में बदलाव करने या किसी विशेष विषय पर चर्चा करने का निर्णय लेती है।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# भाजपा विधायक दल की बैठक में राज्य सरकार को घेरने की रणनीति बनी

**चंगाई सभा के साथ मदर टेरेसा क्लिनिक के माध्यम से धर्मांतरण को बढ़ावा देना चाहती है सरकार : नवीन जायसवाल**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र का आगाज हो गया है। सदन में सरकार को घेरने के उद्देश्य से भाजपा ने अपनी रणनीति बना ली है। शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में भाजपा विधायक दल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, विधायक सह मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, सचेतक नागेंद्र महतो, विधायक नीरा यादव, मनोज यादव, सत्येंद्र तिवारी, आलोक चौरसिया, देवेंद्र कुंवर, अमित यादव, रोशनलाल चौधरी, उज्जवल दास, प्रदीप प्रसाद, पूर्णिमा दास साहू, मंजू कुमारी उपस्थित रहे।

बैठक के बाद पार्टी के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने कहा कि पार्टी के विधायक दल की बैठक में राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। राज्य सरकार को विकास से कुछ भी लेना देना नहीं है। यह सरकार केवल नाम बदलने में विश्वास करती है। सत्ता मद में इतनी चूर है कि देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वाले महापुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और राज्य के निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से बनी अटल क्लिनिक का नाम बदलकर उन्हें अपमानित कर रही। उन्होंने कहा कि यह उन महापुरुषों का अपमान नहीं बल्कि देश और राज्य का अपमान है। राज्य सरकार मदर टेरेसा के नाम पर कोई अन्य योजना शुरू कर सकती थी लेकिन ये सरकार तुष्टीकरण में आकंठ डूबी है। इस सरकार की विकास यात्रा की कहानी मदरसा से टेरेसा तक जारी है। उन्होंने कहा कि इस माध्यम से हेमंत सरकार गांव देहात में चंगाई सभा के साथ मदर टेरेसा क्लिनिक के माध्यम से धर्मांतरण को बढ़ावा देना चाहती है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा रिम्स 2 के बहाने यह सरकार किसानों पर कहर ढाना चाहती है। आज किसान अतिवृष्टि से परेशान हैं। फसलें बर्बाद हो रहीं, भदाई फसलें बर्बाद हो चुकी हैं पर सरकार निश्चिंत बैठी है। उन्होंने कहा कि सीआइडी जांच के बहाने सीजीएल परीक्षा के भ्रष्टाचार को छुपाने की कोशिश हो रही। उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण का विरोध कर यह सरकार बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठियों का संरक्षण करते रहना चाहती है। उन्होंने कहा कि पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात करने वाली सरकार में नीयत साफ है तो निकाय चुनाव में राज्य सरकार 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा इसके अतिरिक्त राज्य की ध्वस्त विधि व्यवस्था, महिलाओं के साथ बढ़ते अत्याचार भी सदन में मुद्दे बनेंगे।

# कांग्रेस विधायक एसआइआर के खिलाफ सदन में प्रस्ताव लायेंगे

**सदन के बाहर विधायकों ने रखी अपनी बात**

**भाजपा और जदयू विधायक ने कहा, स्थानीय मुद्दों पर ध्यान दें**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** कांग्रेस बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी। झारखंड के इंडी गठबंधन के विधायकों ने सत्र के दौरान मतदाता सूची के एसआइआर के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने का निर्णय लिया। सदन के बाहर कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि सत्र के दौरान एसआइआर के खिलाफ एक प्रस्ताव भी लाया जायेगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि हम बिहार में अपनाये जा रहे एसआइआर पद्धति का विरोध करते हैं। अगर निर्वाचन आयोग को यह जरूरी लगता है, तो उसे पहले ही ऐसा कर लेना चाहिए था। इस प्रक्रिया से लगभग 20 लाख मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो जायेंगे।

यदि सरकार वास्तव में मतदाता सूची में संशोधन करना चाहती है, तो उसे आधार के साथ एकीकृत किया जाना चाहिए। वहीं, जदयू विधायक सरयू राय ने कहा कि कुछ दल एक अप्रासंगिक मुद्दे को बेवजह तूल दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसआइआर कराये जाने में कोई बुराई नहीं है। यह निर्वाचन आयोग का काम है। भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि झारखंड के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करने के बजाय सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक बिहार के बारे में चिंतित हैं। उन्हें राज्य के लोगों को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

### लैंड स्कैम के आरोपी अमित अग्रवाल को सुप्रीम कोर्ट से बेल

रांची (आजाद सिपाही)। सेना के कब्जे वाली जमीन की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम के आरोपी अमित अग्रवाल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने अमित अग्रवाल को इस मामले में जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। सुप्रीम कोर्ट से बेल मिलने के बाद अब अमित अग्रवाल जेल से बाहर आ जायेंगे, क्योंकि जिन-जिन मामलों में उन्हें गिरफ्तार किया गया था, उन सभी मामलों में उन्हें बेल मिल चुकी है। बता दें कि झारखंड हाइकोर्ट ने अमित अग्रवाल को अप्रैल महीने में बेल देने से इनकार कर दिया था और उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद उसने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। अमित को जिस मामले में बेल मिली है, वह इड के कांड संख्या 18/2022 से जुड़ा है। इस केस में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम आरोपी हैं।

# 'आदिवासी महोत्सव सांस्कृतिक गरिमा, आदिवासी अस्मिता और आधुनिक झारखंड की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत करेगा'

**9 से 11 अगस्त तक होगा आदिवासी महोत्सव**

**आदिवासी महोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक**

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के विशेष सचिव राजीव लोचन बख्शी ने महोत्सव की तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी**



### भव्यता पूर्ण होगा रीझ-रंग रसिका

32 जनजातीय कलाकारों द्वारा रीझ रंग रसिका का आयोजन भव्यता पूर्ण तरीके से किया जायेगा। झांकी के माध्यम से झारखंड की समृद्ध आदिवासी कला संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए रीझ रंग रसिका का प्रदर्शन विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए कार्यक्रम स्थल तक संपन्न होगा। बैठक में सुरक्षा और पार्किंग की व्यवस्था पर भी गंभीरता से चर्चा की गयी। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन के मुख्य सचिव सभागार में शुक्रवार को 9 से 11 अगस्त तक होने वाले आदिवासी महोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव अलका तिवारी ने की। बैठक में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के विशेष सचिव राजीव लोचन बख्शी ने महोत्सव की तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में बताया गया कि राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में आकर्षक 'सेल्फी प्वाइंट' बनाये जायेंगे, जो युवाओं और पर्यटकों के बीच महोत्सव की लोकप्रियता को और बढ़ायेंगे। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी महोत्सव के दौरान लगाये जायेंगे, जिससे लोगों को सीधे लाभ मिलेगा।

महोत्सव के तहत फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जायेगा, जिसमें झारखंड के स्थानीय कलाकारों द्वारा निर्मित फिल्मों का प्रदर्शन होगा। साथ ही, फूड डिस्ट्रीब्यूशन की व्यवस्था को भी सुदृढ़ और सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिये गये हैं, ताकि सभी आगंतुकों को बेहतर सुविधा मिल सके।

महोत्सव स्थल तक आने वाले पाथवे को आदिवासी संस्कृति की झलकियों से सजाया जायेगा, जिससे आगंतुकों को झारखंड की समृद्ध विरासत का अनुभव हो सके। इसके अतिरिक्त, मीडिया सेंटर की स्थापना, झारखंडी व्यंजन स्टॉल, ड्रोन शो, लेजर शो और आदिवासी परिधान शो सहित कई नवाचारों को महोत्सव का हिस्सा बनाया जायेगा।

इस वर्ष महोत्सव की एक विशेष उपलब्धि यह होगी कि पहली बार भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा, जिसमें प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास, संपत सरल सहित अन्य राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय कवि शामिल होने की संभावना है।

इस अवसर पर रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, पुलिस उपमहानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, नगर निगम आयुक्त सुशांत गौरव, उप विकास आयुक्त सौरभ भुवानिया, अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, कला संस्कृति विभाग, टीआरआइ सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हटिया डैम का जलस्तर खतरे के निशान पर, खोला गया फाटक

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण हटिया डैम का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा था, एहतियातन शुक्रवार को धुर्वा स्थित हटिया डैम के तीन नंबर फाटक का गेट खोल दिया गया। हटिया डैम का फाटक उसके बढ़ते जलस्तर को देखते हुए एहतियातन खोला गया है। बीते कुछ दिनों से जल संसाधन विभाग डैम का फाटक खोलने का प्रयास कर रहा था। पहले प्रयास में फाटक में लगी लोहे की तार टूट गयी थी, जिससे पानी छोड़ा नहीं जा सका। इसके बाद विभाग के इंजीनियर और तकनीकी कर्मचारी लगातार मरम्मत में जुटे रहे। आखिरकार शुक्रवार को उन्हें सफलता मिली। दरअसल, डैम का जलस्तर खतरे के निशान को छू रहा था, जिस कारण निचले इलाकों में रहने वालों को सतर्क रहने की अपील की जा रही थी। प्रशासन ने संभावित जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति को देखते हुए निगरानी बढ़ा दी है। फिलहाल पानी का बहाव नियंत्रित है, लेकिन बारिश जारी रही, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। इस बीच जैसे ही डैम के फाटक से पानी छोड़ा गया, उसका मनभावन नजारा देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग निचले हिस्से की ओर उमड़ पड़े। लोग तेज बहाव की लहरों को देखने को लेकर काफी उत्साहित दिखे।

# चतरा में दो दिवसीय कृषि उद्यम मेला 2025 का उद्घाटन

**कृषि नवाचार, आत्मनिर्भरता और सीधे बाजार पहुंच का साझा मंच बना कृषि उद्यम मेला 2025**

**जन समाधान और लोक सेतु पोर्टल का हुआ लोकार्पण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** चतरा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दो दिवसीय कृषि उद्यम मेला 2025 का भव्य उद्घाटन हुआ जिसका उद्देश्य किसानों को सीधे बाजार से जोड़ना और बिचौलियों की भूमिका को समाप्त करना है। कार्यक्रम में 40 से अधिक स्टॉल, 10 से ज्यादा कृषि विशेषज्ञ और 30 से अधिक राष्ट्रीय खरीदार कंपनियां जैसे अमूल, रिलायंस, सुविधा मार्ट, टोकरी फ्रेश आदि शामिल हुईं। मेले के दौरान जन समाधान और लोक सेतु पोर्टल का शुभारंभ किया गया जिससे किसान और आम नागरिक अब योजनाओं का लाभ डिजिटल माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे। अपनी शिकायतों की स्थिति देख सकेंगे और समाधान भी पा सकेंगे।

उपायुक्त कीर्तिश्री ने इस आयोजन को केवल प्रदर्शनी नहीं बल्कि चतरा के किसानों के नवाचार और परिश्रम को मंच देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यह मेला वोकल फॉर लोकल और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट जैसी पहलों को जमीन पर उतारने का प्रयास है। उन्होंने राष्ट्रीय खरीदार कंपनियों से अपील की कि वे चतरा के उत्पादों को अपने बाजार से जोड़ें और जिले को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में अपनायें। गव्य निदेशक जिशान कमर ने चतरा की टमाटर उत्पादन परंपरा की सराहना करते हुए किसानों को तकनीक प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी। जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी ने युवाओं से मादक पदार्थों की खेती से दूर रहकर फल-फूल और सब्जियों की खेती की ओर बढ़ने की अपील की।

कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान उदय दांगी ने अपने अनुभव साझा किये और एसएचजी व एफपीओ की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी से महिला सशक्तिकरण को बल मिला। पलास ब्रांड के तहत सरसों तेल, अचार, दाल, हल्दी जैसे उत्पादों ने आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की।

भूमि संरक्षण गव्य विकास मत्स्य और पशुपालन से जुड़े स्टॉलों पर किसानों को योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वाइल हेल्थ कार्ड व आत्मा योजना के तहत प्रशिक्षण मिट्टी परीक्षण और एक्सपोजर विजिट की सुविधा का उल्लेख किया गया। कार्यक्रम का दूसरा दिन 2 अगस्त को संवाद सत्रों और पुरस्कार वितरण के साथ आयोजित होगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 02 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in




# रांची स्मार्ट सिटी की शोभा बढ़ायेंगे आधुनिक पार्क

**इको पार्क -कम्युनिटी पार्क और रिक्रियेशन पार्क को मिली मंजूरी**

**हरियाली और रंग-बिरंगे फूलों के बीच बैठ पार्क में लोग करेंगे मनोरंजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची को खूबसूरत एवं आकर्षक बनाने की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने की परिकल्पना तेजी से साकार लेने लगी है। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने रांची स्मार्ट सिटी को और बेहतर बनाने के क्रम में ईको पार्क, कम्युनिटी पार्क एवं रिक्रियेशनल पार्क के निर्माण को मंजूरी दे दी है। नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने पार्कों के निर्माण का कार्यान्वयन जुडको को सौंपा है। जुडको ने डीपीआर तैयार कर लिया है। प्रधान सचिव ने जल्द से जल्द निविदा निकालने की प्रक्रिया आरंभ करने का निर्देश दिया है।

इस संबंध में प्रधान सचिव श्री कुमार ने कहा कि रांची शहर में वैसे तो कई पार्क हैं लेकिन धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी में बनने वाले इको, कम्युनिटी और रिक्रियेशनल पार्क ऐसा होगा जिसमे लोग दो पल सुकून से गुजार सकेंगे। इन पार्कों को एक पर्यटक स्थल के रूप में भी उपयोग किया सकता है। पार्कों की आबोहवा उनके स्वास्थ्य के अनुरूप होगी। उन्होंने कहा कि पैकेज-एक के तहत धुर्वा गोलचक्कर से हटिया डैम की ओर जाने वाले मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास लगभग 8 एकड़ परिक्षेत्र में सड़क के दोनों ओर पार्क बनेगा। यह पार्क दो हिस्सो में होगा। पैकेज -दो के तहत मंत्री आवास से आगे कम्युनिटी पार्क (3.98 एकड़) एवं इको पार्क (3.19 एकड़) निमार्णाधीन सिविक टावर के बगल में बनेगा। इन पार्कों के निर्माण की लागत लगभग 30 करोड़ रुपये होगी।

**रिक्रियेशनल पार्क में प्रस्तावति संसाधन :** प्रवेश द्वार, पार्किंग एरिया, गार्ड रूम, पाथ वे, प्लांटर बाक्स, ग्रीन स्पेश , फ्लोटिंग स्वायल माउंड, स्टेपिंग स्टोन, मेज, गार्डेन आर्क, स्कल्पचर प्लेटफार्म, ब्रिज, रेस्टोरेंट, ओपेन जिम, चिल्ड्रेन प्ले एरिया, स्वायल माउंड, स्क्वायर पैवेलियन, फाउंटेन, तालाब, स्टेप्पड फाउंटेन, फ्लावर बेड, बैठने की व्यवस्था, परगोला, गजीबो, पेबल बेड, शौचालय, हेज की बाउंड्री।

**कम्युनिटी पार्क के प्रस्तावित अवयव :** प्रवेश द्वार, पार्किंग एरिया, गार्ड रूम, पाथ वे, प्लांटर बाक्स, हरियाली क्षेत्र, स्कल्पचर प्लेटफार्म, गजीबो, गार्डेन आर्क, परगोंला, एनिमल स्कल्पचर, स्वायल माउंड, प्लांटर बेड, पार्टेर्रे गार्डेन, चिल्ड्रेन प्ले एरिया, ओपेन जिम, स्टेप्ड सिटिंग, फ्लावर बेड, स्क्वायर पैवेलियन, हेज बाउंड्री , पेबल बेड, स्टेप्पड फाउंटेन, शौचालय।

## इको पार्क के आकर्षण

**प्रवेश द्वार, पार्किंग एरिया, गार्ड रूम , पाथ वे, प्लांटर बेड, ग्रीन एरिया, स्कल्पचर प्लेटफार्म, गजीबो, पॉली हाउस, गार्डेन आर्क, परगोला , एनिमल स्कल्पचर, स्वायल माउंड, प्लांटर बाक्स, तालाब, सर्रकुलर सिटिंग, बैडमिंटन कोर्ट , चिल्ड्रेन प्ले एरिया, ओपेन जिम, स्टेप्पड सिटिंग, फ्लावर बेड, शौचालय, पेबल बेड, स्टेप्पड ,फाउंटेन, रेस्टोरेंट, स्क्वायर पैवेलियन, कमल फूल का तालाब, फाउंटेन।**

# एएसजी नेत्र चिकित्सालय के डॉ जयंत को मिला अंतरराष्ट्रीय ऑनर अवार्ड

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** अमेरिका की रेटीना सोसाइटी ने रांची के एएसजी नेत्र चिकित्सालय के डॉक्टर जयंत को ऑनर अवार्ड से सम्मानित किया है। 30 जुलाई 2025 से 2 अगस्त 2025 तक हो रहे अमेरिकन सोसाइटी ऑफ रेटीना स्पेशलिस्टस के वार्षिक सम्मेलन में उन्हें यह अवार्ड दिया गया। डॉ जयंत इस अवार्ड को पाने वाले झारखंड के प्रथम रेटीना सर्जन एवं देश के गिने चुने सर्जनों में से एक बन गये हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें यह अवार्ड उनके रेटीना सर्जरी के क्षेत्र में झारखंड में किये जा रहे उच्चतम कार्यों के लिए दिया गया, जिन्हें प्रत्येक वर्ष वार्षिक सम्मेलन में सराहना मिली है। उन्होंने बताया कि डायबिटि करेटिनोपैथी, रेटिनल डिटैचमेंट, स्क्लेरल फिक्सेटेड लेंस एवं मैक्यूलर होल पर उनके द्वारा किये गये जटिल कार्यों से अमेरिकन सोसाइटी प्रभावित हुई है। इस वर्ष डॉक्टर जयंत के सहयोगी रेटीना सर्जन, डॉ प्रांशु गोयल, भी कैलिफोर्निया के कॉन्फ्रेंस में सम्मिलित हुए एवं झारखंड में किये जा रहे कार्यों को उन्होंने प्रस्तुत किया। डॉक्टर जयंत एवं डॉक्टर प्रांशु ने कुल 10 वैज्ञानिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की, जिसमें कुछ आधुनिक विधि द्वारा रचनात्मक तरीकों से किये गये कार्य भी सम्मिलित हैं। इस वार्षिक सम्मेलन में विश्व भर से करीब 1000 विख्यात रेटीना सर्जनों ने भाग लिया एवं इस क्षेत्र में हो रहे सबसे अत्याधुनिक शोध से रुबरु किया। इस वर्ष डॉक्टर जयंत ने कॉम्प्लिकेटेड रेटिनल डिटैचमेंट के ऊपर एक खास वैज्ञानिक संबोधन दिया एवं डॉक्टर प्रांशु ने एक दुर्लभ रेटीना सर्जरी के केस के बारे में प्रस्तुतीकरण किया। दोनों डॉक्टरों ने अपने मरीजों का धन्यवाद दिया, जिन्होंने उनपर भरोसा जताया है एवं जिनकी शुभकामनाओं की वजह से उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई है।

# समाचारों को अभिनय में ढाल कर सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने रचा कीर्तिमान

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा और प्रस्तुति कौशल का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए रांची सहोदय अंतर-विद्यालय लिविंग न्यूजपेपर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में समसामयिक विषयों के प्रति जागरूकता, विश्लेषणात्मक सोच और प्रभावशाली संवाद शैली को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में रांची के तेरह प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया, जहां प्रतिभागियों ने सामाजिक, राजनीतिक एवं पर्यावरणीय मुद्दों को मंच पर जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। छात्रों ने संवाद, दृश्य प्रभाव तथा लाइव रिपोर्टिंग के माध्यम से समाचारों को रंगमंचीय रूप में ढाल कर दर्शकों को प्रभावित किया। इस आयोजन ने छात्रों की जन-जागरूकता, संवाद क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को भी सशक्त किया। प्राचार्या परमजीत कौर ने विजयी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की पत्रकारिता एवं सृजनात्मक सोच को प्रोत्साहित करती हैं और उनमें आत्मविश्वास, सहयोग की भावना और स्पष्ट अभिव्यक्ति का विकास करती हैं।

# मुख्यमंत्री एक्सीलेंस स्कूलों में शिक्षकों की कमी: अजय राय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री एक्सीलेंस स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी को लेकर झारखंड अभिभावक संघ ने नाराजगी जतायी है। अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को प्रेस रिलीज जारी कर सीएम हेमंत सोरेन से शिक्षकों की कमी दूर करने की मांग की है। श्री राय ने कहा कि सीएम को इमेल भेजकर मामले से अवगत कराया। साथ ही एक विस्तृत ज्ञापन भी भेजा है। श्री राय ने कहा कि मुख्यमंत्री एक्सीलेंस स्कूलों की परिकल्पना सराहनीय है, लेकिन शिक्षकों की भारी कमी से स्कूलों में पढ़ाई बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इन स्कूलों में कक्षा छह से 12वीं तक गणित, विज्ञान, अंग्रेजी और कॉमर्स जैसे प्रमुख विषयों में पूर्णकालिक प्रशिक्षित शिक्षकों का अभाव है। श्री राय ने मुख्यमंत्री से संज्ञान लेते हुए ठोस कदम उठाने की अपील की है।

# एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल ने कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल, रांची ने कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके में जागरूकता अभियान चलाया। इस कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ चंद्रशेखर प्रसाद सिंह ने स्कूल के छात्रों और शिक्षकों को फेफड़ों के कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से फेफड़ों के कैंसर के शुरूआती लक्षणों और उपचार पर प्रकाश डाला। साथ ही, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक ने बच्चों में कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। स्कूल के छात्रों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और डॉक्टरों से कैंसर से संबंधित अपने प्रश्न पूछे। कार्यक्रम के अंत में, कैंब्रियन स्कूल की प्रधानाचार्या प्रेमलता कुमारी ने एचसीजी कैंसर अस्पताल के प्रति आभार व्यक्त किया और ऐसे जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से जारी रखने का सुझाव दिया। साथ ही, स्कूल की शिक्षिका संगीता झा ने एचसीजी कैंसर अस्पताल के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। इस मौके पर एचसीजी कैंसर अस्पताल के मार्केटिंग प्रमुख विकास कुमार सिंह और ब्रांड एवं संचार प्रमुख मनोरंजन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# रांची रेल मंडल में स्वच्छता अभियान का हुआ शुभारंभ




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस 2025 के उपलक्ष्य में संपूर्ण भारतीय रेल में 01 अगस्त 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। यह अभियान दो चरणों में संचालित किया जायेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य स्टेशनों, ट्रेनों, कॉलोनियों, कार्यालयों, डिपो और वर्कशॉप सहित रेलवे के समस्त क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई एवं जन-जागरूकता फैलाना है। रांची रेल मंडल में स्वच्छता अभियान का प्रथम चरण 01 अगस्त 2025 से 15 अगस्त 2025 तक संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक करुणा निधि सिंह ने मंडल कार्यालय परिसर में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। यह शपथ अपर मंडल रेल प्रबंधक हेमराज मीना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजू तिर्की, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शुचि सिंह, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता राजीव रंजन और उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रहण की।

# डीपीएस में दो दिवसीय मैनिटीज फेस्ट द-आरोहण का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची ने दिनांक 1 और 2 अगस्त 2025 को दो दिवसीय मैनिटीज फेस्ट 'द-आरोहण' का भव्य आयोजन किया है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों की बुद्धिमत्ता, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति को उजागर करना है। इस आयोजन में छात्रों ने समाज, शासन, मीडिया और इतिहास की गहरी समझ को सृजनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में 20 विद्यालयों के 350 से ज्यादा विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज करायी।

इस समारोह के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि सुरेंद्र कुमार झा, डीआइजी (पी), झारखंड थे। प्राचार्या डॉ. जया चौहान द्वारा मुख्य अतिथि को सम्मानपूर्वक सैपलिंग और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। यह दो दिवसीय आयोजन ज्ञानवर्धक और रचनात्मक गतिविधियों से परिपूर्ण रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुरेंद्र कुमार झा ने कहा, डीपीएस रांची के छात्रों की ऊर्जा और बौद्धिक चमक को देखकर मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है। द-आरोहण केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जो विश्लेषणात्मक सोच, उत्तरदायित्वपूर्ण नागरिकता और समकालीन मुद्दों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देता है।

विद्यालय की प्राचार्या, डॉ. जया चौहान ने कहा, डीपीएस रांची में हम मानते हैं कि मानविकी शिक्षा समग्र विकास की आत्मा है। द-आरोहणस हमारे उन विषयों को समर्पित है जो हमें समाज, शासन, मीडिया और संस्कृति की गहरायी से समझ देते हैं। 2 अगस्त 2025 को समापन समारोह के दौरान सभी विजेताओं को सम्मानित किया जायेगा, जिससे यह उत्सव प्रेरणा और गौरव के साथ संपन्न होगा।

## इग्नू : 2025 शैक्षिक सत्र के लिए 15 अगस्त तक करा सकते हैं नामांकन

**रांची (आजाद सिपाही)। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2025 शैक्षिक सत्र में नामांकन और पुन: पंजीकरण की तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त, 2025 कर दी है। अब छात्र ऑनलाइन मोड और ओडीएल मोड दोनों में नामांकन और पुन: पंजीकरण करा सकते हैं। अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी ) के छात्रों को स्नातक सामान्य, बीकॉम सामान्य और बीएससी सामान्य कार्यक्रमों के शुल्क में 50 प्रतिशत छूट के साथ नामांकन दिया जा रहा है। नामांकन के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी इग्नू की वेबसाइट पर उपलब्ध है। छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे नामांकन से पहले आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर लें। यदि आपको नामांकन या पुन: पंजीकरण के संबंध में कोई समस्या है, तो आप इग्नू के हेल्पलाइन नंबर या इमेल आइडी पर संपर्क कर सकते हैं।**

# डीएवी सरला स्कूल में ग्रीन डे मनाया गया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डीएवी सरला स्कूल तुपुदाना में शुक्रवार को छोटे-छोटे बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ ग्रीन डे मनाया। नन्हें-मुन्नों ने अपने छोटे-छोटे हाथों से पौधे लगाये और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में छोटी उम्र से ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना था। शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने पौधों को रोपने और उनकी देखभाल करने के तरीके सीखे। इस दौरान बच्चों ने वादा किया कि वे इन पौधों को बड़े होने तक सहेजेंगे और उनकी देखभाल करेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य मेंहुल दूबे ने भी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर बच्चा एक पौधा लगाये और उसकी देखभाल करे, तो हमारा शहर ही नहीं पूरा देश हरा-भरा बन सकता है। प्रकृति के साथ तालमेल बैठाकर ही जीवन को खुशहाल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका आरती मिंज, मेघा बाखला और महिमा सिंह के विशेष योगदान रहा।

# सैमफोर्ड अस्पताल ने बनाया नया कीर्तिमान रांची में जटिल ब्रेन एन्यूरिज्म का सफल इलाज

**पाइपलाइन डिवाइस और कोइलिंग तकनीक से लेफ्ट आइसीए एन्यूरिज्म का सफल इलाज**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** ब्रेन एन्यूरिज्म के जटिल मामलों के इलाज में अब नयी तकनीकों ने चिकित्सा क्षेत्र में क्रांति ला दी है। राजधानी रांची के सैमफोर्ड अस्पताल में न्यूरोविज्ञान और कैथलैब विशेषज्ञों की टीम ने एक जटिल लेफ्ट आइसीए एन्यूरिज्म का सफल इलाज कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस दुर्लभ और जोखिम भरे केस में मरीज को पाइपलाइन फ्लो डायवरटर और कवाइलिग तकनीक के माध्यम से बिना बड़े ऑपरेशन के पूरी तरह से ठीक कर दिया गया। सैमफोर्ड अस्पताल के कंसल्टेंट न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. गणेश कुमार ने बताया कि ब्रेन एन्यूरिज्म एक गंभीर स्थिति होती है। इसमें मस्तिष्क की धमनियों की दीवारें कमजोर हो जाती हैं, और उनमें सूजन आ जाती है। जब यह सूजन फट जाती है, तो ब्रेन हेमरेज जैसी जानलेवा स्थिति बन सकती है। सैमफोर्ड अस्पताल की कैथलैब और न्यूरोसाइंस टीम की विशेष भूमिका रही। डॉ. गणेश कुमार और डॉ. शशि रंजन के नेतृत्व में पूरी टीम ने कई घंटे तक चली जटिल ऑपरेशन को सफल बनाया।

## मरीज की स्थिति बेहद संवेदनशील थी

**इस केस में मरीज को बार-बार सिरदर्द और दृश्य भ्रम की शिकायत थी। एमआर एंजियोग्राफी और डीएसए में यह स्पष्ट हुआ कि मरीज के मस्तिष्क की मुख्य धमनी में एक बड़ा एन्यूरिज्म मौजूद है, जो किसी भी समय फट सकता था। इसे देखते हुए तत्काल निर्णय लिया गया कि पारंपरिक सर्जरी की जगह मिनिमली इनवेसिव टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जायेगा। सैमफोर्ड अस्पताल के वरिष्ठ न्यूरोइंटरवेंशनल सर्जनों और कैथलैब टीम ने इस केस में तकनीक का इस्तेमाल किया। पाइपलाइन डिवाइस एक विशेष प्रकार का मेश स्टेंट होता है, जो ब्रेन की धमनी के अंदर जाकर एन्यूरिज्म के चारों ओर फ्लो को डायवर्ट करता है और धीरे-धीरे एन्यूरिज्म को समाप्त कर देता है। वहीं कोइलिंग में छोटे-छोटे स्प्रिंग जैसे कॉइल एन्यूरिज्म में भर दिये जाते हैं। इससे वह रक्तस्त्राव नहीं कर पाता। यह प्रक्रिया बिना किसी ओपन सर्जरी के कैथलैब के माध्यम से एंजियोग्राफी जैसे तकनीक से की गयी।**

# आयुषी मीडिया कंसल्टेंट्स के 27 साल बेमिसाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आयुषी मीडिया कंसल्टेंट्स शुक्रवार को अपने स्थापना दिवस के 27 वर्ष पूरा करने पर गौरवान्वित महसूस करती है। इस अवसर पर मनोज कुमार और कंचन कुमार ने कहा कि हम अपने क्लाइंट्स और मीडिया पार्टनर्स के आभारी हैं। उन्होंने हम पर अपना पूर्ण विश्वास कर हमें अपनी सेवाएं प्रदान करने में हमारी सहायता की। साथ ही उनके परामर्श और प्रतिक्रियाओं ने हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इससे हम आज इस मुकाम तक पहुंच पायें हैं। 1998 में एक छोटे से विचार के रूप में शुरू हुआ। यह सफर आज एक प्रतिष्ठित पहचान बन चुका है। विज्ञापन, ब्रांडिंग और मीडिया समाधान के क्षेत्र में हमारा हर कदम गुणवत्ता और भरोसे का प्रतीक रहा है। यह सब संभव हुआ है आप जैसे सम्मानित क्लाइंट्स और मीडिया पार्टनर्स के विश्वास और हमारे सहयोगियों के अथक परिश्रम और हर उस व्यक्ति के सहयोग से जिसने हमारे साथ यह सफर तय किया है। इन 27 वर्षों में हमने सिर्फ व्यापार ही नहीं किया, बल्कि हमने रिश्ते भी बनाये। ब्रांड गढ़े और सपनों को साकार करने में भागीदारी निभायी। इस विशेष अवसर पर हम आप सभी को धन्यवाद देते हैं, और उम्मीद करते हैं कि आगे भी आप हमारा मार्गदर्शन, सहयोग और विश्वास यूं ही बनाये रखेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



# रांची की 3.85 लाख महिलाओं को मिला मंईयां सम्मान योजना का पैसा

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राज्य सरकार की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत रांची जिले की 3,85,751 महिलाओं को जून महीने की सम्मान राशि दी गयी है। हर लाभुक को 2500 रुपये की दर से कुल 96 करोड़ 43 लाख 77 हजार 500 रुपये सीधे उनके बैंक खातों में भेजे गये। इसके अलावा, जिन महिलाओं को मई महीने की दूसरी किस्त नहीं मिली थी, ऐसे 74,534 महिलाओं को भी अब 18 करोड़ 63 लाख 35 हजार रुपये का भुगतान कर दिया गया है। इस योजना का मकसद महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है ताकि वे सम्मान से जी सकें। जून महीने में सबसे ज्यादा लाभुक कांके (31,460), मांडर (23,249), बेड़ो (20,564), चान्हो (19,676), तमाड़ (18,452), रातू (18,424), ओरमांझी (18,121), बुढ़मू (17,599), नगड़ी (17,632), नामकुम (17,646), अनगड़ा (16,437) और सदर नगर निगम क्षेत्र (26,881) से रहे। वहीं, मई महीने की दूसरी किस्त में सबसे ज्यादा लाभ कांके (4,945), मांडर (4,276), बेड़ो (4,300), सिल्ली (4,381), तमाड़ (3,778), रातू (3,734), चान्हो (3,656), नगड़ी (3,633), नामकुम (3,532), हेहल (3,296) की महिलाओं को मिला।

जिन महिलाओं का आवेदन पहले ही स्वीकृत हो चुका है, लेकिन उनका बैंक खाता आधार से नहीं जुड़ा है, उन्हें अभी पैसा नहीं मिल पाया है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सभी ऐसी महिलाओं से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने खाते को आधार से लिंक करा लें ताकि योजना का पैसा उन्हें भी मिल सके। अभी जिले में भौतिक सत्यापन (यानी फिजिकल वेरिफिकेशन) का काम भी चल रहा है। जिन महिलाओं का अब तक सत्यापन नहीं हुआ है, वे अपनी नजदीकी आंगनबाड़ी सेविका से मिलें, फॉर्म लें और जरूरी दस्तावेज जमा करें। जब सत्यापन पूरा हो जायेगा, तब उन्हें भी योजना का पैसा मिल जायेगा।

# स्वामी सदानंद महाराज का 81वां जन्मोत्सव उल्लासपूर्वक मनाया गया

**स्वामी जी का जीवन मानव कल्याण को है समर्पितः डुंगरमल अग्रवाल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में ट्रस्ट के संस्थापक परमहंस श्रीश्री 108 स्वामी सदानंद महाराज का 81वां जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। मंदिर परिसर में एक साथ 81 दीप प्रज्ज्वलित किये गये। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वनि वंदन एवं मंगलाचरण से हुई। इसके बाद भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी एवं सज्जन पाड़िया ने कई मधुर और मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजनों के दौरान श्रद्धालुओं ने नृत्य करते हुए अपनी भक्ति अर्पित की। जन्मोत्सव के अवसर पर पुजारी अरविंद पांडेय द्वारा विधिवत भोग लगाया गया एवं विशेष आरती का आयोजन हुआ। आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने कहा कि स्वामी सदानंद महाराज का जीवन त्याग, सेवा और मानव कल्याण को समर्पित है। इस अवसर पर डुंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, मनोज कुमार चौधरी, सज्जन पाड़िया, निर्मल छावनिका, नंद किशोर चौधरी, शिव भगवान अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, सुरेश चौधरी, अरविंद अग्रवाल, सुनील पोद्दार, अशोक पोद्दार, मनीष जालान, बिष्णु सोनी, मनीष सोनी, सुरेश अग्रवाल, पवन पोद्दार, विद्या देवी अग्रवाल, बिमला जालान, शीला मुरारका, रमा डोकानिया, कविता गाड़ोदिया, संतोष देवी अग्रवाल, ललिता पोद्दार, रेखा पोद्दार, मनीषा जालान, सरिता अग्रवाल, प्रमिला पुरोहित, सुधा सुल्तानिया सीता शर्मा, शारदा पोद्दार, मंगला मोदी, उषा मोदी, आशा मुंजाल, दीपिका मोतीका, आशा मिश्रा, आशा सिंह और बिमला मिश्रा आदि उपस्थित थीं।

# धर्मांतरण, घुसपैठिये सहित अन्य एजेंडों से बाहर नहीं निकल पा रही भाजपा : लाल किशोरनाथ शाहदेव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने शनिवार को कहा कि भाजपा अभी भी धर्मांतरण घुसपैठिये सहित अन्य एजेंडों से बाहर नहीं निकल पा रही है, जबकि राज्य की जनता बीजेपी के एजेंडे को 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव समेत कई अवसरों पर नकार चुकी है। इसके बावजूद जनता से जुड़े मुद्दों पर बीजेपी कभी भी सरकार से सवाल नहीं उठा रही है। विधानसभा में बीजेपी के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल की बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लाल किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा के लिए महत्वपूर्ण है कि समाज में द्वेष और वैमनस्यता फैलायी जाये। मतदाता पुनरीक्षण के नाम पर समाज को बांटा जाये और धर्मांतरण, घुसपैठिये जैसे मुद्दे को हवा देकर समाज में द्वेष फैलाया जाये। विकास के मुद्दे को गौण किया जाये। इन सब बातों को लेकर के बीजेपी ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है।

# पटेल बीएड कॉलेज में तुलसीदास जयंती का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** पटेल बीएड कॉलेज में महान संत और रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जयंती बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और तुलसीदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ने तुलसीदास के जीवन, उनके आदर्शों और समाज में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं ने सुंदर काव्य पाठ, भजन, एवं नाटक के माध्यम से तुलसीदास जी की शिक्षाओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में कहा कि तुलसीदास की रचनाएं आज भी समाज को नैतिक मूल्यों और भक्ति की राह दिखा रही हैं। विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन बीएड विभाग की शिक्षिकाओं द्वारा किया गया और अंत में सभी उपस्थित जनों को प्रसाद वितरण किया गया।

# सनोज पांडेय की हत्या में शामिल तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** 4 जुलाई को सनोज पांडेय (पिता स्व सुरेश पांडेय, ग्राम माधोपुर थाना सतगावां) के साथ उन्हीं के पड़ोसी द्वारा मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया था। जख्मी सनोज पांडेय को उनके परिजन इलाज हेतु रिम्स, रांची में भर्ती कराये थे। इस संबंध में जख्मी सनोज पांडेय के भाई अनुज कुमार पांडेय के फर्द बयान के आधार पर सतगावां थाना कांड सं 62/25 दर्ज किया गया था। इलाज के दौरान में सनोज पांडेय की मौत रिम्स में हो गयी। उक्त कांड का अनुसंधान के कम में कांड में संलिप्त पाये गये कुल 7 अभियुक्तों में से अभियुक्त सुनील यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है और विधि विरूध बालिका को न्यायालय के आदेशानुसार बाल सुधार गृह देवघर भेजा गया है। जबकि शेष 5 अभियुक्त लगातार फरार रह रहे थे। इनमें से 3 अभियुक्त के बारे में पुलिस अधीक्षक, कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि वे धनबाद जिलान्तर्गत चिरकुंडा थाना के सोनार डंगाल, कुदरा मंदिर के पास देखे गये हैं। उक्त सूचना पर कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी सतगावां के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम ने छापामारी कर अभियुक्त अनिल पांडेय पिता स्व लटन पांडेय, कंचन देवी पति पप्पू पांडेय, अंजली कुमारी पिता अनिल पांडेय सभी ग्राम पांडेय मुहल्ला माधोपुर को गिरफ्तार किया गया।

# लव जिहाद : जमील अख्तर ओड़िशा से विवाहिता को भगा लाया, पहले भी तीन हिंदू लड़कियों से कर चुका है शादी

आजाद सिपाही संवाददाता


मौके पर जुटे लोग।

**बोकारो।** बोकारो में लव जिहाद का मामला सामने आया है। ओड़िशा के भुवनेश्वर से लापता हुई लड़की बोकारो में मिली है। इस दौरान लड़की के परिजनों ने लव जिहाद का आरोप लगाया है। बोकारो के सेक्टर 12 थाना पुलिस लोहांचल पहुंची जहां पुलिस ने छापा मारकर युवती और एक युवक को बरामद किया। पुलिस उन्हें अपने साथ सेक्टर 12 थाना ले लायी। इस दौरान युवती के परिजन भी साथ में थे।

मिली जानकारी के मुताबिक दोनों शादीशुदा हैं। आरोपी युवक जमील अख्तर ने बताया कि वे दोनों बोकारो में भाड़े की मकान में रह रहे हैं। वहीं ओड़िशा के भुवनेश्वर में लड़की के परिजनों ने थाना में लड़की के लापता होने का मामला दर्ज कराया था। जिसके बाद बोकारो में लोकेशन मिलने के आधार पर सेक्टर 12 थाना पुलिस द्वारा छापेमारी कर दोनों को बरामद करते हुए अपने साथ सेक्टर 12 थाना लायी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताते चलें कि लड़की के पिता ने जो राज खोला वो सबको अचंभित में डाल दिया क्योंकि भुवनेश्वर से बोकारो पहुंचे पिता जब अपनी बेटी की खोज में पहुंचे और पुलिस ने सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के लोहांचल में छापेमारी कर युवक और युवती को पकड़ा और राज खुला तो सब सकते में आ गये।

## युवती को भगा कर ले आया

दरअसल पीड़ित लड़की के पिता ने बताया कि जमील अख्तर नामक शख्स जो भुवनेश्वर में हमलोगों के बगल का रहने वाला है और हमारे घर आता जाता था। उसे हम अपने बेटे की तरह मानते थे लेकिन वह नहीं जानता था कि आरोपी लव जिहाद का खेल उसके घर में ही रच रहा है और उसकी शादीशुदा लड़की को ही अपने जाल में फांसकर भगा ले जाने के चक्कर में है।

## तीन शादियां कर चुका है युवक

राज तब खुला जब युवती घर से गायब मिली और पिता ने जब आरोपी युवक से पूछा तो उसने कहा कि पता नहीं कहां चली गयी है। लेकिन जब पिता ने जांच शुरू की तो पता चला कि आरोपी जमील अख्तर इससे पहले भी तीन शादियां कर चुका है और तीनों ही हिंदू लड़की को प्रेम जाल में फंसाकर लव जिहाद को अंजाम दिया है। इसी शक के आधार पर पिता ने वहां के थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी। जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ी और लोकेशन के आधार पर बोकारो के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के लोहांचल में उसकी बरामदगी हुई। पीड़ित पिता ने बोकारो पुलिस और यहां के विश्व हिंदू परिषद के लोगों से जब संपर्क साधा और मोबाइल लोकेशन के आधार पर जब सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के लोहांचल के एक घर में पहुंचे तो सब सकते में रह गये क्योंकि पिछले 6-7 महीने से युवक और युवती यहीं पर रह रहे थे।

## हिंदू आइडी दिखाकर रह रहे थे : मकान मालिक

इस दौरान मकान मालिक मीडिया को देखकर भड़क गये और कुछ भी बताने से बचते रहे लेकिन पता चला कि दोनों ने आइडी हिंदू नाम से ही लिखवाया था और भाड़े में दोनों रह रहे थे। जब पुलिस उक्त घर में पहुंची और दोनों को सेक्टर 12 थाना लाया गया तो काफी गहमा गहमी भी देखने को मिली।

पुलिस अब पूरे मामले की जांच की बात कह रही है। वहीं युवक का कहना है कि हम पहले से शादीशुदा हैं और लड़की भी शादीशुदा है। उन्होंने कहा कि हमारा पहले जिससे शादी हुआ है उसके साथ डाइवोर्स को लेकर केस चल रहा है। वहीं इस मामले में पुलिस कुछ भी कहने से बचती रही। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है।

# दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकारियों के साथ अपर महाप्रबंधक ने स्वच्छता का संकल्प लिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर 1 अगस्त से 15 अगस्त तक मुख्यालय और मंडलों में स्वच्छता गतिविधियों की शुरूआत की है। इस क्रम में, दक्षिण पूर्व रेलवे के अपर महाप्रबंधक, सौमित्र मजूमदार ने एक अगस्त को गार्डनरीच स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकारियों ने स्वच्छता बनाये रखने और भारत को स्वच्छ और सुंदर देश बनाये रखने की शपथ ली। दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित थे।

# नियोजन नीति को लेकर सरकार वादा खिलाफी कर रही है : राजेंद्र प्रसाद

## बिहार के छात्रों की मांग जायज, किया समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** खतियान आधारित स्थानीयता व नियोजन नीति बनाने का वादा किया था, लेकिन अब तक नियोजन नीति और स्थानीय नीति नहीं बनाकर वादा खिलाफी कर रही है। उक्त बातें झारखंड आंदोलनकारी एवं मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहीं। प्रसाद ने यह भी कहा कि 1932 का खतियान व्यावहारिक नहीं है, क्योंकि अंतिम सर्वे 1964 में हुआ है, इसलिए सरकार 1964 के आधार पर खतियान आधारित नियोजन नीति यथाशीघ्र बनाये। प्रसाद ने बताया कि जब 1932 के आधार पर स्थानीय नीति बनाने की मांग को लेक मूलवासी सदान और आदिवासी आंदोलित थे, तब वैसे जिलों से उन्हें फोन आते थे, यह कहकर कि 1932 उनके जिलों में सर्व नहीं हो पाया है। इसके बाद ही आदिवासी और मूलवासी सदानों के बुद्धिजीवियों के साथ बैठक कर अंतिम सर्व 1964 के आधार पर नियोजन नीति और स्थानीय नीति को बनाने पर सहमति बनी थी। प्रसाद ने कहा कि बिहार के छात्रों ने 90-95 प्रतिशत बिहार के अभ्यर्थियों को ही नौकरी देने की मांग को लेकर शुक्रवार को पटना में प्रदर्शन किया है, जिसका उन्होंने समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरी राज्य के लोगों को मिलना ही चाहिए। प्रसाद ने कहा कि हम झारखंड में यही मांग को लेकर 25 वर्षों आंदोलन कर रहे हैं। कुछ लोगों को पेट में दर्द हो रहा था, लेकिन आज बिहार में भी नियोजन नीति को लेकर छात्र पटना के सड़कों पर हैं। अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड सरकार अंतिम सर्वे 1964 के आधार पर स्थानीय नीति और नियोजन नीति तुरंत बनाये।

# विमल कुजूर को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में डिस्पैच सेक्शन में पदस्थापित विमल कुजूर का शुक्रवार को सेवानिवृत्ति कार्यक्रम परीक्षा विभाग सभागार में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य रूप से वीरेंद्र वर्मा कैफी, मनोज महतो, कर्मवीर उरांव, संजीत राज, जनार्दन आशीष आदि विभागीय कर्मचारियों ने अपनी भागीदारी निभाई। बताते चलें कि श्री कुजूर अपने 60 वर्ष की आयु पूरा होने पर विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त हुए हैं और उनकी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी कर्मचारियों ने उनके सहयोग को सराहा।

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी, सांतरागाछी, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर मंडल द्वारा नीचे उल्लिखित विवरण के अनुसार **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। योग्य निविदाकारों से अनुरोध है कि वे नीचे उल्लिखित विवरण के अनुसार केवल **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करें। कोई भी ऑफलाइन निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। विवरण के लिए कृपया डॉक्यूमेंट सेक्शन में अपलोड किए गए निविदा कागजात को पढ़ें। **निविदा सूचना सं. सी–एमसीसी–एन3–दिनांक 30.07.25, कार्य का नाम:** सांतरागाछी कोचिंग डिपो में 03 वर्षों के लिए नए कम्पोजिट ग्रिड में कोचों की यंत्रचालित सफाई। **निविदा मूल्य:** रु. 32,89,22,939.68, **ईएमडी:** रु.17,94,600/–, **निविदा की अंतिम तिथि:** दिनांक 25.08.2025 को 12.00 बजे। **निविदा कागजात की लागत :** रु.10,000/– (अप्रतिदेय)। **(PR-468)**

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना संख्या : एस एण्ड टी–सी–डीएचएन–25** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल/महेंद्रुघाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई–निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**ई–निविदा संख्या:** एस एण्ड टी–सी– डीएचएन–25, **कार्य का नाम :** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल में इंजीनियरिंग निर्माण कार्य के संबंध में गोमोह–पीकेए, जीएमओ–सीआरपी–जेएनएन, पीटीआरयू–टीकेएस, कुजू–आरआरएमई, पीकेए–पीईएच, केक्यूआर–एआरजीडी या डिप्टी. सीएसटीई/कॉन./डीएचएन के अंतर्गत किसी अन्य स्थान पर सिग्नलिंग केबल, लोकेशन बॉक्स, क्वाड, ओएफसी आदि की उपयोगिता शिफ्टिंग, **अनुमानित लागत :** रुपया 12,80,22,840.69, **अमानत राशि : रुपया** 7,90,100.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **कार्य निस्पादित करने का समय :** 12 महिना, **ई–निविदा ऑनलाइन जमा करन का अंतिम दिन एवं समय :** 21/08/2025 को 15:00 Hrs. तक।

विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखने के लिए उपलब्ध है।

**उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण**
**पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद**
**पीआर/0710/कॉन/डीएचएन/एस&टी/टी/25–26/36**

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit No. 3843, Dated: 17.06.2025 I, **JAYLAL KUMAR MAHTO** S/O- Chaman Mahto, Aged about 30 years, resident of Vill- Chutte, Post- Chutte, PS- Chatrochatti, Distt- Bokaro (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
**1.** That, my Nationality is Indian.
**2.** That, my correct and real name is **JAYLAL KUMAR MAHTO** which has been mentioned in my Aadhar card vide **Aadhar No. 9712 1915 0943** and Pan card vide **Pan No.- CGSPM66258**.
**3.** That, in my Bank Passbook of Bank of India, Gomia Branch vide **Account No. 48111011001 4565** my name has been mentioned as **JAYLAL MAHTO.**
**4.** That, **JAYLAL KUMAR MAHTO** and **JAYLAL MAHTO** is same and only one person that is myself.
**5.** That, I want to correct or rectify my name in my aforesaid bank account as **JAYLAL KUMAR MAHTO** in place of **JAYLAL MAHTO**.
**6.** That, I am swearing this affidavit to file it before authority concern for needful purpose.
**7.** That, the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge, information and belief and if found incorrect or false I shall be liable for the prosecution in the relevant section of law.

# आखिर अपराध किया किसने

मालेगांव बम विस्फोट केस हाल का वह दूसरा संवेदनशील मुकदमा है, जिसमें अदालत में जांच एजेंसियों की कमियां पकड़ी गयीं। इसी 21 जुलाई को बॉम्बे हाइकोर्ट ने मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सीरियल बम ब्लास्ट के आरोपियों को बरी किया था। अब स्पेशल एनआइए कोर्ट ने मालेगांव केस के सभी 7 अभियुक्तों को बरी कर दिया।

**कोर्ट ने कमियां गिनायीं :** महाराष्ट्र के मालेगांव में 29 सितंबर 2008 को हुए धमाकों में 6 लोगों की मौत हुई थी और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए थे। पहले इस मामले की जांच महाराष्ट्र एटीएस ने की, उसके बाद एनआइए ने। लेकिन 17 साल बाद अदालत में पूरी जांच प्रक्रिया ही खामियों से भरी निकली। जिन सबूतों के आधार पर पूरा मुकदमा खड़ा किया गया था, वे कोर्ट रूम में टिके ही नहीं। अभियोजन पक्ष के पास आरोपों को साबित करने के लिए ठोस और विश्वसनीय सबूत नहीं थे।

**हर स्तर पर लापरवाही :** अभियोजन पक्ष न तो यह साबित कर सका कि जिस बाइक में विस्फोटक था, वह साध्वी प्रज्ञा सिंह की थी और न यह कि लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित ने अपने घर पर आरडीएक्स रखा और बम बनाया। अदालती फैसले को देखने के बाद लगता है कि जांच के हर स्तर पर लापरवाही बरती गयी। यह कोई छोटी चूक नहीं है कि वारदात स्थल की ठीक से बैरिकेडिंग नहीं की गयी थी, जिससे क्राइम सीन को नुकसान पहुंचा। इसकी भी जवाबदेही होनी चाहिए कि कैसे घायलों की संख्या को लेकर गफलत हुई और कुछ मेडिकल सर्टिफिकेट में किसके इशारे पर हेरफेर किया गया।

**अभियोजन पक्ष न तो यह साबित कर सका कि जिस बाइक में विस्फोटक था, वह साध्वी प्रज्ञा सिंह की थी और न यह कि लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित ने अपने घर पर आरडीएक्स रखा और बम बनाया।**

**एजेंसियों की क्षमता :** इस मुकदमे में इतनी कमियां निकली हैं, जिसके बाद सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हमारी जांच एजेंसियां ऐसे गंभीर मामलों को ठीक से हैंडल कर सकती हैं? अगर बरसों लंबे इंतजार के बाद भी नतीजा इतनी कमियों के रूप में सामने आए, तो भरोसे पर चोट लगेगी ही। यह भी देखने वाली बात है कि इन कमियों को घटना के कोई एक-दो नहीं बल्कि 17 साल बाद पकड़ा जा रहा है। क्या अब नये सिरे से जांच करना और कमियों को दुरुस्त करना संभव हो पायेगा?

**इंसाफ मिले :** यह केस राजनीतिक विवादों में भी रहा है। अदालती फैसले के बाद भी इस पर सियासत होगी। वहीं, इस केस में कोर्ट की यह टिप्पणी अहम हो जाती है कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। अब बहस तो यह होनी चाहिए कि कैसे उन लोगों को इंसाफ मिले, जिन्होंने उस धमाके में किसी अपने को खोया है। समय यह सोचने का भी है कि क्या जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली में आमूलचूल बदलाव की जरूरत है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**2008 में मालेगांव विस्फोट की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को सत्ता की सियासत ने न्याय के विमर्श से हटा कर केवल एक राजनीतिक प्रयोगशाला बना डाला। जो भगवा युगों से त्याग, तपस्या और तेजस्विता का प्रतीक है, उसे आतंक का पर्याय ठहराने की कपटी कोशिश की गयी। भगवा आतंकवाद ये वो शब्द था, जिसे चुनावी लाभ के लिए कांग्रेस ने गढ़ा, मीडिया ने गाया और सियासत ने देश की आत्मा पर थोप दिया। इस जुमले में न केवल भाषा की मर्यादा टूटी, अपितु राष्ट्र की आत्मा भी आहत हुई। कांग्रेस की यह कुनीति कोई चूक नहीं थी, यह एक सुविचारित साजिश थी, भारत की मूल चेतना को कलंकित करने का षड्यंत्र था।**

# मालेगांव से मंथन तक: सत्य की प्रतिष्ठा, साजिश की पराजय

**प्रणय विक्रम सिंह**

मालेगांव विस्फोट कांड में मुंबई की विशेष एनआइए अदालत द्वारा सभी सातों आरोपियों को बरी किया जाना सत्यमेव जयते का सिंहनाद है। यह निर्णय वह ऐतिहासिक क्षण है, जब सत्य, अन्याय के शोरगुल के पार खड़ा होकर घोषणा कर रहा है कि मैं पराजित नहीं, केवल प्रतीक्षित था। यह निर्णय केवल अभियुक्तों की दोषमुक्ति नहीं, बल्कि एक षड्यंत्र के शमन और सनातन पर हुए संदेह के संहार का उद्घोष है।

यह उस सत्य की पुनर्प्रतिष्ठा है, जिसे कांग्रेस की कुटिल सत्ता ने साजिश, संदेह और सुनियोजित अपकीर्ति के अंधकार में कैद रखने का षड्यंत्र रचा था।

यह कांग्रेस के उस चरित्र का पर्दाफाश है, जो सत्ता की सीढ़ियां चढ़ने के लिए न्याय को कुचलने, राष्ट्र को कलंकित करने और साधु-सैनिकों की संपूर्ण साधना को अपमानित करने से भी नहीं हिचकिचाया। यह एक दुःसाहसी दुष्चक्र के ध्वंस का आरंभ है।



**अब कांग्रेस को जवाब देना होगा कि उसने राजनीति के लिए राष्ट्रीय अस्मिता को क्यों नीलाम किया? वह क्यों चुप रही जब निर्दोषों की यातनाएं चीख रहीं थीं? वह क्यों धर्म के नाम पर न्याय को विभाजित कर रही थी? यह निर्णय 2024 के बाद कांग्रेस के वैचारिक ढांचे को और भी जर्जर करेगा। यह फैसला मीडिया की उस प्रवृत्ति को भी कठघरे में खड़ा करता है, जो इल्जाम को ही इल्म समझती है।**

### भगवा पर षड्यंत्र का भार

2008 में मालेगांव विस्फोट की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को सत्ता की सियासत ने न्याय के विमर्श से हटा कर केवल एक राजनीतिक प्रयोगशाला बना डाला। जो भगवा युगों से त्याग, तपस्या और तेजस्विता का प्रतीक है, उसे आतंक का पर्याय ठहराने की कपटी कोशिश की गयी। भगवा आतंकवाद ये वो शब्द था, जिसे चुनावी लाभ के लिए कांग्रेस ने गढ़ा, मीडिया ने गाया और सियासत ने देश की आत्मा पर थोप दिया। इस जुमले में न केवल भाषा की मर्यादा टूटी, अपितु राष्ट्र की आत्मा भी आहत हुई। कांग्रेस की यह कुनीति कोई चूक नहीं थी, यह एक सुविचारित साजिश थी, भारत की मूल चेतना को कलंकित करने का षड्यंत्र था। एक सोची-समझी रणनीति थी, जिसकी जड़ें देश के सांस्कृतिक मर्म को काटने के लिए बोई गई थीं। राहुल गांधी ने अमेरिका के राजदूत से कहा था कि हिंदू आतंक लश्कर से भी बड़ा खतरा है। क्या आज राहुल गांधी और कांग्रेस राष्ट्र से क्षमा मांगेंगे?

**अब सत्यमेव जयते केवल शिलालेख नहीं, संघर्ष और संकल्प का सजीव संदेश है।**

### सीएम योगी आदित्यनाथ की ललकार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस निर्णय को न केवल न्याय का उद्घोष कहा, बल्कि भारतविरोधी नैरेटिव के विध्वंस के रूप में देखा। मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना सत्यमेव जयते की सजीव उद्घोषणा है। यह निर्णय कांग्रेस के भारत विरोधी, न्याय विरोधी और सनातन विरोधी चरित्र को पुनः उजागर करता है, जिसने भगवा आतंकवाद जैसा मिथ्या शब्द गढ़ कर करोड़ों सनातन आस्थावानों, साधु-संतों और राष्ट्रसेवकों की छवि को कलंकित करने का अपराध किया है। कांग्रेस को अपने अक्षम्य कुकृत्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए देश से माफी मांगनी चाहिए।

यह केवल मुख्यमंत्री का वक्तव्य नहीं, देश की संवेदनशील आत्मा की स्वरबद्ध उद्घोषणा है, जो कह रही है अब और नहीं।

### निर्दोषों की पीड़ाः साध्वी से सैनिक तक

साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित, मेजर रमेश उपाध्याय, सुधाकर चतुर्वेदी, समीर कुलकर्णी समेत सभी अभियुक्त, ये वे नाम हैं, जिन्होंने वर्षों तक जेल की सलाखों के पीछे सत्ता की सनक की कीमत चुकाई। कठोर यातनाओं के चलते साध्वी प्रज्ञा का स्वास्थ्य चिरकालिक रूप से क्षतिग्रस्त हुआ।

साध्वी प्रज्ञा आज भी जब बोलती हैं, उनकी आवाज में वह पीड़ा झलकती है, जो एक राजनीतिक प्रहार और कूटनीतिक कारावास की परिणति है। एक महिला संन्यासिनी को हिंदू होने की सजा दी गयी, उन्हें अदालतों में घसीटा गया, परिजन तोड़े गये, मनोबल मारा गया। लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित जो भारतीय सेना में आतंक-निरोधी अभियानों में सहभागी थे, देश के प्रति समर्पित फौजी थे, उन्हें बिना किसी ठोस साक्ष्य के 9 वर्षों तक सलाखों के पीछे रखा गया। इन सबकी पीड़ा, उनके मौन, उनकी कराह और समाज की चुप्पी, यह भारत के लोकतंत्र पर अनुत्तरित प्रश्नचिह्न की भांति अटक गयी थी।

आज निर्दोष साबित होने पर क्या कांग्रेस उनके खोए हुए सम्मान, जीवन के लुटे हुए वर्ष, और अपमानित अस्तित्व का प्रायश्चित कर सकती है? क्या कांग्रेस भारत की सभ्यता से यह कहेगी कि हां, हमने तुम्हें बदनाम किया, क्योंकि तुम्हारा भगवा हमें असहज करता था? इस ऐतिहासिक निर्णय में जब विशेष अदालत ने स्पष्ट कहा कि इन अभियुक्तों के विरुद्ध कोई विश्वसनीय प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया जा सका तो यह केवल एक कानूनी टिप्पणी नहीं, बल्कि कांग्रेस की वैचारिक विफलता का अभिलेख है।

### निर्णय का समाज-राजनीति पर प्रभाव

यह निर्णय वामपंथी मानस को झकझोरेगा और कांग्रेस जैसे दलों को यह सोचने पर विवश करेगा कि वोटबैंक की राजनीति के लिए देश की संस्कृति को बलि नहीं चढ़ाया जा सकता।

अब कांग्रेस को जवाब देना होगा कि उसने राजनीति के लिए राष्ट्रीय अस्मिता को क्यों नीलाम किया? वह क्यों चुप रही जब निर्दोषों की यातनाएं चीख रहीं थीं? वह क्यों धर्म के नाम पर न्याय को विभाजित कर रही थी? यह निर्णय 2024 के बाद कांग्रेस के वैचारिक ढांचे को और भी जर्जर करेगा। यह फैसला मीडिया की उस प्रवृत्ति को भी कठघरे में खड़ा करता है जो इल्जाम को ही इल्म समझती है। खुद ही अदालत बन जाती है। टीआरपी की दौड़ में बिना जांच-पड़ताल किए किसी भी व्यक्ति के सम्मान और चरित्र का चरित्र कलंकित कर देती है। अब आम नागरिक भी पूछेगा कि क्या खबरों की हेडलाइनों के नीचे छुपा सच कभी मीडिया के गिरेबान में झांकेगा!

वर्षों तक केस खिंचने के बाद यह फैसला एक बात स्पष्ट करता है कि सत्य को जितना भी दबाया जाये, वह अंततः उग आता है। यह भारतीय न्याय व्यवस्था की उस संवेदनशील दृढ़ता का प्रमाण है, जो राजनीति की छाया से परे है।

अब सत्यमेव जयते केवल शिलालेख नहीं, संघर्ष और संकल्प का सजीव संदेश है। यह उन सबके लिए चेतावनी है, जो सत्ता की साजिश में सत्य को दफन करना चाहते हैं, जो सनातन के प्रतीकों को अपराध की भाषा में ढालना चाहते हैं, जो राष्ट्र की संस्कृति को वोटबैंक की बलि चढ़ा देना चाहते हैं।

## कोल्हान की खबरें

## काशीडीह मैदान में दुर्गा पूजा पंडाल का भूमि पूजन, मुख्य यजमान रिद्धिमा सिंह हुए शामिल



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। लौहनगरी जमशेदपुर के काशीडीह ठाकुर प्यारा सिंह धुरंधर सिंह क्लब के द्वारा आयोजित श्री श्री दुर्गा पूजा महोत्सव 2025 की तैयारी जोर सोर से शुरू हो गई है। शुक्रवार को काशीडीह मैदान में भव्य पंडाल के लिए भूमि पूजन का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान रिद्धिमा सिंह के उपस्थिति में पंडित गौरांग दास और डब्ल्यू पांडे द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई।अभय सिंह ने बताया इस बार का पंडाल राधा-कृष्ण थीम पर आधारित होगा। जिसमें राजस्थानी संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। 80 से अधिक कारीगरों द्वारा तैयार किया जा रहा यह पंडाल पूरी तरह इको-फ्रेंडली होगा। पंडाल की ऊंचाई 55 फीट और चौड़ाई 150 फीट होगी। मूर्तियां कोलकाता के कांटा टोली में तैयार की जा रही हैं।इस बार भी भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी वीरेंद्र सिंह, कन्हैया पुष्टि, राम कुमार, देबू प्रमाणिक सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## कपाली में ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, 19 पुड़िया और नकदी बरामद



चांडिल (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर कपाली ओपी पुलिस ने अवैध ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री का मामले में कारवाई करते हुए घटना में शामिल दो कारोबारियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में तमुलिया निवासी मोनू सिंह और आजाद बस्ती निवासी सोनू आलम उर्फ दानिश शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से 19 पुड़िया ब्राउन शुगर और 5950 रुपिया नगद बरामद कर लिया। बताया जा रहा है पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी तमुलिया तालाब के पास बारीक कॉलोनी में नशे का कारोबार चल रहा है। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। छापामारी दल में चांडिल एसडीपीओ अरविंद कुमार बिन्हा, कपाली ओपी प्रभारी धीरंजन कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### मानगो में 'सक्सेस क्लासेज' की नयी शाखा का कुणाल षाड़ंगी ने किया उद्घाटन

# शैक्षणिक ज्ञान के साथ मानसिक रूप से भी मजबूत बनाने की जरूरत है : कुणाल षाड़ंगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के मानगो में छात्र-छात्राओं का उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही सक्सेस क्लासेज की दूसरी शाखा का उद्घाटन किया गया। शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने फीता काट कर शिक्षा के मंदिर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा आज के समय में बच्चों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ मानसिक रूप से भी मजबूत बनाने की जरूरत है। इसके लिए शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने संस्था के निदेशक सुमित मिश्रा को नई शाखा खोलने के लिए बधाई दी। मौके पर सुमित मिश्रा ने बताया शाखा में कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों को पढ़ाई जाती है। इंजीनियरिंग और सरकारी नौकरी परीक्षाओं की तैयारी भी करवाई जाती है। इस समय संस्था में 150 से अधिक छात्र के लिए 12 शिक्षक हैं। बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए करियर काउंसलिंग और मार्गदर्शन भी की जाती है। श्री मिश्रा ने बताया शहर के अन्य क्षेत्र व विशेषकर ग्रामीण इलाकों में भी नयी शाखाएं शुरू की जायेंगी। इस अवसर पर समाजसेवी दमनप्रीत सिंह, इंदरजीत सिंह, युवा नेता दीपेनदु महतो, सिमरन भाटिया, इन्फ्लुएंसर तनवीर एहसान सहित सक्सेस क्लासेज के विनीत मिश्रा, जगजीत सिंह, रोहित कुमार, रमेश कुमार शर्मा और आनंदित कुमार उपस्थित रहे।

# हर महादेव संघ भजन संध्या का 25वां साल चार को

### प्रख्यात भजन गायक मनोज तिवारी शहरवासियों को भक्ति रस से सराबोर करेंगे

- 25 वर्षों की भजन संध्या का सफर मेरे जीवन का अद्भुत और अलौकिक अनुभव, शहरवासियों का स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद के सहारे ही हम यहां पहुंच पाये : काले सरदार




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर की भक्ति-परंपरा को जीवंत रखने वाली हर हर महादेव सेवा संघ की 25वीं भजन संध्या इस वर्ष 4 अगस्त को सावन की अंतिम सोमवारी के दिन साकची गुरुद्वारा मैदान में भव्य रूप से आयोजित की जायेगी। इस अवसर पर देश के प्रख्यात भजन गायक मनोज तिवारी अपनी टीम के साथ भक्ति संगीत की प्रस्तुति देंगे। शुक्रवार को संघ के संस्थापक अध्यक्ष अमरप्रीत सिंह काले ने इसकी जानकारी दी। श्री काले ने कहा यह आयोजन उनकी भजन यात्रा के 25 वर्षों की रजत जयंती है, जो शहरवासियों के सहयोग, प्रेम और आशीर्वाद से संभव हुआ है। इस बार भी आयोजन के लिए साकची गुरुद्वारा मैदान में विशाल पक्का पंडाल, पारंपरिक बर्फ शिवलिंग, विद्युत सज्जा, श्रद्धालुओं के लिए भोग-प्रसाद और पेयजल की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क होगा, हालांकि श्रद्धालुओं को गेटपास के माध्यम से प्रवेश मिलेगा। उन्होंने कहा मनोज तिवारी का इस आयोजन में सातवां आगमन होगा। इससे पहले लखबीर सिंह लक्खा, कैलाश खेर, अनूप जलोटा, मालिनी अवस्थी, भरत शर्मा व्यास, कल्पना पटवारी, पवन सिंह और कन्हैया मित्तल जैसे भजन गायकों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी हैं।

**संघ रत्न और सेवा सम्मान :** उन्होंने कहा इस वर्ष संघ सेवा रत्न सम्मान पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह को दिया जायेगा। साथ ही डॉ. मानस कविराज, सौरव तिवारी (पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर), वरिष्ठ पत्रकार जयप्रकाश राय और शिक्षाविद डॉ श्रीकांत नायर को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम की शुरूआत संध्या 6 बजे स्थानीय कलाकार कृष्णमूर्ति एवं उनकी टीम की प्रस्तुति से होगी। इसके बाद सम्मान समारोह और फिर मुख्य प्रस्तुति मनोज तिवारी की होगी। संघ की ओर से यातायात, अग्निशमन, चिकित्सा, स्वच्छता सहित सभी व्यवस्थाओं के लिए प्रशासनिक सहयोग लिया गया है। स्वयंसेवकों की टीमें पूरी तरह तैयार हैं। हर हर महादेव सेवा संघ सेवा, संस्कार और सांस्कृतिक संरक्षण के साथ विश्व कल्याण और मानवता की भावना से वर्षों से कार्य कर रही है। श्री काले ने शहर के महिलाओं को निश्चिंत होकर शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा पूरे कार्यक्रम यूट्यूब और फेसबुक में लाइव प्रसारण की जायेगी।

## नगर निगम गठन के खिलाफ माझी बाबाओं की बैठक, सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई का एलान



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बालीगुमा स्थित माझी थान परिसर में संयुक्त ग्राम सभा समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। शुक्रवार को बैठक में मानगो नगर निगम के असंवैधानिक गठन और प्रस्तावित चुनाव का विरोध करते हुए 12 मौजा के पारंपरिक ग्राम प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।बैठक की अध्यक्षता बालीगुमा के माझी बाबा रमेश मूर्मू ने की।मौके पर माझी बाबाओं ने निर्णय लिया अनुसूचित क्षेत्र में संविधान की पांचवीं अनुसूची और अनुच्छेद 244 की अनदेखी कर नगर निगम गठन व चुनाव थोपना आदिवासियों के अधिकारों का उल्लंघन है। यदि बिना पेसा कानून लागू किए चुनाव कराया गया तो व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा।माझी बाबाओं ने 15 दिनों के अंदर झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दाखिल करने का भी ऐलान किया। बैठक में डिमना, कुमरूम, गोड़गोड़ा, दाईगुट्टू, बावनगोड़ा व तुरियाबेड़ा के पारंपरिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने वन विभाग के मुआवजा चेक का किया वितरण, 13 पीड़ित परिवारों को मिली राहत



चांडिल (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने वन विभाग द्वारा स्वीकृत 16.90 लाख की मुआवजा राशि के चेक 13 पीड़ित परिवारों के बीच वितरण की। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम चांडिल वन क्षेत्र पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई। प्रत्येक लाभुक को 1.30 लाख का चेक सौंपा गया। मौके पर विधायक ने कहा हाथियों के कारण मकान, फसल या अन्य नुकसान होने पर पीड़ित वन विभाग में आवेदन करें, ताकि प्रक्रिया पूरी कर उचित मुआवजा दिया जा सके। मुआवजा मिलने पर पीड़ित परिवारों ने विधायक और वन विभाग का आभार व्यक्त किया।

## एंटी क्राइम चेकिंग अभियान में बिना नंबर प्लेट की तीन बाइक जब्त



चांडिल (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर चांडिल थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। शुक्रवार को अभियान के दौरान थाना प्रभारी डील्सन बिरुआ के नेतृत्व में पंडित रघुनाथ मुर्मू चौक, पाटा टोल प्लाजा और डैम रोड पर सघन वाहन जांच की गई।जांच के दौरान बिना नंबर प्लेट की तीन मोटरसाइकिल जब्त की गईं। पुलिस ने वाहन चालकों से कागजात भी जांचे और नियमों का पालन करने की अपील की। थाना प्रभारी ने बताया यह अभियान अपराध नियंत्रण के लिए जारी रहेगा।

## नमाजियों ने कैंसर पीड़ित के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग दिया



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के चरका पत्थर नूरी मस्जिद के नमाजियों ने शुक्रवार को जुम्मे की नमाज अदा करने के बाद एक कैंसर पीड़ित पति के लिए सहयोग मांगने आई पत्नी को आर्थिक सहयोग कर सामाजिक समरसता का मिसाल पेश किया है। जानकारी के अनुसार हासनदाग गांव निवासी विजय चौधरी जो कुछ दिनों से कैंसर की बीमारी से पीड़ित है, जिनका इलाज रिम्स रांची में चल रहा है। घर के अकेला कमाऊ व्यक्ति के गंभीर बीमारी का इलाज के दौरान उनके घर परिवार, बाल-बच्चे को भी काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को मेराल चरका पत्थर नूरी मस्जिद के गेट के पास उनकी पत्नी सुशीला देवी पहुंची और यहां के जिम्मेवार लोगों से अपने बीमार पति के इलाज के लिए मदद करने की बात रखी तो यहां के खतीब वो इमाम हजरत मौलाना गुलाम यासीन ने नमाज अदा करने से पहले मेंबर शरीफ पर खड़े होकर उनके बीमार पति विजय चौधरी के लिए ऐलान किया की जिनसे जितना हो सके इस बहन को ज्यादा से ज्यादा मदद करें और यहां के लोगों ने उनको मदद भी किया और उन्हें आगे भी मदद करने के लिए अगले शुक्रवार को भी बुलाया है। इस दौरान मौजूद युवा समाज सेवी अतहर अली अंसारी, सदर मुख्तार अंसारी, लतीफ अंसारी, रियाज अंसारी, मौलाना गुलाम मुस्तफा, निजाम अंसारी, शहादत अंसारी, नूर मोहम्मद, शरीफ अंसारी, हमिद अंसारी आदि लोगों ने भी सहयोग किया।

## एसडीओ ने लंबित मामलों के निपटारे का दिया निर्देश



**मेराल (आजाद सिपाही)।** सदर एसडीओ संजय कुमार पांडे ने शुक्रवार को मेराल प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रभारी बीडीओ यशवंत नायक से योजना से संबंधित अद्यतन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीडीओ को निर्देशित किया कि सभी पंजियों का अद्यतन समय पर सुनिश्चित किया जाये और लंबित मामलों और ब्लॉक आने वाले ग्रामीणों के समस्याओं का यथाशीघ्र निपटारा करना सुनिश्चित करें। एसडीओ श्री पांडे से मेराल में मनरेगा मजदूरों के पलायन के बारे में पूछे जाने पर कहा कि बारिश के चलते योजना कम चल रहा है। इसके बारे में मुझे जानकारी नहीं है फिर भी हम देखेंगे। मौके पर बीपीआरओ सह एजीएम बसंत पांडेय, प्रखंड प्रधान सहायक रामनाथ भगत, नाजिर सुनील कुमार, प्रखंड सहायक रिजवान अख्तर, जितेंद्र चौबे आदि कई लोग मौजूद थे।

## भारत स्काउट एंड गाइड हिमालया वुड बैज कोर्स के प्रशिक्षण के लिए रंका के सोनू का चयन



**रंका (आजाद सिपाही)।** भारत स्काउट एंड गाइड के अंतर्गत हिमालया वुड बैज कोर्स प्रशिक्षण के लिए पलामू प्रमंडल से रंका निवासी सोनू कुमार सोनी का चयन किया गया है। जो पलामू प्रमंडल वासियों के लिए गर्व कि बात है। बताते चलें कि सोनू कुमार सोनी जिला संगठन आयुक्त भारत स्काउट एंड गाइड कार्यालय लातेहार में कार्यरत थे। जिन्होंने 2003 में रंका हाई स्कूल से प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान और गढ़वा जिला में तृतीय सोपान का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन्होंने आशा और उम्मीद के साथ उक्त संस्था से जुड़े रहे तथा 2009 में बेसिक कोर्स, 2010 में एडवांस कोर्स का प्रशिक्षण राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र हजारीबाग (झारखंड) से प्राप्त किया। इन्होंने 16 वर्ष की लंबे समय के बाद भारत स्काउट एंड गाइड के अंतर्गत सफलता की सर्वश्रेष्ठ सिढ़ी मानी जाने वाली हिमालया वुड बैज कोर्स प्रशिक्षण हेतु झारखंड राज्य के प्रशासक सेवानिवृत्त आइएएस अनिल सिंह के अथक प्रयास से चयन कर प्रशिक्षण हेतु पटना भेजा गया है। ज्ञात हो कि भारत स्काउट एंड गाइड संस्था दुनियां के 216 देश में कार्यरत है।

## गोपीनाथ सिंह महिला कॉलेज में मना सावन महोत्सव




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय कल्याणपुर में सावन महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर प्राचार्या डॉ संयुक्ता सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से महिलाओं का मनोबल बढ़ता है और छात्राओं को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। प्रोग्राम पदाधिकारी डॉ अनीता तूफानी ने कहा कि सावन प्राकृति कि हरियाली का महीना होता है। इस शुभ अवसर पर छात्राएं द्वारा रंगोली मेहंदी एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर डॉ शीशम साहू , प्रो अशोक पाठक, प्रो एसएन राय, डॉ सुनीता, डॉ अरुण कुमार, डॉ महिपाल डॉ कविता कुमारी, डॉ प्रीति सिंह, प्रो आभा मुखर्जी, नीता सिह,प्रो विभा कुमारी, प्रो मनोरमा कुमारी, प्रो सुमेधा कुमारी, प्रो गुलशन आरा, गौतम सिंह, राकेश पाल,मुकेश कुमार, निवंर्ती देवी, माया देवी के अतिरिक्त छात्रा शिल्पी जाटव, सृष्टि कुमारी, चांदनी कुमारी, प्रीति कुमारी, श्रेया कुमारी सहित काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## पेंशनर्स समाज ने अनुमंडल कार्यालय में 25 पौधे लगाये



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा के तत्वावधान में अनुमंडल परिसर में वृक्षारोपण किया गया। समाज के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव की अध्यक्षता में वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न किया गया। संगठन के सदस्यों द्वारा जिले के अनुमंडल कार्यालय परिसर में लगभग 25 पेड़ यथा सागवान, शीशम, चकुंडी आदि वृक्षों का रोपण किया गया। मौके पर बोलते हुए पेंशनर समाज गढ़वा जिला अध्यक्ष केके यादव ने कहा कि उक्त वृक्षारोपण से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प की दिशा में एक सफल प्रयास है। आईए हम सभी इस बरसात के मौसम में अपने-अपने घरों में तथा खेतों में भी अपने माता-पिता के नाम एक-एक पेड़ लगाने का संकल्प लें। इस अवसर पर अशर्फी राम, डॉक्टर कन्हैया प्रसाद सिंह, श्याम बिहारी राम, संतोष कुमार, सुदामा राम, श्रवण कुमार आदि कई अवकाश प्राप्त सरकारी कर्मी उपस्थित थे।

# सुनील पासवान हत्याकांड मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचा

अन्य फरार अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस कर रही है लगातार छापेमारी

विकास दुबे के गढ़वा, टंडवा स्थित आवास पर बनी थी हत्या की योजनाः एसडीपीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत मंडरा गांव में 30 जुलाई को भूमि विवाद को लेकर हुई सुनील पासवान नामक व्यक्ति की हत्याकांड में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधियों में गढ़वा थाना क्षेत्र के लोटो गांव निवासी विपुल धर दुबे, मेराल थाना क्षेत्र के लातदाग गांव निवासी रोहित दुबे एवं श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र पाल्हे गांव निवासी साकेत कुमार चौबे उर्फ रोहित चौबे शामिल है। इनकी निशानदेही पर हत्याकांड में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल एवं एक देशी कट्टा और दो गोली बरामद हुआ है। इसकी जानकारी गढ़वा के एसडीपीओ नीरज कुमार ने गढ़वा थाना में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।

एसडीपीओ ने बताया कि इस हत्या कांड की योजना गढ़वा शहर के टंडवा में विकास दुबे के घर पर एक दिन पहले बनी थी। इसके बाद अपराधी मंडरा गांव में दीपक पांडेय के घर 29 जुलाई की रात में गए थे। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई की सुबह में मंडरा गांव में सुनील पासवान की गोली मारकर उस समय हत्या कर दी गयी थी, जब वह मवेशी चराने के लिए गया था। उसी समय दो मोटरसाइकिल पर सवार चार अपराधियों राजेश पांडेय, दीपक पांडेय, साकेत चौबे एवं पहलवान उर्फ सुशील वहां पहुंचे और सुनील पासवान की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसे लेकर मृतक की पत्नी ने सात नामजद एवं अन्य के विरुद्ध कांडी थाना में मामला दर्ज कराया था। इस मामले में अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक ने गढ़वा एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया। एसआइटी ने छापेमारी शुरू की। तब इस कांड में शामिल साकेत कुमार चौबे की गिरफ्तारी हुई। उसकी निशानदेही पर कांड में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल एवं देशी कट्टा एवं दो जिंदा गोली बरामद किया गया। इसके बाद इस मामले में शामिल एक अन्य अपराधी रोहित दुबे को भी गिरफ्तार किया गया। उसके स्वीकारोक्ति बयान के बाद प्राथमिकी के आरोपित दीपक पांडेय की बहन के घर गढ़वा थाना क्षेत्र के अचला नावाडीह से हत्याकांड में प्रयुक्त दूसरी मोटरसाइकिल बरामद की गयी। साथ ही इस कांड में शामिल लोटो गांव के विपुल धर दुबे को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपितों ने बताया कि वे लोग विकास दुबे के लिए काम करते हैं और जमीन का कारोबार करते हैं। एसडीपीओ ने बताया कि हत्या कांड में शामिल प्राथमिकी के आरोपित राजेश पांडेय एवं दीपक पांडेय सहित अन्य की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। छापेमारी दल में श्रीबंशीधर नगर के एसडीपीओ सतेंद्र कुमार सिंह, पुलिस निरक्षक मझिआंव सुनील कुमार तिवारी, गढ़वा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बृज कुमार, पुलिस निरीक्षक श्रीबंशीधर नगर रतन कुमार, मेराल ने प्रभारी विष्णु कांत, श्रीबंशीधर नगर थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, पुअनि विद्यासागर, पुअनि गुलशन गौतम, पुअनि मुकेश कुमार, पुअनि बिकू रजक, सअनि अभिमन्यु सिंह सहित शास्त्र बल के जवान शामिल थे।

# पुराने मामलों का शीघ्र निष्पादन करें : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** गढ़वा जिला पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने शुक्रवार को जिले के बड़गड़, भंडरिया थाना और रंका एसडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बातचीत के क्रम में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने आजाद सिपाही को बताया कि जिले के बड़गड़ थाना का निरीक्षण किया गया जिसमें नये पुराने केसेस को निष्पादन करने का निर्देश दिया गया साथ ही दस्तावेजों का भी रिव्यू किया गया और शीघ्र निष्पादन करने का दिशा निर्देश दिया गया तथा जनता के सभी प्रकार के समस्याओं का समाधान करने को कहा गया। वहीं भंडरिया थाना का भी निरीक्षण किया गया और पुराने केसेस को शीघ्र निष्पादन करने और नए केस में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया तथा जनता के समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया की रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया और यहां के समस्याओं के बारे में अवगत हुए जिसे सहयोग एवं समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह एवं बड़गड़ , भंडारिया के थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## एसडीओ ने प्रखंड सह अंचल का किया औचक निरीक्षण

**केतार (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त गढ़वा दिनेश कुमार यादव के निर्देशानुसार केतार प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को वंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिसमें उपस्थिति पंजी की जांच किया। जांच के क्रम में कई कर्मी उपस्थिति रहें एवं कुछ कर्मी अनुपस्थित पाए गए। अनुमंडल पदाधिकारी के औचक निरीक्षण से प्रखंड कार्यालय सह अंचल कर्मियों में हड़कंप मच गयी। जांच के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रखंड सह अंचल के कई महत्वपूर्ण दस्तावेजो को गहनता से जांच किया।

# डंडई में बीडीओ ने दुकानों का किया निरीक्षण, रेट चार्ट चिपकाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** सरकार द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर खाद बेचे जाने की शिकायत मिलने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) देवलाल करमाली ने शुक्रवार को लवाही गांव स्थित रिशु खाद बीज भंडार और नीरज खाद बीज भंडार का औचक निरीक्षण किया। उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ दुकानदार यूरिया और डीएपी जैसे खाद की बिक्री तय दर से अधिक कीमत पर कर रहे हैं शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ ने दोनों दुकानों में पहुंचकर खाद बिक्री की व्यवस्था की बारीकी से जांच की। उन्होंने दुकानों में खाद की बिक्री प्रक्रिया, मूल्य सूची और स्टॉक व्यवस्था की विस्तार से जांच की। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने दुकानों में मौजूद स्टॉक रजिस्टर, रेट लिस्ट, बिक्री रसीद, गोदाम रिकॉर्ड और लाइसेंस समेत तमाम जरूरी दस्तावेजों की गहनता से जांच की। साथ ही यह सुनिश्चित करने की कोशिश की गयी कि किसानों को खाद सही मात्रा में और उचित मूल्य पर मिल रही है या नहीं। इस दौरान बीडीओ ने दुकानों से खाद खरीदने आये किसानों से भी बातचीत की और दर, रसीद एवं रेट लिस्ट से संबंधित जानकारी प्राप्त करनी चाही। हालांकि अधिकांश किसानों ने इस संबंध में स्पष्ट रूप से कुछ भी बताने से परहेज किया। कुछ किसानों ने चुप्पी साध ली, जबकि कुछ ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। बीडीओ ने दुकानदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि खाद की बिक्री पूरी पारदर्शिता के साथ की जाये। स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि दुकानों के बाहर रेट चार्ट चिपकाना अनिवार्य है, ताकि किसान खुद दर की जानकारी प्राप्त कर सकें और भ्रम की स्थिति न बने। बीडीओ ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में निर्धारित दर से अधिक मूल्य वसूली, बिना रसीद बिक्री या किसी भी प्रकार की अनियमितता पायी गयी, तो संबंधित दुकानदारों पर सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

# आरके पब्लिक स्कूल हूर का परीक्षा परिणाम घोषित

बच्चों को मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से दूर रखें: अलखनाथ पांडेय



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल, हूर में एफए-2 (फॉर्मेटिव असेसमेंट-2) परीक्षाफल की घोषणा की गयी। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय मुख्य रूप से उपस्थिति थे। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या नसरीन हक, सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावकभी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

विद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम काफी संतोषजनक रहा। अधिकांश विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपने अभिभावकों और शिक्षकों को गर्व का अनुभव कराया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने विद्यार्थियों की मेहनत की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं, और उन्हें सशक्त, संस्कारित व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आरके पब्लिक स्कूल के विभिन्न ब्रांचों के कई पूर्व छात्र आज देश-विदेश में प्रतिष्ठित नौकरियों में कार्यरत हैं जो विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से दूर रखें, उन्हें समय की महत्ता समझाएं, स्वच्छता की आदत डालें, और घर में भी एक अनुशासित वातावरण तैयार करें जिससे बच्चों की समग्र प्रतिभा विकसित हो सके। प्राचार्या नसरीन हक ने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए कहा कि आरके पब्लिक स्कूल सिर्फ परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां शिक्षा को एक संपूर्ण विकास की प्रक्रिया माना जाता है। उन्होंने अभिभावकों से विशेष अनुरोध किया कि हर बच्चा किसी न किसी क्षेत्र में विशेष प्रतिभा लेकर जन्मता है। हमें बस उनकी उस छिपी हुई प्रतिभा को पहचानने की आवश्यकता है। बच्चों पर अपनी इच्छाएं न थोपें, बल्कि उन्हें उस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें जिसमें वे श्रेष्ठ हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को उनके प्रदर्शन के आधार पर प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

# विक्रेताओं ने बाजार में अतिक्रमण और प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ जतायी नाराजगी, सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** विशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत दर्जनों ग्रामीण सब्जी विक्रेता शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी को आवेदन सौंपने पहुंचे। इन विक्रेताओं ने बाजार स्थल पर हो रहे अतिक्रमण और प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि पहले उन्हें ग्रामीण बैंक के पास से हटाकर लाल चौक के समीप गैरमजरूआ जमीन पर स्थायी रूप से बाजार लगाने का आश्वासन दिया गया था। यह जमीन लगभग एक एकड़ 26 डिसमिल क्षेत्रफल में फैली हुई है। उस समय प्रशासन ने भरोसा दिलाया था कि यहां पर सब्जी विक्रेताओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यहां तक कि जमीन की मापी के लिए अंचल के अमीन और सीआई के साथ कर्मचारी भी आए थे, लेकिन भारी वर्षा के कारण काम बीच में ही रुक गया और उसके बाद से कोई पहल नहीं हुई। सब्जी विक्रेताओं का आरोप है कि अब इस जमीन पर कुछ स्थानीय लोग कब्जे की नीयत से अस्थाई घास-फूस के झोपड़े डाल रहे हैं, मवेशी बांधने के लिए खूंटे गाड़ रहे हैं और कुछ हिस्सों में गुमटियां लगाकर तेजी से अतिक्रमण कर रहे हैं। इसके चलते सब्जी विक्रेताओं को वहां से बेदखल किया जा रहा है।

# सारेगामा म्युजिकल कारवां ने मो रफी की पुण्यतिथि मनायी

रफी साहब संगीत के संत थे: एसडीएम



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सारेगामा म्युजिकल कांरवा के तत्वावधान में शहर के सोनपुरवा में सुर सम्राट स्व मो रफी की 45वीं पुण्य तिथि मनायी गयी। इस मौके पर उनके गीतों को गाकर स्थानीय कलाकारों ने उन्हे श्रद्धांजली अर्पित की। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि स्व. मो. रफी संगीत के संत थे। उन्होने विभिन्न भाषाओं के गीतों को अपनी आवाज दी। उन्होने कहा कि स्थानीय कलाकार इस संत परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। इस मौके पर स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुती देकर कार्यक्रम में शमां बांध दिया। बसंत कुमार एवं प्रभा विश्वकर्मा ने वक्त से दिन और शाम, कोयल बोली, दुनिया डोली, इतना तो याद है मुझे, उमेश विश्वकर्मा ने बर्बाद ए मोहब्बत की दुआ साथ लिये जा, ये दिल तुम बिन कहीं लगता नही, जन्म, जन्म का साथ है हमारा तुम्हारा, नफरत की दुनिया को छोड़कर, सुधांशु ने जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा, अरुण पाण्डेय ने दूर रहकर न करो बात करीब आ जाओ.... समेत अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुती दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि एसडीएम संजय कुमार ने भी मो रफी के गाये गीतों को भी गुनगुनाया तथा मो रफी को श्रद्धांजली अर्पित की। इसके पूर्व मुख्य अतिथि ने स्व रफी के चित्र पर माल्यापर्ण कर तथा पुष्पांजली अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

**Office of the Civil Surgeon–Cum–Chief Medical Officer,Khunti.**

**Expression of Interest**

**Advt No:-03/2025** **Date of Interview:- 20.08.2025**

The District Health Department, Khunti, invites Suitable Candidates for the following position of Specialist Medical Officer for strengthening health Resources in Sadar Hospital, Khunti under DMFT.

| Sl No | Post Name | No of Post |
|---|---|---|
| 1 | Anesthetist | 1 |
| 2 | Gastroenterologist | 1 |
| 3 | Neurologist | 1 |

Interested candidates are requested to report with Testimonials at 11:30 AM on ……20.08.2025…….. at District Collectorate Hall, Khunti - 835210 for the above interview with their Original Certificates and Testimonials as mentioned in application form.

Essential Qualification, Job Description, term & Condition and Relevant Documents can be downloaded from https://khunti.nic.in

Civil Surgeon-cum-
Chief Medical Officer, Khunti

PR 358743 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)D

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार,सिमडेगा**
**राष्ट्रीय लोक अदालत, 2025**
दिनांक–13 सितम्बर, 2025 शनिवार
स्थान– व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा, समय– 10:30 बजे

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार,राँची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के तत्वावधान में दिनांक 13 सितम्बर, 2025 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से व्यवहार न्यायालयपरिसर, सिमडेगा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्न प्रकार के मामलें का निष्पादन किया जाना है:–

1. बैकिंग सम्बंधी मामलें
2. धारा 138 एन आई एक्ट
3. मोटर दुर्घटना दावा वाद
4. श्रम विवाद सम्बंधी मामलें
5. पारिवारिक विवाद
6. भू–अर्जन
7. सेवा सम्बंधी मामलें
8. दिवानी मामले
9. राजस्व मामले
10. खनन सम्बंधी मामले
11. बिजली एवं पानी से सम्बंधित
12. दूरभाष सम्बंधी मामले ।

दिनांक 13 सितम्बर, 2025 को प्रातः 10:30 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का कार्य व्यवहार न्यायालय सिमडेगा में अपराहन 04:00 बजे तक चलेगा।

अतः सिमडेगा वासियों से निवेदन है कि उपरोक्त वादो से संबंधित मामलों को संबंधित विभाग से सर्म्पक कर अधिक से अधिक वादों का निपटारा कर राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठायें तथा इसे सफल बनायें।

नोटः आप QR Code एवं नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100 के माध्यम से भी अपने शिकायत/वाद/मामलों का आवेदन कर सकते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस के दिन व्यवहार न्यायालय के परिसर में स्थित जि0 वि0 से0 प्र0 सिमडेगा के कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा सचिव, जि0 वि0 से0 प्र0 सिमडेगा मो0 नं0 9263065799 से संपर्क कर सकते हैं।

व्यवहार न्यायालय सिमडेगा
Civil Court Simdega
शिकायत-सह-आवेदन पत्र
Complain-Cum-Application Form
Scan
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा
DLSA, Simdega

**मुफ्त कानूनी सहायता के लिए:**
कॉल : 15100
टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर
ऑनलाइन आवेदनः
https://www.nalsa.gov.in/Isams/

श्रीमती मरियम हेमरोम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा
एम0 अर्शी, पुलिस अधीक्षक सह सदस्य, जि0 वि0 से0 प्रा0,सिमडेगा
श्रीमती कंचन सिंहश्री, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष
राजीव कुमार सिन्हा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जि0 वि0 से0 प्रा0,सिमडेगा

निवेदक– जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।

PR 358802 Simdega(25-26)#D

# पिपरवार में कोयला कारोबारी अरशद अंसारी पर अपराधियों ने की फायरिंग

## बाल-बाल बचा कोयला कारोबारी, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के कल्याणपूर गांव निवासी सह कोयला कारोबारी अरशद अंसारी पर शुक्रवार को अज्ञात अपराधियो ने फायरिंग कर दिया। इस घटना मे कोयला कारोबारी अरशद अंसारी बाल-बाल बच गया।

घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह लगभग 11:00 बजे कल्याणपूर निवासी सह कोयला लिफ्टर अरशद अंसारी पिता हाजी अब्दुल अजीज प्रत्येक दिन की तरह अशोक परियोजना स्थित कांटा गया हुआ था,वह कोयला लिफ्टर का काम करता है। गाड़ी लगाने के बाद वह अपने नीजि चार पहिया वाहन, जिसका नंबर जेएच 01डीटी-0741 से वापस अपने घर कल्याणपूर लौट रहा था, इसी बीच पिपरवार थाना क्षेत्र के चिरैयांटांड़ के समीप एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन नकाबपोश अज्ञात अपराधी पहुंचे और अरशद के वाहन को


घटना की जानकारी देते कोयला कारोबारी अरशद अंसारी।

रोक कर बातचीत करने लगा। इसी बीच एक अपराधी ने जैसे ही हथियार निकाला, वैसे ही अरशद कार सहित आगे बढ़ते हुए वहां से भाग निकला। इस बीच अपराधियों ने पीछे से करीब दो राउंड फायरिंग भी की, जिसमे अरशद किसी तरह भागकर पिपरवार थाना पहुंचा और पुरी जानकारी पुलिस को दी।

घटना के बाद पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार ने अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी अभियान शुरू कर दी है।

इधर घटना की सूचना पाकर पिपरवार थाना के बाहर काफी संख्या में कोयला कारोबारी की भीड़ जमा हो गयी। इस घटना के बाद कोयला कारोबारी अरशद अंसारी काफी डरा एवं सहमा हुआ है। उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगायी है। इस पूरे मामले पर पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि फायरिंग की इस घटना में शामिल सभी अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जायेगा। पुलिस के द्वारा व्यापक स्तर पर छापेमारी अभियान भी चलाया जा रहा है। कोयला कारोबारी अरशद अंसारी के बयान पर पिपरवार थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। पिपरवार पुलिस के द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# खूंटी रोड में मांझीडीह टार्निंग पर फिर हादसा, एक की मौत

## एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से हुए घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** खूंटी मार्ग पर तमाड़ थाना क्षेत्र के मांझीडीह टार्निंग पर एक बार फिर दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई है। बताया जा रहा है कि खूंटी की ओर जा रहे एक ट्रक और तमाड़ की ओर से आ रही एक कार में सीधी टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में कार सवार एक व्यक्ति असरफ अली 50 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि एक अन्य महिला सलमा खातून एवं अकरत अली गंभीर रूप से घायल हो गया।




घायल महिला को प्राथमिक उपचार के लिए तमाड़ अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज हेतु रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया। सभी एक कार में सवार थे और सुंदरगढ़ राउरकेला ओड़िशा जा रहे थे। सभी एक ही परिवार के थे। पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है

स्थानीय लोगों का कहना है कि मांझीडीह टार्निंग पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। प्रशासन से मांग की जा रही है कि जल्द से जल्द इस स्थान पर आवश्यक सुरक्षा उपाय किये जायें।

# पेसा कानून के जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड सभागार में पेसा कानून के जागरूकता को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को प्रारंभ किया गया। कार्यशाला में प्रखंड के प्रमुख विक्टोरिया देवी,उप प्रमुख सविता देवी सहित सभी पंचायत समिति सदस्य, सभी मुखिया और ग्राम प्रधान की उपस्थिति में ग्राम सभा को मजबूत करने, ग्राम सभा में पारदर्शिता लाने तथा पेसा कानून को सशक्त करने को लेकर पेसा कानून की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यशाला ट्रेनर मुखिया सावना महली और रमापति प्रमाणिक ने बारी-बारी से हर बिंदु की जानकारी पंचायत जन प्रतिनिधियों को दिया। कार्यशाला का आयोजन सरकार के पंचायती राज विभाग के तत्वावधान में पॉजिटिव नोव्स संस्था के द्वारा किया गया है। इस मौके पर ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष मुंडा कृष्ण कुमार, जगतपाल बड़ाइक, मुखिया विकास सिंह मुंडा, अवनी सिंह मुंडा और रूपकुमार साहू आदि मौजूद थे।

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा खलारी ने की बैठक

# जनसमस्याओं को लेकर खलारी में जनता दरबार धरना और प्रदर्शन करने का लिया गया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा खलारी की एक आवश्यक बैठक निर्मल महतो चैक के समीप शुक्रवार आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता पूर्वी प्रखंड अध्यक्ष उमेश यादव ने की एवं संचालन पश्चिम प्रखंड अध्यक्ष तौहिद अंसारी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधानसभा प्रत्याशी फुलेश्वर बैठा उपस्थित थे। बैठक में संगठन को मजबूत करने एवं पंचायत स्तर तक विस्तार के लिए दिशा-निर्देश दिये गये। वक्ताओं ने बारी-बारी से अपने विचार रखते हुए खलारी प्रखंड की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। बैठक में 11 प्रमुख बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें सड़क, नाली, शिक्षा,




प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, डीएमएफटी फंड के दुरुपयोग सहित मजदूरों की समस्याओं के समाधान पर चर्चा शामिल रही। वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही खलारी प्रखंड में पार्टी के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा और प्रखंड कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही जेएलकेएम सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर जनसमस्याओं के निष्पादन का आह्वान किया जायेगा। बैठक में संगठन मंत्री रतिया गंझू, तौहिद अंसारी, उमेश यादव, कृष्णा महतो, राजेंद्र महतो, दीपक महतो, विजय महतो, लखन कुमार महतो, मुन्ना गंझू, हदीस अंसारी, गोविंद कुमार, तपेश्वर कुमार, प्रवीण जी, आशीष कुमार, मोटू कुमार, विक्की शाह, दीपक कुमार महतो, राजेश कुमार महतो, दशरथ कुमार, प्रकाश महतो, नरेंद्र कुमार, शंकर कुमार महतो, विजय आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### आजसरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता

खलारी (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, डकरा में 2 अगस्त को संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञानार्जन, प्रतिस्पर्धात्मक भावना और आत्मविश्वास का विकास करना है। उन्होंने बताया कि आयोजित प्रतियोगिता में स्थानीय अभिभावकों एवं समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहेंगे।

### खलारी बाजारटांड़ में नाली की सफाई, जलजमाव से मिलेगी राहत



नाली सफाई के दौरान जिप सदस्य सरस्वती देवी एवं विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक।

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी बाजारटांड़ में जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी एवं विधायक प्रतिनिधि मोनु रजक के सहयोग से नाली सफाई का कार्य कराया गया। खलारी बाजारटांड़ पुल के समीप बाजार जाने वाले मार्ग के किनारे स्थित नाली पूरी तरह जाम हो गई थी, जिससे बारिश का पानी निकल नहीं पा रहा था और जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। इसके कारण आसपास रहने वाले लोगों एवं बाजार आने-जानेवालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति को गंभीर देखते हुए जेसीबी मशीन की मदद से नाली की सफाई करवायी गयी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सरस्वती देवी एवं विधायक प्रतिनिधि मोनु रजक का आभार प्रकट किया है।

### भक्ति वेदांत गुरुकुल कुटाम के भक्तों ने नगर कीर्तन का आयोजन किया



मुरी (आजाद सिपाही)। श्री राधा रमन मंदिर गुरुकुल कुटाम मुरी के सौजन्य से एक अगस्त को सुबह दस बजे से सिल्ली के महावीर चौक से लेकर मुरी तक पदयात्रा कर नगर कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन आगामी जन्माष्टमी को लेकर किया जा रहा है। जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर 9 अगस्त से लेकर 17 अगस्त तक विशेष तैयारी के साथ श्री कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। इस नगर कीर्तन में हरे कृष्णा नाम हठ संघ सिल्ली के भक्त भी शामिल हुए और श्री कृष्ण नाम का जाप किया। बताते चले की प्रति वर्ष भक्ति वेदांत गुरुकुल कुटाम में श्री कृष्णा जन्मोत्सव को काफी धूमधाम से मनाया जाता है।

### मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त, दो घायल

बुंडू (आजाद सिपाही)। दशम फॉल थाना क्षेत्र के रांची-टाटा राष्ट्रीय राजमार्ग के पांचा गांव के पास एक मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त होने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो युवक रांची से मोटरसाइकिल से बुंडू की और आ रहे थे। मोटरसाइकिल की रफ्तार अधिक होने के कारण मोटरसाइकिल असंतुलित होकर सड़क पर गिर गयी। घटना की सूचना मिलते ही दशम फॉल पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों युवकों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक बुंडू के बानाबुरू गांव के रहने वाले हैं।

### साइकिल सवार को ट्रक ने कुचला, मौत

अड़की (आजाद सिपाही)। खूंटी-तमाड़ पथ पर अड़की थाना क्षेत्र के लैमबा गांव के समीप बाली मुंडा की सड़क दुघर्टना में मृत्यु हो गयी। घटना गुरुवार शाम की है। वह सिंदरी बाजार से सब्जी खरीदकर साइकिल से अपने गांव लैमबा कीताडीह जा रहे थे कि एक अज्ञात ट्रक ने उन्हें कुचल दिया घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### अपर समाहर्ता रांची ने अस्पताल निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराने का दिया आदेश

राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड में अस्पताल निर्माण में जमीन उपलब्ध नहीं होने पर सामाजिक कार्यकर्ता वेदांत कौस्तव ने रांची डीसी को आवेदन देकर जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। आवेदन के आलोक में अपर समाहर्ता रांची ने राहे सीओ को अतिशीघ्र अस्पताल निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराने की आदेश दिया है। ज्ञात हो कि अस्पताल निर्माण के लिए टेंडर हो चुका है लेकिन जमीन नहीं होने के कारण निर्माण प्रारंभ नहीं हो पाया है। मामला फरवरी माह से लटका हुआ है। राहे सीओ के द्वारा नावाडीह मौजा में जमीन चिन्हित किया गया था परंतु विभागीय कारणों से चिन्हित जमीन को रद्द किया गया,पुनः कुबाडीह मौजा में जमीन चिन्हित कर अभिलेख एलआरडीसी बुंडू को भेजा गया। परंतु तकनीकी कारणों से अभी मामला लटका हुआ है।

# पिपरवारमें थाना दिवस का आयोजन कई मामलों का किया गया निष्पादन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर शुक्रवार को पिपरवार थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार,पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार और अंचल निरीक्षक अंबिका रजक सहित कई लोग मौजूद थे। इस दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों के लोगों ने कई प्रकार की समस्या को प्रमुखता के साथ थाना दिवस में रखा,साथ ही समस्याओं के समाधान को लेकर अपना आवेदन जमा किया। टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने बताया कि आम जनता और पुलिस के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने और आम जनता की समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने के उद्देश्य से थाना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार, पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार, सहायक अवर निरीक्षक आदित्य किशोर तिर्की, अंचल निरीक्षक अम्बिका रजक, बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी,सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह,गीता एक्का, अब्दुल क्युम अंसारी, संजीव मिश्रा, अमर कुमार, शालो देवी, सिकेंद्र महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

# भाजपा-आजसू का प्रतिनिधिमंडल विधायक रोशनलाल चौधरी से मिला



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी एंव आजसू पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशनलाल चौधरी से मुलाकात किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पिपरवार क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। साथ ही समस्याओं के समाधान करने की अपील की। वही विधायक रौशनलाल चौधरी ने समस्या सुनने के बाद इस पर साकारात्मक पहल करते हुए इसका समाधान करने का भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल में अश्विनी कुमार दाराद, संजय पासवान, दिलीप कुमार अम्बष्ट, बिनोद सिंह, शिव शंकर सिंह, सुजित सिंह, अशोक सिंह,डाक्टर जीतेन्द्र, भोला मियां, अखिलेश सिंह उर्फ हिप्पी, सिटु साही, मोनू सिंह, उमेश सिंह, कमल सिंह, अनिल यादव, प्रमोद प्रजापति, राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

# बचरा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय वनबीआर कॉलोनी में बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय वनबीआर कॉलोनी मे शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित कर झारखण्ड सरकार के सौजन्य से सर्व शिक्षा अभियान के तहत उपलब्ध कराए गए स्कूल बैग का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी


स्कूली बच्चों को बैग देती मुखिया रीना देवी।

उपस्थित थी। मुखिया रीना देवी ने स्कूल के कुल 31 से अधिक छात्र छात्राओं के बीच स्कूल बैग और कॉपी का वितरण किया। स्कूल बैग प्रकार बच्चों में खुशी की लहर देखी गई। इस संबंध में मुखिया रीना देवी ने बताया कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद किया जाएगा। झारखंड सरकार के द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के तहत बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए कई अभियान चलाया जा रहा है,जिसका लाभ बच्चों को मिल रहा है। शिक्षा को बढ़ावा देने के उदेश्य से स्कूल के बच्चों के बीच स्कूल बैग का नितरण किया जाना झारखंड सरकार का एक सराहनीय कदम है। इससे स्कूल में पढ़ने वाले गरीब असहाय और निर्धन छात्र-छात्राओं का शिक्षा के प्रति मनोबल बढ़ेगा। इस कार्यक्रम मे मुखिया रीना देवी के अलावा स्कूल की शिक्षिका संध्या पाण्डेय,रूबी दाराद,रसोइया देवन्ती देवी सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

# उपायुक्त से मिला जेएलकेएम का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कुकड़ू प्रखंड इन दिनों जंगली हाथियों के लगातार हमलों से बुरी तरह प्रभावित है। फसलें बर्बाद हो रही हैं, ग्रामीणों के घर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और इलाके में दहशत का माहौल है। इन समस्याओं को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को उपायुक्त से मुलाकात कर तत्काल राहत और मुआवजा की मांग की। गोपेश्वर महतो ने कहा यहां के ग्रामीण पहले ही चांडिल डैम के कारण विस्थापन झेल चुके हैं। अब जंगली हाथियों की वजह से दोबारा संकट में हैं। यह सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि उन्हें तत्काल सहायता प्रदान की जाए। प्रतिनिधिमंडल की बातों को उपायुक्त ने गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को वन विभाग सहित संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सुलझाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी गंभीरता से इस विषय पर कार्रवाई करेगा और प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर राकेश रंजन महतो, प्रताप महतो,पवन महतो, विद्रोही बिष्णु मौजूद थे।

## डीएवी क्लस्टर स्तरीय खेलों में डीएवी स्कूल खलारी का शानदार प्रदर्शन

# प्रतियोगिता में 91 स्वर्ण, 27 रजत और 6 कांस्य पदक जीते






विनर रही डीएवी खलारी की बालक वर्ग की टीम और क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाली छात्राएं।

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** डीएवी राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत झारखंड प्रदेश के रांची, डाल्टेनगंज, गढ़वा एवं भवनाथपुर आदि विभिन्न शहरों में आयोजित क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिताओं में डीएवी स्कूल खलारी ने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन किया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इन प्रतियोगिताओं में विद्यालय के 165 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिनमें से 124 विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में पदक जीतकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया।

विद्यालय के खिलाड़ियों ने कुल 91 स्वर्ण, 27 रजत और 6 कांस्य पदक जीते। जिनमें फिटनेस एरोबिक्स में 15 स्वर्ण एवं 7 रजत, स्पोर्ट्स एरोबिक्स में 3 रजत, योग में 10 स्वर्ण, वॉलीबॉल में 29 स्वर्ण एवं 11 रजत, क्रिकेट में 13 स्वर्ण, एथलेटिक्स में 3 स्वर्ण एवं 4 कांस्य, ताइक्वांडो में 11 स्वर्ण, 3 रजत एवं 1 कांस्य, भारोत्तोलन में 6 स्वर्ण, 2 रजत एवं 1 कांस्य, वुशू में 3 स्वर्ण एवं 1 रजत तथा रोलर स्केटिंग में 1 स्वर्ण पदक शामिल हैं। वहीं इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा 11वीं विज्ञान के अभय यादव (भारोत्तोलन), कक्षा दसवीं की चाहत पांडेय (वॉलीबॉल), सातवीं के आयुष्मान उपाध्याय (वॉलीबॉल), सृष्टि कुमारी (योग), कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान के रिशु कुमार (वुशू), आठवीं के नरेंद्र कश्यप (वुशू), आठवीं की अनंदिता सिंह एवं कक्षा नौवीं की साइमा जावेद (ताइक्वांडो) को बेस्ट प्लेयर के खिताब से सम्मानित किया गया।

प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने सभी विजेता खिलाड़ियों, खेल शिक्षकों और सहयोगी शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी तथा आगामी अगस्त माह में आयोजित होने वाले जोनल स्तरीय खेलों के लिए विजेताओं को मन लगा कर तैयारी करने का आह्वान किया।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 02 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


# पिक्टोरियल फोटोग्राफी में नरेश अग्रवाल को पुरस्कार



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** नरेश अग्रवाल उभरते हुए छायाकर हैं, जो ग्रामीण क्षेत्र के जनजीवन एवं वहां की खूबसूरती को कैमरे से कैद कर दुनिया के सामने लाते हैं। उनकी तस्वीरें भारत ही नहीं विदेशों में भी पसंद की जाती हैं। हाल ही में इंदौर के मालवा इंटरनेशनल सेलून में जिसमें कि 35 देश के प्रतिभागियों ने भाग लिया था, उनकी दो तस्वीरें प्रदर्शनी के लिए स्वीकृत की गई हैं। एक दूसरे भारतीय स्तर के सेलून आर्टिस्टिक नेशनल सेलून 2025 में रंगीन तस्वीरों के ग्रुप में पहला स्थान प्राप्त हुआ, जबिक अन्य दो तस्वीरें प्रदर्शनी के लिए भी स्वीकृत की गईं। विख्यात फेसबुक ग्रुप विजुअल स्ट्रीट फोटोग्राफी की एडमिन वेलेंटाइन डीमातो ने इन्हें 'फोटोग्राफर ऑफ दी मंथ' घोषित किया है। ये ग्रामीण जीवन की दिनचर्या, उनके रहन-सहन, काम करने के तरीके, खेती-बाड़ी आदि के सौंदर्य को जीते जागते स्वरूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत करते हैं। इन्होंने सबर जाति जो कि बेहद पुरानी आदिम जनजाति कही जाती हैं पर विशेष काम किया है। उनकी तस्वीरों के लुभाने वाले स्वरूप को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया है। इनके पास ग्रामीण जीवन की असंख्य तस्वीरें संग्रहित हैं जिन्हें पुस्तक का आकार देने के इच्छुक हैं। इनका कार्य क्षेत्र झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल और ओडिशा की पृष्ठभूमि से है। स्ट्रीट फोटोग्राफी में भी इनको महारत हासिल है।

## हरिहरपुर जामटोली में हुई सावन सप्तमी की पूजा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में शुक्रवार को महतो, पाहन, पुजार, भंडारी और ग्रामीणों की उपस्थिति में देवी मड़ई के समीप सावन सप्तमी पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें देवी मड़ई में गांव के परंपरा के अनुसार काले बकरे की बलि देकर विधिवत पूजा की गयी। इस कार्यक्रम में हरिहरपुर जामटोली के साथ बैरटोली के ग्रामीण भी शामिल हुए। गांव के सभी लोगों के लिए खुशी के साथ अच्छा स्वस्थ, अच्छी बारिश और अच्छी फसल होने के लिए देवी मां से प्रार्थना की गयी। इस मौके पर महतो लखो उरांव, पाहन सोमरा उरांव, पुजार मंगू उरांव, 12 एवं 21 पाड़हा के पूर्व सचिव सह समाजसेवी चरवा उरांव, 12 पाड़हा राजा विशाल, सोमा उरांव, गोयंदा उरांव, दिलीप उरांव, बैरटोली के पाहन सुभाष उरांव, बिरसा मुंडा, भोजा उरांव, मनीष महली, तुलसी गोप, अजय गोप, कजरू उरांव, ग्रामप्रधान राम प्रसाद लोहरा आदि उपस्थित थे।

## बेड़ो के किसानों में मत्स्य बीज का वितरण

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के निर्देश पर शुक्रवार को मत्स्य विभाग की ओर से मत्स्य बीज वितरण सेंटर हरिहरपुर जामटोली में प्रशिक्षण प्राप्त सात किसानों के बीच अनुदान में मत्स्य बीज वितरित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रो करमा उरांव ने मत्स्य बीज उत्पादकों को बताया कि वे लोग मत्स्य बीज का उत्पादन कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। इसी सोच के साथ सरकार मत्स्य बीज मुहैया करा रही है। वहीं मत्स्य मित्र चरवा उरांव द्वारा मछली बच्चा को कैसे आहार देना है और कैसे रखना है उसके विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर बुधराम लोहरा, संदीप कुजूर, 12 पाड़हा राजा विशाल उरांव, सुमन मिंज, भोला उरांव, जेना तिगा, फागुवा उरांव, संदीप उरांव, सरिता खलखो और अभिषेक उरांव आदि उपस्थित थे।

## ग्रामसभा के अधिकार और जिम्मेदारी विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** पंचायती राज विभाग की ओर से प्रखंड स्तरीय अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम सभा के अधिकार एवं जिम्मेदारी विषय पर शुक्रवार को दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। जिसमें अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम सभा के अधिकार एवं जिम्मेदारी पर विशेष जानकारी पंचायत के जनप्रतिनिधियों को दी गयी। ताकि क्षेत्र में पेसा के नियम के तहत ग्राम सभा को सशक्त बनाया जा सके। साथ ही ग्राम सभा के अधिकारों के तहत ग्राम प्रधान को भी अपने अधिकारों से अवगत कराया जा सके। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड प्रमुख होलिका देवी ने किया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर चोरेया मुखिया रेखा सांगा और साहिल अंसारी द्वारा दिया जा रहा है। इस मौके पर कृषि पदाधिकारी उपेंद्र सिंह, बीपीआरओ कलीम अंसारी और वसीम अकरम आदि मौजूद थे।

## युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पुरियो ऊपर टोली गांव निवासी किसान भोला महतो के बेटे गौतम कुमार (24) ने गुरुवार की रात अपने नवाटोली स्थित नए घर में सल्फास (जहर) की गोली खाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना आसपास के लोगों ने बेड़ो पुलिस को दी। इसकी सूचना मिलने के बाद बेड़ो थाना के प्रभारी देव प्रताप प्रधान और एएसआई अक्षय कुमार सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। बेड़ो थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान ने बताया कि प्रथम दृष्टया में घटना प्रेम प्रसंग से जुड़ा लग रहा है। पुलिस मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। इस संबंध में एक यूडी केस दर्ज किया गया है।

## मांडर में सड़क हादसा, तीन युवक गंभीर

**मांडर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मुड़मा चौक में शुक्रवार की शाम सड़क दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो रांची की ओर से तेज रफ्तार में एक बाइक पर सवार होकर खलारी निवासी किशुन गंझू (18), दीपक कुमार साहू (20) और सागर गंझू (18) जा रहे थे। जैसे ही वे मुड़मा चौक पहुंचे, बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़ी एक स्कूटी से जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें उठाकर मांडर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति देख रिम्स अस्पताल भेज दिया।

# बेड़ो में बारिश का कहर जारी, ढहे कई मकान

### लगातार बारिश से बिगड़े हालात, कई अन्य जर्जर मकान भी ढहने के करीब



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार की रात 8.30 बजे से डेढ़ घंटे तक हुई मूशलधार बारिश ने तबाही मचा दी। तेज बारिश के कारण कुछ दुकानों और घरों मे पानी घूस गया। जबकि कई गरीब परिवारों के मिट्टी का घर ढह गया। जिससे वे बेघर हो गए। ऐसे लोग पड़ोसियों के घरों में शरण लिए हुए हैं। बेड़ो के हरिहरपुर जामटोली गांव में गुरुवार की रात चार गरीब किसानों के घर ढह गए जिनमें लखो महतो उरांव, ललिता देवी, बुधनी उराईन और तितो उराईन शामिल है। वहीं, नेहालु पंचायत के घाट टोली में वीणा उरांव, कपरिया बीरबल साहू एवं दीपक साहू, ईंटा पंचायत के चिल्द्री गांव में हमीदा खातून का घर ध्वस्त हो गया। उधर, सभी भुक्तभोगियों ने घर गिरने को लेकर अंचल कार्यालय में आवेदन देकर मदद की गुहार लगायी है। जबकि मुखिया वीरेंद्र भगत, सुशांति भगत, बुधराम बड़ा, लक्ष्मी कोया एवं समाजसेवी चरवा उरांव ने प्रखंड प्रशासन से आपदा प्रबंधन के तहत उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। बतातें चलें कि लगातार और जोरदार बारिश होने से कुआं तालाब और खेत लबालब हो गये हैं। जिससे खेतों में सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचा है।

### बेड़ो बस्ती में घर ढहने से महिला घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार की रात हुई जोरदार बारिश के बाद शुक्रवार को बेड़ो बस्ती में रहने वाले धौवा महली का कच्चा घर अचानक ढह गया। जिससे घर के अंदर मौजूद उनकी पत्नी जीतइन देवी (30) दीवार के मलबे में दब गयीं। उसकी चीखने की आवाज सुनकर उनके देवर सुधु महली तुरंत पहुंचे और बिना देर किए दीवार को हटाया और भाभी को बाहर निकाला। इसके बाद सुधु महली तुरंत जीतइन देवी को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉ मेघा भगत की देख रेख में इलाज किया गया। उधर, घटना की जानकारी मिलने पर पंसस राखी भगत एवं समाज सेवी शशि टाइगर जीतइन देवी के घर पहुंचकर सांत्वना दी और प्रखंड प्रशासन से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।**

# आरकेडीएफ विवि में राष्ट्रीय सम्मेलन सिंबियोस्फीयर 2025 का आयोजन




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची के आरकेडीएफ विश्वविद्यालय (विवि) फार्मास्युटिकल विज्ञान एवं जीवन विज्ञान संकाय ने आईक्यूएसी और एआईयू के सहयोग से शुक्रवार को सिम्बियोस्फीयर 2025 सतत पर्यावरण और स्वास्थ्य सेवा की दिशा में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में हालिया प्रगति शीर्षक से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में आईसीएफआरई-वन उत्पादकता संस्थान, रांची के निदेशक डॉ अमित पांडे ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और स्थिरता एवं वैज्ञानिक नवाचार पर एक विचारोत्तेजक भाषण दिया। पहले दिन दो प्रख्यात वक्ताओं ने भाग लिया। जिसमें असम के तेजपुर स्थित गिरिजानंद चौधरी विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ आशीष भौमिक और पश्चिम बंगाल के बर्दवान विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान के प्रधानाध्यापक प्रो डॉ कौशिक घोष ने पर्यावरण और स्वास्थ्य सेवा अनुसंधान को आगे बढ़ाने पर अपनी विशेषज्ञता साझा की। सम्मेलन में 158 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें शिक्षाविद, विद्वान और छात्र शामिल थे। जिन्होंने विभिन्न तकनीकी सत्रों में शोधपत्र प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम ने जीवंत अकादमिक चचाओं को बढ़ावा दिया और अंतः विषय सहयोग को बढ़ावा दिया।

# महिलाओं ने स्कूली बच्चों संग बांटी खुशियां




**रांची (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी महिलाओं द्वारा हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित एचआइ-67 के निकट कल्याण एवं विकास समिति (सामुदायिक भवन) परिसर में आर्थिक रूप से कमजोर स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच पठन-पाठन सामग्री व अल्पाहार का वितरण किया गया। महिलाओं ने अपने घर में मिष्ठान एवं अन्य व्यंजन तैयार कर बच्चों के बीच बांटे। समाजसेवी निशा काबरा ने कहा कि सेवा, त्याग, सहयोग और समर्पण की भावना से सुखद अनुभूति होती है। इस अवसर पर रेणु काबरा, दीप्ति काबरा, प्रीती काबरा, मोनिका काबरा एवं निःशुल्क कोचिंग केंद्र के व्यवस्थापक सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी ललन मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# आयुष्मान भारत के इस्तेमाल में देश में रांची सदर अस्पताल को प्रथम स्थान

### सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सिविल सर्जन प्रभात कुमार को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सिविल सर्जन प्रभात कुमार को शहर के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। आयुष्मान भारत के इस्तेमाल में देश भर में रांची सदर अस्पताल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए सिविल सर्जन और उनकी टीम बधाई के पात्र हैं। सनद रहे कि आयुष्मान भारत योजना स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। आयुष्मान भारत योजना भारत सरकार की ओर से शुरू की गई एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसका उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान करना है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाता है। रांची सदर अस्पताल ने आयुष्मान भारत योजना के इस्तेमाल में देश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) के संयोजक इबरार अहमद ने कहा कि रांची के सिविल सर्जन प्रभात कुमार ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। इस मौके पर मुस्तकीम आलम, डॉक्टर ताबा रिजवी, मोहम्मद शकील, नदीम अख्तर और जावेद अख्तर मौजूद थे।

# चिंतक डॉ मयंक मुरारी को मिला वर्ष 2025 का तुलसी सारस्वत सम्मान



**अनगड़ा/नामकुम (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित सम्मान 'तुलसी सारस्वत सम्मान 2025' रांची के चिंतक और साहित्यकार डॉ मयंक मुरारी को मिला है। सम्मान देने का निर्णय तुलसी भवन कार्यकारिणी ने लिया है। उक्त जानकारी सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन तुलसी भवन के मानद महासचिव प्रसेनजित तिवारी ने दी। कहा कि डॉ मयंक मुरारी एक विचारक और सक्रिय लेखक हैं। वह व्यक्ति विकास के लिए आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय विषयों पर लिखते और काम करते हैं। वह भारत के ज्ञान प्रणाली के आंतरिक मूल्य और अंतर्निहित पहलू पर सोचते और चिंतन करते हैं। उन्होंने 30 सालों में अब तक 18 किताबें और 700 से अधिक रिपोर्ट, भारतीय समाचार पत्र और पत्रिका में लिख चुके हैं। इस कारण उन्हें कई अवार्ड और पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वर्तमान में वह उषा मार्टिन में महाप्रबंधक सीएसआर और पीआर के रूप में काम कर रहे हैं। वे पिछले 15 सालों से गांवों के सतत एवं टिकाऊ विकास के प्रति संकल्पित है। वह हमारे समाज की सामूहिक जागरूकता के लिए विभिन्न मंचों से व्याख्यान भी देते रहे हैं। उन्हें साहित्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए अंगवस्त्र, श्रीफल, सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह, पुष्प गुच्छ के साथ 51 हजार रुपये का चेक भी दिया जाएगा। यह सम्मान पूर्व में मुंबई के वरिष्ठ आलोचक करुणाशंकर उपाध्याय, गुमला के समाजसेवी विकास भारती के अशोक भगत, चाकुलिया के समाजसेवी स्व पुरुषोत्तम दास झुनझुनवाला, हिन्दी व्याकरण के सुप्रसिद्ध विद्वान कमलेश कमल को प्रदान किया जा चुका है। डॉ मयंक मुरारी अपनी पुस्तकों और सार्वजनिक लेखन के माध्यम से मुख्यधारा के साहित्य और आलेखों में आध्यात्मिकता, सांस्कृतिक पहचान और सामूहिक चेतना को लाने के लिए कार्य करते है। उन्होंने समकालीन संवाद के भीतर भारतीय मूल्यों को रखने और उसके विस्तार का लक्ष्य रखा है। महान भारतीय सभ्यता की विकास यात्रा में आदिवासी जीवन और इसकी परंपराओं को सम्मानजनक रूप से एकीकृत करने पर काम करते है, जिसमें समावेश और विरासत संरक्षण पर जोर दिया गया है।

# 10 सूत्री मांगों को लेकर फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन का प्रदर्शन




**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एशोसियेशन ने 10 सूत्री मांगों को लेकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। डीलर्स एसोसिएशन ने सरकार से कोरोना काल की बकाये राशि का भुगतान, मार्च 2023 से जुलाई 2025 तक के राशि का भुगतान, राज्य सरकार के संकल्प के बावजूद नॉमिनी को अनुज्ञप्ति का हस्तांतरण नहीं होने, इलेक्ट्रॉनिक मशीन रिपेयरिंग के नाम पर शोषण बंद करने, पेपर लेस सिस्टम लागू करने, इ-केवाईसी संपूर्णता की जिम्मेवारी लाभार्थी को सौंपने, डीलरों पर कार्रवाई अविलंब बंद करने, राज्य में स्मार्ट पीडीएस सिस्टम संशोधन कर लागू आदि की मांग की। मागों को पूरा नहीं करने पर अनिश्चित कालीन हड़ताल की भी धमकी दी गयी। इस मौके पर अध्यक्ष संजय कुमार साहू, सचिव कुंदन साहू, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार चौधरी, प्रमोद गुप्ता, किशोर कुमार साहु, आदित्य कुमार साहू, अंबिका प्रसाद, मनान अंसारी, छकन पाहन, नागेन्द्र प्रसाद, उमेश कुमार महतो, मनी नाथ महतो, दामोदर यादव, जय किशोर महतो, प्रदीप साहू, फूल कुमारी देवी, शीला देवी, सरिता देवी, कमल नाथ महतो, शमशाद अंसारी, मनी राम महतो, इन्द्र पाहन, महफूज आलम, जाने शार अख्तर, जयनंदन महतो, पंकज कुमार पटेल, चंदन कुमार साहू, सुरेश करमाली, जमील अख्तर, राम रत्न सिंह, अनीता देवी, फूल चंद कुमार, बंटी कुमार और विकी साहू आदि उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में पिता पुत्र और पुत्री घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर पावर ग्रिड के समीप शुक्रवार की शाम पांच बजे अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार पिता-पुत्र एवं पुत्री घायल हो गए। घायलों की पहचान नगड़ी के प्रेम नगर निवासी कृष्णा अधिकारी (45) इशिका पंखुड़ी (13) और ईशान पर्थ (6) के रूप में हुई है ।आसपास के ग्रामीणों ने उन्हें बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉ कुसुमलता ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। वहीं, गंभीर रूप से घायल कृष्णा अधिकारी को बेहतर उपचार के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। घायल कृष्णा अधिकारी ने बताया कि वे अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ सिसई जा रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया, जिससे सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

## ककरिया में कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** ककरिया महावीर मंदिर प्रांगण में इस साल भी कांवरिया सह सेवा शिविर का आयोजन हुआ। इस वर्ष भी भरनो से चलकर बाबा आमरेश्वर धाम जाने वाले शिव भक्तों का स्वागत एवं सेवा के लिए शनिवार को सुबह 11 बजे से ककरिया ग्राम में कांवरिया सेवा शिवर सक्रिय रहेगा। इस सेवा शिविर में कांवरिया को शर्बत, फलाहार, शुद्ध पेयजल, खीर के अलावे उप स्वास्थ्य केंद्र ककरिया की ओर से दवा एवं बैंडेज आदि की मुफ्त सुविधा दी जाएगी। मौके पर कांवरिया सेवा समिति के सहयोगी समीर गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, अनिल साहू, मनीष कुमार, प्रवीण कुमार, बिक्रम सिंह, रवि वर्मा, रोहित कुमार, अशोक लाल, सीताराम पाठक आदि सक्रिय रहे।

## सहायक अभियंता में प्रोन्नति पर लोगों ने जतायी खुशी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** नामकुम प्रखंड अंतर्गत सिलवे पंचायत के उलातू गांव निवासी नागेश्वर महतो सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नत किए गए हैं। वर्तमान में ये पथ निर्माण विभाग झारखंड सरकार में कनीय अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। शुक्रवार को जारी अधिसूचना में विभागीय प्रोन्नति अनुशंसा समिति के आलोक में पथ निर्माण विभाग के अवर अभियंत्रण सेवा में कार्यरत कनीय अभियंता नागेश्वर महतो को सहायक अभियंता के पद पर प्रोन्नति दी गई। इससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वहीं, परिजन खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। नागेश्वर महतो ने कहा कि सहायक अभियंता बनकर मै काफी खुश हूं। यह मेरे लिए एक भावुक क्षण है। यह मेरे कैरियर में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्हें सहायक अभियंता के पद पर प्रोन्नति मिलने पर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, डॉ अमर कुमार चौधरी, डॉ रिझू नायक, समाजसेवी सुमित महतो, रामपोदो महतो, सरोज महतो, सुरेन्द्र महतो, जलनाथ चौधरी, सखीचंद महतो, रोशनलाल मुंडा, जलेश महतो, आतिश महतो, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, राजेंद्र शाही मुंडा, उपप्रमुख जयपाल हजाम, किस्टो कुजुर, सोहन मुंडा और संतोष महतो आदि ने बधाई दी।

## महापुरुषों से हमें सीख लेनी चाहिए : प्राचार्य

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके स्थित नीरज सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल में प्रार्थना-सभा के अंतर्गत महान उपन्यासकार एवं कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं प्रसिद्ध कथाकार को श्रद्धा-सुमन अर्पित करने से हुई। साथ ही आठवीं की दक्षा एवं आयशा ने मुंशी प्रेमचंद के जीवन और कृतित्व पर प्रश्नोत्तरी प्रस्तुत किया। वरीय हिंदी शिक्षक संजय सिंह ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। प्राचार्या ने कहा कि ऐसे महापुरुषों से हमें सीख लेनी चाहिए। निरंतर संघर्षरत रहकर समाज की सेवा करते रहना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन घटा गिरि ने दिया।

## इटकी के किसानों के बीच बिज का वितरण



**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सिंगल विंडो सेंटर में शुक्रवार को बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत किसानों के बीच बीज का वितरण किया गया। प्रखण्ड के तीन कलस्टर खंभा, रानीडीह और तिलकसुती गांव के 52 किसानों के बीच मुंगफली, मकई और मुंग का बीज वितरित किया गया। प्रत्येक किसान को 20 किलो मुंगफली, 8 किलो मक्का और चार-चार किलो उरद एवं मूंग दाल का बिज दिया गया। इस मौके पर प्रखंड के तकनिकी प्रबंधक सुमन बारला, कृषि मित्र मनोज महतो, ज्ञानदीप तिर्की, कालीचरण गोप, सुमित्रा कुमारी, सतीष गोप, एतवा उरांव, हीरा उराईन और तारानाजमी आदि उपस्थित थे।

## घाघरा में घर से गहने और नगद की चोरी



घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के नेतरहाट रोड स्थित सीताराम बड़ाईक के घर से चोरों ने आभूषण व कैश की चोरी कर ली। जानकारी के अनुसार घर की सदस्य विद्या कुमारी ने बताया कि वह घर पर अकेली थी सुबह होते ही गुमला चली गयी। सीताराम बड़ाईक गढ़वा में ड्यूटी पर थे। मां नूनी देवी देवघर यात्रा में गयी थी। जब गुरुवार की शाम नूनी देवी देवघर से वापस आयी और दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो दरवाजा अंदर से बंद था। जिसके बाद खिड़की से अंदर प्रवेश किया गया तो देखा कि गोदरेज खुला पड़ा है और सामान बिखरे पड़े थे। नूनी ने बताया कि गोदरेज में सोना का आभूषण था। जिसका लागत लगभग 3 लाख व 5 हजार कैश था जो चोरी हो गया है। जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा पुलिस को दी गई घाघरा पुलिस घटनास्थल पहुंच जांच में लग गयी है। यहां बता दें कि गुरुवार की सुबह दो दुकान में चोरी हुई थी दोनों दुकान इसी घर में था दुकान के पीछे वाले कमरे में लोग रहते थे और आगे के कमरे को रेंट में दिया था। अंदेशा लगाया जा रहा है कि जब दोनों दुकान में चोरी हुई उसी वक्त दीवाल तोड़कर चोर अंदर घुसे और सीताराम बड़ाईक के घर में चोरी कर ली। जब नूनी देवी गुरुवार की देर रात देवघर से वापस आयी तब घटना का पता चला।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराकर पलटी, पांच घायल



गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला लोहरदगा रोड स्थित चंदाली के पास शुक्रवार की सुबह 9 :30 बजे एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। इसके बाद सड़क पर गिरकर पलट गया। घटना में वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना की सूचना पर गुमला थाना की पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकल गया। स्कॉर्पियो में सवार युवक लोहरदगा जिला के सेन्हा गांव पूजा पाठ करने जा रहे थे। बताया जाता है कि सेन्हा गांव में शिवलिंग जमीन से निकला है। जहां लोगों की भीड़ उमड़ रही है। युवक वहीं पूजा पाठ करने जा रहे थे। घायलों में खोरा निवासी प्रकाश साहू, उदय साहू, हरिशंकर साहू, राजन गोप और लांजी निवासी आकाश साहू शामिल है। वहां आकाश साहू वाहन चला रहा था। वही वाहन का मालिक भी है। घायल उदय साहू के सिर में गंभीर चोट लगी है डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया है अन्य घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।घटना में उदय को सिर में गंभीर चोट लगी है उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। इलाज के उपरांत डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया है। जबकि चार युवकों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि तेज रफ्तार के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया जिसके बाद जमीन पर गिरकर उल्टा पलट गया। वाहन में सवार पांच युवक घायल हो गए और फंस गए जिन्हें बाहर निकाल कर इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया।

## हाथी ने दो किसानों के घर को तोड़ा



जारी (आजाद सिपाही)। जारी प्रखंड में इन दिनों हाथियों का आतंक रुक-रुक कर जारी है। जंगली हाथी घरों को निशाना बनाने के साथ-साथ अनाज भी छतिग्रस्त कर रहे हैं। गुरुवार की रात एक जंगली हाथी ने हर्रा टोली निवासी विदेश टोप्पो और श्रीनगर निवासी संदीप एक्का के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया वहीं विदेश टोप्पो का एक क्विंटल धान को खाकर व छींट कर बर्बाद भी कर दिया। परिवार के सदस्यों ने भाग कर अपनी जान बचायी। वही शोरगुल होने पर ग्रामीण एकत्रित हुए और काफी मशक्कत के बाद सुबह होते तक जंगली हाथी को गांव से जंगल की ओर खदेड़ा ग्रामीणों ने बताया इस जंगली हाथी का एक ही दांत है। घटना की सूचना पर जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक और मुखिया फुलमैत देवी पीड़ित परिवार से मिलने शुक्रवार की सुबह 10 बजे उनके घर पहुंचे। मौके पर वन विभाग के कुर्मी सुखदेव उरांव,विवेक खलखो, प्रेम सागर, विनीता किंडो, मनोज टोप्पो, विनोद केर-केट्टा उपस्थित थे। दोनों पीड़ित किसानों को मुखिया जिला परिषद और वन विभाग की टीम ने पटाखा व टॉर्च दिया। वही क्षतिग्रस्त हुए घर व अनाज के लिए मुआवजा देने की बात कही।

## घाघरा के नये सीओ ने संभाला पदभार



घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा के नये सीओ खाखा सुशील कुमार को पूर्व सीओ आशीष कुमार मंडल ने शुक्रवार को कार्यभार सौंपा। पूर्व सीओ ने विधिवत रूप से नये सीओ को प्रभार सौंपते हुए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कार्यालय के सभी कर्मी व ग्रामीण प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। नए सीओ ने कहा कि वे सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने एवं आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए तत्पर रहेंगे। पूर्व सीओ ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद दिया और आशा जताई कि नया प्रशासनिक नेतृत्व भी बेहतर कार्य करेगा। मौके पर मुख्य रूप से जयसमीर कुजूर, बिंदेश्वर साहू, अमित सिंह, चंद्रदेव उरांव, आनंद डुंगडुंग, दीपक मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे।

# बकाया कमीशन भुगतान की मांग को लेकर डीलर संघ ने दिया धरना



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन झारखंड प्रदेश के निदेर्शानुसार गुमला इकाई के द्वारा पिछले 10 माह के बकाया कमीशन भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर शुक्रवार की अपराह्न 3 बजे उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना दिया गया। जिसमें गुमला जिला के 500 से अधिक डीलर शामिल हुए। मौके पर जिला अध्यक्ष अरखीतानंद देवघरिया और सचिव तनवीर नाज ने बताया कि पिछले 10 माह से जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को वितरण किये गये अनाज का कमीशन नहीं दिया गया है। इसके अलावा कोरोना अवधि के बकाया राशि का भी भुगतान लंबित है। 2 जीइ पोश मशीन को 5 जी करने, ग्रीन कार्ड के बकाया कमीशन का भुगतान, वितरण प्रणाली सिस्टम को पेपरलेश करने सहित अन्य मांगे शामिल है। धरना कार्यक्रम में शामिल जन वितरण प्रणाली दुकानदार डीलर एकता जिंदाबाद, हमारी मांगे पूरी हो.. नारे लगाये। धरना कार्यक्रम में गुमला के सभी प्रखंडों से डीलर शामिल हुए।

# राजकीयकृत मध्य विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं का अभाव, विद्यार्थी परेशान

मदन साहु



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के राजकीयकृत मध्य विद्यालय विश्रामपुर झटनी टोली में कक्षा यूकेजी से कक्षा आठ तक संचालित होती हैं। जहां छात्र छात्राओं की संख्या 253 है और उपस्थिति 175 से 200 के आस पास प्रतिदिन। एवं शिक्षकों की कुल संख्या 7 है। प्रभारी प्रधानाध्यापक फकीर उरांव ने जानकारी देते हुए कहा कि इस विद्यालय का निर्माण सन 1961 ई में हुआ है तब से आज तक यहां पानी का कोई व्यवस्था नहीं हो पाया है। बच्चों को विद्यालय से एक किलोमीटर दूर सड़क पार करके कुआं व चापानल से पानी पीने के लिए जाना पड़ता है जहां सड़क दुर्घटना का खतरा हमेशा बना रहता है। वहीं मध्याह्न भोजन के लिए रसोईयों को भी भोजन पकाने के लिए एक किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है इसमें उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि विद्यालय चट्टान के ऊपर होने के कारण पानी के लिए कोई बोरिंग या चापानल का व्यवस्था नहीं हो पाया है सरकार ने कई प्रयास किए परन्तु सफल नहीं हो पाया। फिर भी सरकार चाहे तो विद्यालय तक पानी पहुंचाने के लिए कोई वैकल्पिक रास्ता ढूंढ सकती है। डीप बोरिंग कराकर या फिर पाइपलाइन के माध्यम से भी विद्यालय में पानी का उचित व्यवस्था किया जा सकता है। जिससे विद्यालय को स्थाई समाधान मिल जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि कई बार विभाग के अधिकारियों को वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया है अधिकारी आते हैं जांच करते हैं और आश्वासन देकर चले जाते हैं। कई बार जिला से भी अधिकारी आए लेकिन विद्यालय के मूलभूत समस्याओं पर कभी कोई चर्चा नहीं हुई। वे सिर्फ बच्चों से मिलते हैं उनसे पढ़ाई के विषय में पूछ ताछ करते हैं और चले जाते हैं उन्हें विद्यालय की समस्याओं से कोई मतलब नहीं रहता। बताते चलें कि इस विद्यालय में मतदान बूथ भी है जहां हमेशा मतदान केन्द्र बनाया जाता है बावजूद पानी का व्यवस्था नहीं है।

# नियुक्ति से पहले ही पारा शिक्षक तबस्सुम ने कहा दुनिया को अलविदा

चयनित होने के बावजूद दस्तावेज सत्यापन में हुई प्रशासनिक देरी, 18 वर्षों की सेवा का क्या होगा मोल?

आजाद सिपाही संवाददाता



फाइल फोटो।

**गुमला।** झारखंड में यूं तो हर सरकारी काम में लेटलतीफी आम है लेकिन जब नियुक्ति की बात हो तो अहर्ता रखने और नियुक्ति परीक्षा पास होने के बाद भी नियुक्ति कब होगी इस बात की कोई गारंटी नहीं। ताजा उदाहरण के रूप में गुमला की शिक्षिका तबस्सुम आरा हैं, जिनका नाम झारखंड शिक्षक नियुक्ति परीक्षा 2024 के परिणाम में चयनित उम्मीदवारों की सूची में आया। लेकिन अफसोस की बात तो यह है कि वो इस घड़ी को देखने के लिए आज इस दुनिया में नहीं है।

**कैंसर से 12 जून को शिक्षिका का निधन :** जब शिक्षक भर्ती परीक्षा का परिणाम बीते 28 जुलाई 2025 को सार्वजनिक हुआ, तब तक तबस्सुम आरा का 12 जून को इस दुनिया को अलविदा कह चुकी थी और उनकी मौत का कारण बना कैंसर। अपनी नियुक्ति को देखने वाली वो दो आंखें सदा के लिए बंद हो चुकी थीं।

**वर्ष 2007 से सहायक अध्यापक यानी पारा शिक्षक के रूप में दे रही थीं सेवा :** शिक्षिका तबस्सुम वर्ष 2007 से सहायक अध्यापक यानी पारा शिक्षक के रूप में सेवा दे रही थीं और 2017 में जेटीइटी उत्तीर्ण कर चुकी थीं। शिक्षक बनने की पात्रता मिलने के बाद उन्होंने लंबे इंतजार के बाद 2024 में आयोजित परीक्षा में सफलता पायी, लेकिन दस्तावेज सत्यापन की निर्धारित तिथि 2 अगस्त 2025 तक वे जीवित न रह सकीं।

## मुख्तार आलम ने गुमला के कई जरूरतमंदों को दिलायी आर्थिक मदद



गुमला (आजाद सिपाही)। मुख्तार आलम, जिलाध्यक्ष असंगठित कामगार कांग्रेस सह 20 सूत्री सदस्य ने कहा कि शुक्रवार को मैं गुमला से अपने टीम के सदस्यों के साथ 4 जरूरतमंद लोगो को लेकर पहुंचा रांची मुख्यमंत्री आवास, दिलवाया चेक के माध्यम से आर्थिक मदद। मुख्तार आलम ने बताया कि कुछ माह पूर्व में बेहद जरूरमंद लाचार और बेबस लोगों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर मेरे कार्यालय में आए थे और आकर मदद की गुहार लगायी थी। उसके बाद मैंने झारखंड गठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नाम चिट्ठी लिखा और मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद देने की बात कही थी। मुख्यमंत्री जी ने गरीबों का दर्द सहमझते हुए मेरा आवेदन को स्वीकार किया और 1 अगस्त 2025 को मुख्यमंत्री आवास बुलाकर पदाधिकारी के समक्ष चेक दिलवाया।

## युवा कांग्रेस नेता और सांसद प्रतिनिधि ने शोकाकुल परिवार से की मुलाकात



गुमला (आजाद सिपाही)। युवा कांग्रेस नेता अभिनव भगत एवं सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा ने कसीरा पंचायत के कसीरा ग्राम निवासी कांग्रेस कार्यकर्ता हजारी खड़िया के अकास्मिक निधन की सुचना पर शोकित परिवार से मिलकर संतवाना दिया। अभिनव भगत ने कहा हजारी खड़िया पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता थे, उनका असामयिक निधन पार्टी के लिए अपूर्ण क्षति है उनकी कमी पुरी नहीं की जा सकती है। इस शोक की घड़ी में समस्त कांग्रेस पार्टी परिवार के साथ है सांसद सुखदेव भगत ने भी हजारी खड़िया के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मण्डल अध्यक्ष राजा खड़िया, रूपेश कुमार सन्नी, संदीप कुजूर,बलिराम गोप,बिकेन्दर साहु, नारायण महली,जोहन खड़िया, सुकरा खड़िया, बुतरू साहु,बहुत मसली,तैता खड़िया, संदीप खड़िया, इत्यादि उपस्थित थे।

## खनन विभाग के घेराव कार्यक्रम में बदलाव

गुमला (आजाद सिपाही)। बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति द्वारा घोषित 6 अगस्त 2025 को होनेवाली गुमला स्थित खनन विभाग का घेराव कार्यक्रम में बदलाव करते हुए बॉक्साइट का अवैध उत्खनन के विरुद्ध तथा बॉक्साइट माइन्स क्षेत्र में पेयजल, स्कूल, अस्पताल, सड़क, रोजगार, सिंचाई, इत्यादि बुनियादी सुविधा बहाल करने जैसी मांग को लेकर 5 अगस्त 2025 से स्वतंत्रता सेनानी वीर जतरा टाना भगत के गृह प्रखंड बिशुनपुर से नुक्कड़ सभा आयोजित कर रैयत एवं मजदूरों के हित में आंदोलन शुरू की जायेगी। खनन विभाग का घेराव के पूर्व जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत खनन पदाधिकारी से सारा डाटा लिया जायेगा तत्पश्चात बिंदुवार जवाब तलब करते हुए खुलेआम हो रहे बॉक्साइट, पत्थर और बालू की अवैध उत्खनन व तस्करी को देखते हुए झाड़ू मार रैली एवं खनन विभाग का अनिश्चितकालीन घेराव की जायेगी। 5 अगस्त 2025 को बिशुनपुर में होनेवाली नुक्कड़ सभा कार्यक्रम की तैयारी माइंस क्षेत्र में की जा रही है।

## छाती, टीबी, दम्मा विशेषज्ञ डॉ अनुपा गुमला में आज

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड के सुप्रसिद्ध छाती, टीबी, दम्मा और एलर्जी विशेषज्ञ डॉ. अनुपा 2 अगस्त यानी शनिवार को गुमला में रहेंगे। पालकोट रोड स्थित निलेश मेडिकल हॉल में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक वे रोगियों की जांच करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए निलेश मेडिकल हॉल के संचालक दिलीप निलेश ने बताया कि ससमय पहुंच कर रोगी डॉ अनुपा से मिल कर रोग संबंधी परामर्श ले सकते हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


**Government of Jharkhand**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**ROAD DIVISION, LATEHAR**

VERY-SHORT TIME E-PROCUREMENT NOTICE INVITING TENDER
(1st Call)

E-Tender Reference No.- RCD/LATEHAR/555/2025-26
DATE – 01-08-2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Ordinary Repair of Balumath – Herhanj – Panki (SH-10) road from Km. 0.00 to Km. 30.00 for the year of 2025-26. |
| 2. | Estimated Cost ( In Rs.) | Rs.- 74,99,807.00 (RupeesSeventy-FourLakhNinety-Nine Thousand Eight Hundred Seven Only) |
| 3. | Time of Completion | 04 (Four) Months |
| 4. | Date / Time of Publication Tender on Website | 05-08-2025 (10.30 A.M) |
| 5. | Last Date / Time of receipt of bids | 18-08-2025 (12.00 Noon) |
| 6. | Name and Address of office inviting tender | O/o– Executive Engineer Road Construction Department, RoadDivision, Lateha |
| 7. | Contact No. of Procurement Officer | 06565245081 |
| 8. | Help Number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

➢ Further details can be seen on Website http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eercdlatehar-jhr@nic.in, Tel. No. – 06565-245081

Executive Engineer
R.C.D., Road Division, Latehar

PR 358789 Road(25-26)#D



**झारखण्ड सरकार,**
**कार्मिक, प्रषासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा श्री निर्मल कुमार टोप्पो, सेवानिवृत्त झा0प्र0से0(कोटि क्रमांक-659/03), तत्कालीन अंचल अधिकारी, टण्डवा, चतरा, सम्प्रति-सेवानिवृत्त, पता- मकान संख्या-019, नियर होली क्रोस, कृषि विज्ञान केन्द्र, डिपु गढ़हा, हजारीबाग, जिला हजारीबाग, पिन-825301 को सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध अंचल अधिकारी, टण्डवा, चतरा के कार्यावधि से संबंधित गठित आरोप में प्रतिवेदित आरोप के लिए संचालित विभागीय कार्यवाही में समीक्षोपरान्त निम्नवत् निर्णय लिया गया है:-

(क) आपके विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही को पेंशन नियमावली के नियम-43(ख) के तहत सम्परिवर्त्तित करने का निर्णय लिया गया।

(ख) आपके विरूद्ध पेंशन नियमावली के नियम- 43(ख) के तहत आपकी समूची पेंशन की राशि को आजीवन रोकने का दण्ड अधिरोपित करने के बिन्दु पर द्वितीय कारण पृच्छा की मांग किये जाने का निर्णय लिया गया। उक्त दण्ड भविष्य में विभागीय संकल्प संकल्प संख्या-309(HRMS), दिनांक- 04.05.2018 द्वारा आपके विरूद्ध अधिरोपित शास्ति के संबंध में कोई प्रतिकूल परिवर्त्तन होने एवं पेंशन का लाभ देय होने के फलस्वरूप प्रभावी होगा।

2. उपर्युक्त कंडिका-ख में प्रस्तावित दण्ड के अधिरोपित करने के बिन्दु पर विभागीय पत्रांक-2318, दिनांक-24.04.2025 के द्वारा आपसे द्वितीय कारण पृच्छा की मांग की गयी है। परन्तु अबतक आपके द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा का जबाव विभाग में समर्पित नहीं किया गया है। जिसके कारण विभागीय कार्यवाही के निष्पादन में अनावश्यक विलंब हो रहा है।

3. अत: इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको निदेश दिया जाता है कि समाचार पत्र में सूचना प्रकाशन की तिथि से 07(सात) दिनों के अंदर विभागीय पत्रांक-2318, दिनांक-24.04.2025 द्वारा मांगी गई द्वितीय कारण पृच्छा का जबाव इस विभाग में समर्पित करें, अन्यथा आपके विरूद्ध विभाग द्वारा एकपक्षीय निर्णय ले लिया जाएगा।

ह0/-
(अनल प्रतीक मिंज)
सरकार के संयुक्त सचिव।

PR 358705 (Personnel Administrative Reforms and Raj Bhasa) 25-26 (D)


# स्पोर्ट्स

ओड़िशा ने विश्व स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन में अपना एक विशेष स्थान बनाया है। ओडिशा के खिलाड़ियों ने हाल के दिनों में आयोजित विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी सफलता प्राप्त की है।

## विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य प्रतियोगिता की तैयारी की समीक्षा

# ओड़िशा में होना गर्वऔर सम्मान की बात : खेल मंत्री सूर्यवंशी सूरज

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य प्रतियोगिता का आयोजन भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में किया जायेगा। यह विश्वस्तरीय प्रतियोगिता 10 अगस्त को आयोजित की जायेगी। शुक्रवार को खेल मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने कलिंग स्टेडियम में उक्त प्रतियोगिता के आयोजन की सभी तैयारियों की समीक्षा की। तैयारी समीक्षा में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ, ओड़िशा सरकार के खेल एवं युवा मामले विभाग और प्रशासन के सहयोग से इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर विस्तृत चर्चा की गयी। विश्वस्तरीय खेल अवसंरचना उपलब्ध कराने से लेकर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एथलीटों के सुरक्षित आवास, आतिथ्य से लेकर रसद तक सभी संबंधित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेंगी। स्टेडियम में प्रतियोगिता के आयोजन के दौरान, सभी एथलीटों, दर्शकों और भागीदारों की सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती और आयोजन के सुचारू प्रबंधन के लिए आवश्यक सभी प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेंगी। खेल मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने कहा कि विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य प्रतियोगिता 10 अगस्त को भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता में 19 देशों के 200 से अधिक एथलीट भाग लेंगे। प्रतियोगिता में कुल 20 स्पर्धाएं आयोजित की जायेंगी। यह हमारे लिए गर्व और सम्मान की बात है कि विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर का आयोजन पहली बार ओडिशा में हो रहा है। तैयारी समीक्षा में खेल एवं युवा मामले विभाग के आयुक्त एवं प्रशासनिक सचिव सचिन रामचंद्र यादव, निदेशक डॉ येदुला विजय, भुवनेश्वर के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नरसिंह भोला, हॉकी प्रमोशन काउंसिल, ओडिशा के सीइओ दीपंकर महापात्र, ओडिशा खेल एवं युवा मामले विभाग के अतिरिक्त प्रशासनिक सचिव विजय कुमार स्वाइं, अतिरिक्त प्रशासनिक सचिव अशोक कुमार पंडा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**
**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–54/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 08.08.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 11.08.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 11.08.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation Main Building, Gopniya Office and Boundary wall in DC Residence at Booty Road Ranchi | 4731400 | 94700 | 5000 | Two Months |
| 2 | Construction of Barrack, Guard Room, Guest Room, Drain and Other work in D type Quarter No - D1, Behind 5 Set Quarter Mayer's Road Ranchi | 2259300 | 45200 | 5000 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 358777 Building(25-26)D

## कुपोषण से निबटना केवल विभाग की नहीं पूरे समाज की साझी जिम्मेदारी है : डीसी




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** समाज कल्याण विभाग की ओर से अति गंभीर कुपोषित (सैम) एवं मध्यम गंभीर कुपोषित (मैम) बच्चों की पहचान, उपचार एवं प्रबंधन के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को डीसी अजय नाथ झा, डीडीसी शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता और जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के प्रभावित क्षेत्रों जरीडीह, कसमार, पेटरवार एवं बेरमो प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों का भ्रमण कर विभिन्न आडियो-प्रचार माध्यम से कुपोषित बच्चों के पहचान कर किस प्रकार सामुदायिक स्तर पर प्रबंधन करना है और किस कुपोषित बच्चों को कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) भेजना है। प्रबंधन स्तर पर सेविका-सहायिका-एएनएम के सहयोग से किस प्रकार उन्हें कुपोषण मुक्त किया जाना है, इसके संबंध में संबंधित लोगों एवं परिवारों को जागरूक करेगी। वहीं, जिला बाल संरक्षण इकाई की ओर से भी मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत एक एलईडी जागरूकता रथ को डीसी-डीडीसी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण कर बाल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं जैसे बाल अधिकार, बाल विवाह, बाल यौन शोषण, बाल श्रम, गुड टच-बैड टच आदि के संबंध में ऑडियो-वीडियो संदेश, शिक्षाप्रद लघु फिल्में और सरकारी हेल्पलाइन '1098' की जानकारी जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पहुंचाई जाएगी। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि कुपोषण की समस्या से निपटना केवल स्वास्थ्य या पोषण विभाग का काम नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझी जिम्मेदारी है। जन-जागरूकता के माध्यम से ही हम इस लड़ाई को मजबूती से लड़ सकते हैं। इसी उद्देश्य से जागरूकता वास्ते इस रथ को रवाना किया गया है। वहीं, डीडीसी ने कहा कि मिशन वात्सल्य जैसी योजनाएं बच्चों के समग्र विकास और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मौके पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अनीता कुमारी, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति लीलावती देवी, सदस्य अनामिका, सरिता कुमारी, सुनीता कुमारी, अरविंद, विद्या, प्रीति और वरूण कुमार आदि उपस्थित थे।

## डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग



**बाघमारा (आजाद सिपाही)।** पंसस एवं विधायक प्रतिनिधि अजय दास ने बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो को पत्र सौंपते हुए कक्षा एक से 8वीं तक के स्कूली पाठ्यक्रम में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र से संबंधित अध्याय को शामिल कराने का आग्रह किया है। अजय दास ने अपने पत्र में लिखा कि डॉ अंबेडकर न केवल भारतीय संविधान के निर्माता हैं, बल्कि उन्हें संविधान का जनक भी कहा जाता है। उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति समर्पण और सामाजिक सुधारों में योगदान आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। वे बचपन में जिन विषम सामाजिक परिस्थितियों से गुजरे, उसके बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक महान शिक्षाविद् के रूप में पहचान बनाई। यह भी उल्लेख किया कि आज पूरी दुनिया में डॉ अंबेडकर के विचारों को पढ़ा और समझा जा रहा है। ऐसे में यह आवश्यक है कि झारखंड शिक्षा परियोजना और झारखंड शैक्षिक अनुसंधान परिषद द्वारा जारी पाठ्यक्रमों में बाबा साहब से संबंधित प्रेरणादायक प्रसंगों और कहानियों को स्थान दिया जाए। उनका मानना है कि यदि बाबा साहब के जीवन से जुड़ी शिक्षाएं विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर पर ही दी जाएं, तो यह न केवल उनके नैतिक और बौद्धिक विकास में सहायक सिद्ध होगा, बल्कि वे शिक्षा के प्रति अधिक प्रेरित होकर आगे बढ़ सकेंगे। विधायक से अनुरोध किया कि इस महत्वपूर्ण विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि आने वाली पीढ़ी को डॉ भीमराव अंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन से मार्गदर्शन मिल सके।

## बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था पर पूर्व मंत्री ने विद्युतकर्मियों को लगायी फटकार



**नावडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** पिछले कई दिनों से नावाडीह और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की लचर स्थिति से नाराज ग्रामीणों की शिकायत पर पूर्व मंत्री सह बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष बेबी देवी शुक्रवार की दोपहर विद्युत सब स्टेशन खरपीटो पहुंची और विद्युतकर्मियों को जमकर फटकार लगाई। साथ ही जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कराने का निर्देश दिया। इस बीच विद्युत कर्मियों ने जानकारी दी कि निमियाघाट थाना अंतर्गत केंदुआडीह के पास एचटी लाइन के टूटे तार को जोड़ने का काम चल रहा है। काम पूरा होते ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। उधर, 26 घंटे बाद लगभग करीब एक बजे बिजली आपूर्ति बहाल हो गई। इस मौके पर प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष गणेश महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सोनाराम हेंब्रम, कोषाध्यक्ष विजय महतो, सुरही पंचायत के मुखिया विश्वनाथ महतो, तापेश्वर महतो, भुनेश्वर महतो, मंटू नायक, विनोद प्रजापति, जयलाल महतो, राधेश्याम कानू और हरि महतो आदि मौजूद थे।

## कथारा ओपी परिसर में सीओ ने सुनी लोगों की समस्याएं

**कथारा/बेरमो (आजाद सिपाही)।** गोमिया सीओ आफताब आलम ने शुक्रवार को कथारा ओपी परिसर में जनसुनवाई की। जिसमें कुल छह मामलों से संबंधित आवेदन आया। इसमें अधिकांश मामलों का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया। बोकारो डीसी के निर्देश पर जिले के विभिन्न अंचलों में विवादों के निपटारे को लेकर सप्ताह में दो दिन सीओ द्वारा जनसुनवाई आयोजित किया जाना है। इसी के आरोप में जनसुनवाई की गई। जिसमें भूमि संबंधित विवाद, आपसी बंटवारे तथा पारिवारिक विवाद से संबंधित कुल छह आवेदन की सुनवाई की गई।

# राष्ट्रपति जी की मेजबानी करना सम्मान और जीवन भर का यादगार अनुभवः डीसी







आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आइआइटी आइएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने शुक्रवार िक भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर से बरवाअड्डा एयरपोर्ट पहुंची। इस अवसर पर डीसी आदित्य रंजन ने राष्ट्रपति को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रपति का कारकेड एयरपोर्ट से सिटी सेंटर चौक, लुबी सर्कुलर रोड, रणधीर वर्मा चौक होते हुए आईआईटी आईएसएम के मुख्य समारोह स्थल पहुंचा। सबसे पहले राष्ट्रपति ने गोल्ड मेडलिस्ट के साथ फोटोशूट कराया। इसके बाद उन्होंने अटल कम्युनिटी इन्नोवेशन सेंटर आईआईटी आईएसएम फाउंडेशन के अंतर्गत कार्यरत जनजातीय महिलाओं द्वारा सामुदायिक नवाचार पर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। राष्ट्रपति ने यहां निर्मित हस्तशिल्प वस्तुओं को देखा और इसकी सराहना की। इसके बाद एकेडमिक प्रोसेशन में शामिल होकर मुख्य समारोह स्थल में प्रवेश कर मंच पर पहुंची। जहां से राष्ट्रपति ने संस्थान के 100 गौरवशाली वर्ष पूरे होने पर एक डाक टिकट का विमोचन किया। साथ ही 20 गोल्ड मेडलिस्ट को स्वर्ण पदक प्रदान किया। उन्होंने अपने अभिभाषण में सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। छात्र-छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने, अपने ज्ञान को जनहित का माध्यम बनाने, ग्रीन इंडिया का निर्माण करने, भारत में हो रहे ऐतिहासिक परिवर्तन का सहभागी बनने का आह्वान किया। इसके बाद राष्ट्रपति का कारकेड वापस बरवाअड्डा एयरपोर्ट पहुंचा। जहां से वे हेलीकॉप्टर में सवार होकर धनबाद से रवाना हुईं। उधर, राष्ट्रपति के जाने के बाद डीसी ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने सभी अधिकारियों और सहकर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी की सच्ची लगन, कड़ी मेहनत और परिश्रम के कारण राष्ट्रपति जी का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। राष्ट्रपति की मेजबानी करना वाकई एक सम्मान और जीवन भर का यादगार अनुभव है।

### एसएसपी ने राष्ट्रपति का किया स्वागत

आइआइटी आइएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने शुक्रवार को धनबाद पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बरवाअड्डा हवाईअड्डे पर वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। एसएसपी ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई दी। कहा कि सभी की सच्ची लगन, कड़ी मेहनत और परिश्रम के कारण राष्ट्रपति का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। राष्ट्रपति की मेजबानी करना वाकई एक सम्मान और जीवन भर का यादगार अनुभव है।

# दुर्घटनाग्रस्त ठेका श्रमिकों के स्वास्थ्य लाभ की जिम्मेवारी लेना बीएसएल प्की नैतिक जिम्मेवारी

## समाहरणालय में आयोजित जनता दरबार में 36 से ज्यादा मामलों पर डीसी ने की सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय परिसर शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में कुल 36 से अधिक मामलों पर सुनवाई हुई। इनमें बीएसएल (बोकारो स्टील प्लांट) में कार्यरत ठेका श्रमिकों से संबंधित मामले भी शामिल रहे। जिन्होंने दुर्घटना के बाद समुचित उपचार-आर्थिक सहायता का अभाव, परिवार के भरण-पोषण की समस्या आदि की शिकायतें डीसी अजय नाथ झा के समक्ष रखी गई। ठेका श्रमिक स्टेशन रोड कुमीर्डीह निवासी रघुनाथ गोराई और मुकेश कुमार की मां धनपति देवी ने बताया कि बीएसएल के ठेका कंपनियों के माध्यम से प्लांट में कार्य करने के दौरान वह दुर्घटनागस्त हो गये थे। रघुनाथ का दोनों पैर कट गया है। वहीं, मुकेश कुमार की मां धनपति देवी ने बताया कि मुकेश के आंखों की रौशनी चली गई है। दोनों ने बताया कि घटना के समय कंपनी द्वारा जो तय किया गया, उसका अनुपालन नहीं हो रहा है। उन्हें लंबे समय तक इलाज की जरूरत है, लेकिन



महिला की शिकायत सुनते बोकारो डीसी अजय नाथ झा।

संबंधित कंपनी किसी भी तरह की सहायता देने में आनाकानी कर रही है। उधर, पैर एवं आंख से दिव्यांग हो जाने के कारण परिवार के समक्ष भरण-पोषण की भी समस्या उत्पन्न हो गई है। इस पर डीसी ने गंभीर रुख अपनाते हुए कहा कि बीएसएल में कार्यरत कोई भी कर्मी चाहे वह स्थायी हो या ठेका श्रमिक बीएसएल परिवार का हिस्सा है। ऐसे में किसी भी दुर्घटना की स्थिति में उसका इलाज कराना और उसका साथ देना प्रबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है। डीसी ने ऐसे मामलों का संवेदनशीलता से निष्पादन के लिए बीएसएल प्रबंधन को इस दिशा में कार्रवाई करने एवं एक स्पष्ट नीति बनाने को कहा। उन्होंने दोनों मामलों की जांच एवं बीएसएल प्रबंधन से इस बाबत पत्राचार करने के लिए डीपीएलआर मेनका एवं चास अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढ़ांडा को निर्देशित किया। वहीं, जिला प्रशासन की ओर से दोनों दिव्यांग ठेका श्रमिकों की क्या सहायता की जा सकती हैं, इस बाबत जरूरी निर्देश दिया और सप्ताह भर में इसे सुनिश्चित करने को कहा। डीसी ने विभिन्न मामलों की सुनवाई के क्रम में कहा कि प्रखंड एवं जिला स्तर के अधिकारी आम जन की समस्याओं के प्रति विनम्र, संवेदनशील और सहयोगात्मक रुख रखें। कोयला डस्ट ढुलाई कर रहे भारी वाहनों से उड़ती डस्ट से आम नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है, इस बाबत शिकायत पर उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी और जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे सभी वाहनों पर तिरपाल कवर करना सुनिश्चित करें। जनता दरबार पहुंचें माराफारी निवासी सकल देव सिंह ने डीसी से बल्ड प्रेशर (बीपी) का दवा नहीं मिलने की शिकायत की। इस पर उन्होंने तुरंत सदर अस्पताल प्रबंधन को दवा उपलब्ध कराने को कहा। मौके पर डीपीएलआर निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार आदि मौजूद थे।

## फॉरेस्ट विभाग ने पक्षी विक्रेता को पकड़ा

**झरिया/जोरापोखर (आजाद सिपाही)।** डिगवाडीह गणेश पूजा सर्कस मैदान के निकट गुप्त सूचना के आधार पर फॉरेस्ट विभाग की टीम ने एक पक्षी विक्रेता को पकड़ लिया है। टीम में एएसआई महावीर गोराई, प्रभाकर वर्णवाल शामिल थे। विक्रेता के पास से दो दर्जन तोता जप्त किया। हालांकि पक्षी विक्रेता से तोता जप्त किए जाने पर सैकड़ो स्थानीय लोगों ने फॉरेस्ट विभाग की कार को घेर लिया। लोग गरीब से जप्त तोते को छोड़ने की मांग करने लगे। इसी क्रम में टीम ने जोरापोखर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हुआ। अधिकारी ने बताया कि तोता बेचने पर प्रतिबंध है। जिस कारण जप्त किया गया है।

## लोहा चोरी और मारपीट के आरोप में एक गिरफ्तार

**धनसार (आजाद सिपाही)।** होरलाडिह कोलियरी में लोहा चोरों को पकड़ना ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। दो दिन पहले लोहा चोरी के आरोपी सहमत अंसारी उर्फ डगा ने अपने सहयोगियों के साथ होरलाडिह के अरमान एवं मासूम साह की उपरकुलही के पास पिटाई कर बुरी तरह घायल कर दिया। उसके बाद होरलाडिह के ग्रामीण जमसं नेता शशि सिंह के साथ बोरागढ़ ओपी में शिकायत किये। शशि ने आरोपियों को गिरफ्तारी की मांग की है। इसके बाद झरिया और बोरागढ़ पुलिस रेश हो गई। बोरागढ़ पुलिस ने गुरुवार की रात शमशेर नगर में छापामारी कर डगा को गिरफ्तार कर लिया।

# बोकारो पहुंचे सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी

## बीएसएल सतर्कता विभाग के इ-विजिल मॉड्यूल का किया उद्घाटन

- अन्य कार्यक्रमों में भी हुए शामिल, आज प्लानिंग इंजीनियर्स को करेंगे संबोधित

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) एसएन गुप्ता गुरुवार की देर शाम बोकारो पहुंचे। उनके आगमन पर बोकारो स्टील प्लांट के शीर्ष प्रबंधन के साथ निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने बोकारो निवास में उनका स्वागत किया। शुक्रवार को उन्होंने जैविक उद्यान में वृक्षरोपण किया और जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद बोकारो निवास में बीएसएल के सतर्कता विभाग की ओर से सेल के सतर्कता विभाग के अधिकारियों द्वारा आयोजित दो दिवसीय एलइओ (लर्निंग फ्रॉम इच अदर) कार्यशाला में बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान एसएन गुप्ता ने बीएसएल सतर्कता विभाग के ई-विजिल मॉड्यूल का उद्घाटन भी किया। उल्लेखनीय है कि एलइओ



कार्यशाला में सेल के विभिन्न संयंत्र एवं यूनिट के सतर्कता विभाग के अधिकारी शामिल हो रहे हैं। अपने बोकारो दौरे के क्रम में एसएन गुप्ता ने बीएसएल के इस्पात भवन स्थित मॉडल कक्ष में प्लांट के ले-आउट और उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान बीएसएल के निदेशक प्रभारी सहित अधिशासी निदेशक, बीएसएल के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीवीओ) ज्ञानेश झा एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने बोकारो स्टील प्लांट के कोक ओवन, ब्लास्ट फर्नेस, एसएमएस-2 एंड सीसीएस और कोल्ड रोलिंग मिल-3 जैसे कुछ प्रमुख इकाइयों का भ्रमण किया और उत्पादन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बोकारो निवास में बीएसएल के अधिशासी निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक और विभागाध्यक्ष स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक बी की। बतातें चलें कि मुख्य सतर्कता अधिकारी एसएन गुप्ता शनिवार को बीएसएल के प्लानिंग इंजीनियर्स को भी संबोधित करेंगे। साथ ही अन्य बैठकों में भी शामिल होंगे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा**
**( E -MAIL ID – midloh632@gmail.com)**

(जिला योजना अनाबद्ध निधि के अन्तर्गत)

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या MID/LOHARDAGA/F2–04/2025-26

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................................/

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 04.08.2025 से 08.08.2025 (कार्यालय अवधि में)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 11.08.2025 अपराह्न 2:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 11.08.2025 अपराह्न 4:00 बजे
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
6. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
7. कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | पंचायत/ वार्ड | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र की मूल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 1. | ग्राम – बाघी ठेका टोली में रामकेश्वर उराँव के घर से सुकरा उराँव के घर की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | गुड़ी | कैरो | 698300.00 | 1250.00 | 14000.00 | 02 माह |
| 2. | बक्सीडीपा वार्ड नं0 – 20 में रितेश उराँव के घर से लेकर मुकेश उराँव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | नगर परिषद् | लोहरदगा | 1044100.00 | 2500.00 | 21000.00 | 02 माह |

निविदा की शर्तें WWW. jharkhand.Gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 358715 Lohardaga(25-26).D



**महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक का कार्यालय, झारखण्ड, राँची**

सूचना पट्ट निविदा सं0– 18/2025–26

पुलिस मुख्यालय, रक्षित परिवहन, झारखण्ड, राँची के अंतर्गत संचालित Scorpio वाहन में उपयोग होने वाले टायर–ट्यूब का क्रय/आपूर्ति हेतु GST निबंधित फर्मो से दिनांक–11.08.2025 को समय 16:00 बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0स0 | वाहन का प्रकार | Specifications | | टायरों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Scorpio | Tyre Size | 235/70R16 | 17 |
| | | Load Index | 105 or above | |
| | | Max Load Carrying Capacity | 925 Kg or above | |
| | | Max Speed | 180 km/hr or above | |
| | | Tread Depth | 10.2 mm or above | |
| | | Warranty | 2 years or above | |
| | | Tyre Uses | 75% or above | |

नियम एवं शर्तें:–

1. ईच्छुक फर्म अपने लेटर पैड पर निविदा दो भाग–तकनीकी एवं वित्तीय भाग में देंगे। तकनीकी भाग में GST ,पैन नम्बर तथा पूर्व में किसी सरकारी संस्थान में समरूप सामग्री की आपूर्ति संबंधी प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
2. इस निविदा में टायर (MRF, Appolo, CEAT, Bridgestone, JK Tyre) के उत्पादनकर्त्ता/अधिकृत विक्रेता/आपूर्तिकर्त्ता ही निविदा समर्पित कर सकते हैं। उत्पादनकर्त्ता को OEM Certificate तथा अधिकृत विक्रेता/आपूर्तिकर्त्ता को Manufacturer Authorization Certificate समर्पित करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा के दोनों भाग (तकनीकी एवं वित्तीय) को अलग–अलग लिफाफा में सील कर दोनों के उपर अलग–अलग यथा "तकनीकी भाग" एवं वित्तीय भाग" लिख कर एक अन्य लिफाफा में डालकर और उसे भी सील कर पुलिस महानिरीक्षक(प्रोविजन), झारखण्ड, राँची के पदनाम से उनके गोपनीय कार्यालय, पुलिस मुख्यालय में कार्यालय अवधि में समर्पित करेंगे। लिफाफा के उपर फर्म का नाम लिखा होना अनिवार्य होगा।
4. **परिशिष्ट–1** के रूप में संलग्न विहित प्रपत्र के अनुसार निविदा समर्पित करेंगे। वित्तीय भाग में अंकित दर अंको/अक्षरों में होगी और उसमें कोई कटींग अथवा ओभर राईटींग मान्य नहीं होगा। ऐसी निविदा को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
5. उक्त **Specification** के अनुरूप टायर की आपूर्ति करना अनिवार्य होगा। Specification के अनुरूप आपूर्ति नहीं करने पर आपूर्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।
6. आपूर्ति किये जाने वाले टायर नये एवं अच्छी स्थिति में होने चाहिए। Refurbished & Retreaded Tyre को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
7. उक्त टायरों की आपूर्ति तथा Installation का कार्य कार्यादेश निर्गत होने के उपरांत पुलिस मुख्यालय रक्षित परिवहन, झारखण्ड, राँची में अविलम्ब करना होगा। टायरों की आपूर्ति के समय ही पुलिस महानिरीक्षक(प्रोविजन), झारखण्ड, राँची के पदनाम से Warranty Certificate समर्पित करना होगा।
8. ईच्छुक फर्म का सर्विस सेंटर/Dedicated Manpower राँची में होना अनिवार्य है।
9. निविदा का तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग दिनांक–12.08.2025 को समय 12:00 बजे Procurement Committee के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। निविदा खुलने के समय निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
10. निविदा समर्पित करने के पश्चात् निविदा से संबंधित किसी प्रकार का कागजात स्वीकार नहीं किया जायेगा।
11. महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि बिना कारण बताये निविदा को रद्द कर सकेंगे। साथ ही झारखण्ड सरकार के द्वारा कोई भी सरकारी क्रय संबंधी नीतिगत निर्णय या अनुदेश प्राप्त होने पर उसके अनुसार ही कार्रवाई की जाएगी।
12. सम्पूर्ण निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट–1 सहित) झारखण्ड पुलिस के बेवसाइट www.jhpolice.gov.in पर उपलब्ध है। कार्यालय दिवस के दौरान पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, राँची से भी सम्पूर्ण निविदा दस्तावेज प्राप्त किया जा सकता है।

पुलिस महानिरीक्षक(प्रोविजन),
झारखण्ड, राँची

PR 358755 Police(25-26)#D

## दिल्ली में 71वें नेशनल अवॉर्ड्स का किया गया एलान

# शाहरुख पहली बार बेस्ट एक्टर



- 12वीं फेल के लिए विक्रांत मैसी को भी मिला अवॉर्ड
- रानी मुखर्जी बेस्ट एक्ट्रेस, कटहल बेस्ट हिंदी फिल्म

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली/मुंबई।** दिल्ली में शुक्रवार को 71वें नेशनल अवॉर्ड्स का एलान हुआ। शाहरुख खान और विक्रांत मैसी संयुक्त रूप से बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला है। शाहरुख को फिल्म जवान और विक्रांत मैसी को '12वीं फेल' के लिए पुरस्कार मिला। फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया गया है। शाहरुख खान, विक्रांत मैसी और रानी मुखर्जी तीनों को पहली बार नेशनल अवॉर्ड मिला है। कटहल को बेस्ट हिंदी फिल्म का अवॉर्ड दिया गया है। हिंदी फिल्म 'सिर्फ एक बंदा काफी है' को बेस्ट डायलॉग के लिए पुरस्कार मिला। इस फिल्म के डायलॉग दीपक किंगरानी ने लिखे हैं।

**शाहरुख खान और विक्रांत मैसी को पहली बार मिली अवॉर्ड :** 71वें नेशनल अवॉर्ड में बेस्ट एक्टर के लिए शाहरुख खान और विक्रांत मैसी को संयुक्त रूप से अवॉर्ड दिया गया है। शाहरुख को उनकी फिल्म 'जवान' और विक्रांत को '12वें फेल' के लिए अवॉर्ड मिला है। 'जवान' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म थी। इस फिल्म में शाहरुख डबल रोल में नजर आए थे।

वहीं, विक्रांत की फिल्म बायोग्राफिकल ड्रामा थी। ये फिल्म आईपीएस ऑफिसर मनोज कुमार शर्मा और उनकी वाइफ आईआरएस ऑफिसर श्रद्धा जोशी के जीवन से प्रेरित थी।

### रानी मुखर्जी को भी पहली बार मिला है अवॉर्ड

रानी मुखर्जी के 25 साल के करियर में ये उनका पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार है। उनकी फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' सच्ची घटना पर आधारित लीगल ड्रामा है। फिल्म सॉफ्टवेयर इंजीनियर सागरिका चक्रवर्ती की आत्मकथा 'द जर्नी ऑफ ए मदर' से प्रेरित है। फिल्म में रानी ने सागरिका का रोल निभाया है। साल 2011 में जब सागरिका अपने पति अनुरूप भट्टाचार्य के साथ नॉर्वे में रहती थीं, तब उनके बच्चों को नॉर्वे के अधिकारियों ने ले लिया था। फिल्म में उसके बाद जो भी हुआ, उसे दिखाया गया है।

## चुनाव आयोग ने जारी की बिहार की नयी वोटर लिस्ट

### कुल 65 लाख वोटरों के नाम कटे

- सारण में 2.73 लाख, किशनगंज में 1.46 लाख नाम हटे

**आजाद सिपाही संवाददाता**


**पटना।** बिहार में चुनाव आयोग ने शुक्रवार को नयी वोटर लिस्ट जारी कर दी है। इसे सभी 38 जिलों के जिला अधिकारियों ने राजनीतिक पार्टियों से साझा किया। नयी लिस्ट चुनाव आयोग की वेबसाइट पर भी प्रकाशित हो गयी है। बिहार में कुल 65 लाख मतदाताओं के नाम लिस्ट से कटे हैं। नयी लिस्ट प्रदेश में चलाये गये घर-घर मतदाता सत्यापन अभियान के आधार पर तैयार की गयी है। मतदाता को यदि वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, हटाने या गलत जानकारी को लेकर शिकायत है, तो उन्हें सुधार का एक मौका मिलेगा। इसे लेकर दो अगस्त से एक सितंबर 2025 तक विशेष कैंप लगाये जायेंगे, जहां मतदाता अपने दावे और आपत्तियां दर्ज करवा सकेंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किशनगंज की चारों विधानसभा में लगभग 1,45,913 कुल मतदाता का नाम लिस्ट में नहीं है। इसमें मृतक, पलायन कर चुके, लापता या डुप्लीकेट (2-2 जगह) नाम वाले मतदाता शामिल हैं। वहीं,



सहरसा की चार अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में कुल 13,91,674 वोटर थे, लेकिन स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआइआर) के बाद 12 लाख 60 हजार 78 मतदाता रह गये हैं। एक लाख 31 हजार 596 मतदाताओं का नाम इस जिले में कटा है। खगड़िया में 79,551 मतदाता, सारण में 2.73 लाख, शेखपुरा में 26,256, बक्सर में 87,645, सुपौल में एक लाख 28 हजार 207, भागलपुर में कुल दो लाख 44 हजार 612 मतदाताओं के नाम कटे हैं। चुनाव आयोग के बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन के पहले चरण के आंकड़े के अनुसार कुल मतदाताओं की संख्या घटकर 7.24 करोड़ रह गयी है, जबकि पहले यह आंकड़ा 7.89 करोड़ था, यानी करीब 65 लाख मतदाताओं के सूची से हटाये गये हैं।

## उपराष्ट्रपति चुनाव 9 सितंबर को, नामांकन 21 अगस्त तक




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव 9 सितंबर को होगा। 21 अगस्त तक उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन भरे जाएंगे। जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दिया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 22 जुलाई को धनखड़ का इस्तीफा मंजूर कर लिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

रिपोर्ट्स के अनुसार भाजपा नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन की ओर से कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत या सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर उपराष्ट्रपति कैंडिडेट हो सकते हैं। इनके अलावा, राज्यसभा के मौजूदा उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह का नाम भी चर्चा में हैं। वहीं, आइएनडीआइए ब्लॉक की सभी पार्टियां मिलकर एक ज्वाइंट कैंडिडेट उतार सकती हैं।





































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**